* ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

07 अप्रैल, 2024
चैत्र, कृष्ण पक्ष, त्रयोदशी
संवत 2080
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 09, अंक 166

कलम कलम बढ़ाये जा

आजाद सिपाही

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भाजपा पर साधा निशाना

भाजपा की गारंटी सिर्फ लूट की: चंपाई

- जगरनाथ महतो की पहली पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता

बेरमो। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि भाजपा वालों की नजर हमेशा झारखंड की संपत्ति पर गिद्ध जैसी नजर रहती थी। भाजपा ने सिर्फ झूठ बोलकर जनता को ठगने का काम किया। सबसे ज्यादा भाजपा ने राज किया, लेकिन झारखंड के लोगों की स्थिति बद से बदतर होती गयी। यहां के मूलवासियों को विकास से हमेशा दूर रखा गया। हमने सबसे पहले यहां की शिक्षा को सुधारने का काम किया, ताकि आदिवासी-मूलवासी पढ़ेंगे, तो रोजगार पायेंगे। बिना वजह के और बिना दोष साबित हुए ही हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया गया। हेमंत सोरेन ने आदिवासियों, गरीबों को रोटी कपड़ा मकान देने का काम किया, इसलिए भाजपा वालों को वो नहीं पच रहा था। भाजपा सिर्फ झूठी गारंटी देने का काम करती है। मुख्यमंत्री शनिवार को पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो की पहली पुण्यतिथि पर आयोजित सभा में बोल रहे थे। चंपाई सोरेन ने कहा कि जगरनाथ महतो जब तक रहे, मरते दम तक लोगों के बारे में ही सोचते रहे। पारा शिक्षक, स्कूली शिक्षा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, स्थानीय नीति आदि जनहित से जुड़े हर मुद्दे को लेकर आखिरी सांस तक सोचते रहे। चंपाई ने कहा कि भाजपा की गारंटी क्या चीज की है, जनता को मालूम है। क्या जनता को ठगने की गारंटी है। पीएम आवास का पैसा झारखंड को देना बंद करा दिया। 2022 तक सबको पक्का मकान देने की गारंटी दी गयी थी लेकिन मिली क्या। हमने गरीबों को तीन कमरे का मकान अबुआ आवास देना शुरू किया। पूर्व शिक्षा मंत्री दिवंगत जगरनाथ महतो की पहली पुण्यतिथि पर अलारगो के पास सिंगारीमोड़ स्थित बीएड कॉलेज परिसर के समाधि स्थल पर शनिवार को श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इसमें मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के अलवा स्व. महतो की पत्नी बेबी देवी, मंत्री बसंत सोरेन, विधायक मथुरा प्रसाद महतो, सुदीव्य कुमार सोनू के अलावा अन्य गणमान्य लोग शामिल हुए। उन्होंने जगरनाथ महतो के समाधि स्थल पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

राज्य के साथ केंद्र कर रहा सौतेला व्यवहार: कल्पना

पहली बार झामुमो कार्यालय पहुंची कल्पना, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओ से किया संवाद

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन शनिवार को पहली बार झामुमो के प्रदेश कार्यालय पहुंचीं। यहां उन्होंने पार्टी के जिला पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ संवाद किया। इस दौरान 21 अप्रैल को होने जा रही उलगुलान रैली को सफल बनाने पर चर्चा की। कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम में राज्य के सात जिला से आये पार्टी समर्थकों ने हिस्सा लिया। संवाद कार्यक्रम के बाद कल्पना सोरेन ने कहा कि हमने कार्यकर्ताओं से उलगुलान रैली को लेकर बात की। हमने उनसे रैली में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने का अनुरोध किया। हेमंत सोरेन का राज्य को लेकर जो सपना रहा था, उसे बीच में बाधित किया गया। उसे हम उलगुलान रैली के माध्यम से पूरे राज्य सहित देश को बतायेंगे कि केंद्र सरकार किस तरीके से झारखंड के साथ सौतेला व्यवहार कर रही है। संवैधानिक पद पर बैठे हेमंत सोरेन को जेल में डाला। इन्होंने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को जेल में डाला। ऐसे में यह महज रैली नहीं बल्कि उलगुलान है। इसे कैसे सफल बनाया जाये, इस पर पार्टी कार्यकर्ताओं से बात की।

सात जिलों के पार्टी के पदाधिकारी हुए शामिल

कल्पना सोरेन ने सात जिला के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की। इसमें सिमडेगा, लातेहार, खूंटी, चतरा, रांची, धनबाद, गुमला जिला शामिल है। वहीं, वह रविवार को भी पदाधिकारियों से बात करेंगी। झामुमो के रांची जिला महासचिव डॉ हेमलाल मेहता के अनुसार कल्पना सोरेन रविवार को केंद्रीय कार्यालय में हजारीबाग, रामगढ़, बोकारो, गढ़वा, पलामू, कोडरमा, गिरिडीह, पश्चिमी सिंहभूम और पूर्वी सिंहभूम जिलों के जिलाध्यक्ष, जिला महासचिव और पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी।

21 अप्रैल को होगी उलगुलान महारैली

झामुमो ने 21 अप्रैल को रांची के प्रभात तारा मैदान में उलगुलान महारैली का ऐलान किया है। जानकारी के मुताबिक मुंबई और दिल्ली में हुए इंडिया ब्लॉक की महारैली की तर्ज पर केंद्र सरकार के खिलाफ महारैली आयोजित की जा रही है। इस महारैली में के इंडी ब्लॉक के बड़े नेताओं को शामिल होने का न्योता दिया जायेगा।

रमना और गढ़वा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में हमलावार हुए बाबूलाल

महागठबंधन परिवारवाद, लूट और भ्रष्टाचार की गारंटी चाहता है : मरांडी

प्रदेश अध्यक्ष ने कहा : अरविंद केजरीवाल से हेमंत सोरेन तक की एक जैसी कहानी, कांग्रेस भी पीछे नहीं

विजय प्रताप देव

गढ़वा (आजाद सिपाही)। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि परिवारवाद, लूट और भ्रष्टाचार की गारंटी महागठबंधन चाहता है। दिल्ली से लेकर झारखंड तक की एक ही कहानी है। दिल्ली में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी से लेकर झारखंड में झामुमो और राजद एक ही थाली के चट्टेबट्टे हैं। अरविंद केजरीवाल से लेकर हेमंत सोरेन तक की एक जैसी कहानी है। कांग्रेस भी इसमें पीछे नहीं है। बाबूलाल शनिवार को गढ़वा जिला में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के रमना प्रखंड और गढ़वा जिला मुख्यालय के उत्सव गार्डेन में आयोजित बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। बाबूलाल ने विपक्ष पर निशाना साधा, तो कार्यकर्ताओं में जोश भी भरा। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी ताकतें प्रधानमंत्री मोदी के विरुद्ध एकजुट होकर काम कर रही हैं। जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः पीएम के कुर्सी पर देखना नहीं चाहते हैं। ऐसे लोगों से सजग और सावधान रहने की जरूरत है। ऐसा इसलिए है क्योंकि मोदी ने पिछले 10 वर्षों में देश की तस्वीर बदल दी है। देश में राम मंदिर का मामला हो, धारा 370 का मामला हो या 35 ए का मामला, या फिर पाकिस्तान के विरुद्ध दिया गया मुंहतोड़ जवाब का मामला हो। विदेशी ताकतों को ये बर्दास्त नहीं हो रहा है। विदेशी ताकत यह सब देखकर चिढ़ी हुई हैं। ऐसी विदेशी एजेंसियां पीएम मोदी को पुनः पीएम की कुर्सी पर आसीन होने देना नहीं चाहती। जिसके विरुद्ध हम देशवासियों को एकजुट होकर उन्हें मुंहतोड़ जवाब देना है । बाबूलाल मरांडी ने कहा कि पिछले 10 वर्षों के अंदर संसार के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अद्भुत कार्य हुए हैं। इसलिए 2024 के चुनाव को असाधारण चुनाव के रूप में देखा जा रहा है। दुनिया की निगाह भारत पर टिकी हुई है। कुछ विदेशी ताकतें भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र के रूप में देखना नहीं चाहती हैं।

10 प्रतिशत वोट ज्यादा मिले, यह हो प्रयास

बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इस बार पिछले लोकसभा चुनाव में हुए मतदान की तुलना में 10 प्रतिशत ज्यादा वोट भाजपा भाजपा को मिले, ऐसा प्रयास सभी कार्यकर्ताओं को करना है। उन्होंने कहा 2019 के चुनाव में 63% मत भाजपा के सांसद प्रत्याशी वीडी राम को मिला था। इस बार 10% बढ़ा कर 73% करने की पूरी कोशिश सभी कार्यकर्ता मिलकर करनी होगी। उन्होंने हेमंत सरकार पर प्रहार करते हुए कहा हेमंत सोरेन जेल में क्यों हैं, यह इडी की चार्जशीट को पढ़कर सभी को पता चल जायेगा। उन्होंने वर्तमान सीएम चंपाई सोरेन को आगाह करते हुए कहा कि वह मामले की जांच सीबीआइ से अपने कार्यकाल में करवा दें। अन्यथा मामले को दबाने के जुर्म में उन्हें भी जेल की हवा खानी पड़ेगी।

कार्यक्रम में हुए शामिल

कार्यक्रम को प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, सांसद प्रत्याशी विष्णु दयाल राम, भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप शाही, भाजपा के वरिष्ठ नेता सह प्रदेश कर समिति सदस्य अलखनाथ पांडेय, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी, पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, शारदा महेश प्रताप देव सहित कई नेताओं ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष ठाकुर प्रसाद महतो ने की, जबकि संचालन जिला सचिव संतोष कुमार दुबे और विकास स्वदेशी ने किया।

कल-कारखाने खुलवायेंगे : वीडी राम

वहीं सांसद प्रत्याशी वीडी राम ने कहा कि आने वाले दिनों में भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में कल-कारखाने खुलवाने का प्रयास करेंगे, ताकि यहां के युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सके। उन्होंने अपनी उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि मैंने रेलवे परिचालन से लेकर रेलवे के ठहराव को लेकर कई कार्यो को किये।

एनएच 75 के निर्माण में काफी मशक्कत की, तब जाकर यह निर्माण कार्य पुनः शुरू हो पाया है।

दिल्ली में बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाला गैंग पकड़ा गया

सात गिरफ्तार, तीन नवजात मिले

माता-पिता से बच्चा लेकर 5-6 लाख में बेचते थे

आजाद सिपाही संवाददाता

नयी दिल्ली। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआइ) ने बच्चों की खरीद-बिक्री करने वाले गैंग का भंडाफोड़ किया है। जांच एजेंसी ने दिल्ली और हरियाणा में सात जगहों पर रेड की थी। इस दौरान दिल्ली के केशवपुरम स्थित एक घर से तीन नवजात को बरामद किया गया। इनमें दो लड़के हैं, जिनमें एक डेढ़ दिन और दूसरा 15 दिन का है। एक बच्ची करीब महीने भर की है। सीबीआइ ने एक अस्पताल के वार्ड ब्वाय समेत सात लोगों को भी गिरफ्तार किया है। इनमें पांच महिलाएं शामिल हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आरोपियों का गिरोह बच्चों के असली माता-पिता या सरोगेट मां से उन्हें खरीदते थे। फिर सोशल मीडिया ऐड के जरिये निःसंतान दंपत्तियों को बेच देते थे। एक बच्चे की कीमत 4 से 6 लाख रुपये लगायी जाती थी। गिरफ्तार किये गये लोगों की पहचान दिल्ली के पश्चिम विहार की इंदु पवार, पटेल नगर के असलम, कन्हैया नगर की पूजा कश्यप, मालवीय नगर की अंजलि, कविता और रितु और हरियाणा के सोनीपत के नीरज के रूप में की गयी है। सीबीआइ के मुताबिक, आरोपी ब्लैक मार्केट में सामान की तरह बच्चों का सौदा करते थे। अकेले मार्च में लगभग 10 बच्चे बेचे गये। सर्च ऑपरेशन के दौरान 5.5 लाख कैश, कई दस्तावेज समेत आपत्तिजनक सामान बरामद किये हैं।

पलामू और जमशेदपुर से बरामद हुए ₹ 37.20 लाख

पलामू/जमशेदपुर। लोकसभा चुनाव को देखते हुए सीमावर्ती इलाकों में पुलिस लगातार जांच अभियान चला रही है। इस कड़ी में शनिवार को भी जमशेदपुर और पलामू पुलिस ने अलग-अलग जगहों पर वाहन जांच के दौरान 37.20 लाख रुपये बरामद हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार जमशेदपुर के आदित्यपुर थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा में एक कार से 22.30 लाख रुपये नकद बरामद किया। वहीं, पलामू में भी पुलिस को 15 लाख रुपये नकद मिले हैं। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।



तीसरे कार्यकाल के 100 दिन में बड़े फैसले लूंगा : मोदी

प्रधानमंत्री ने अजमेर में सभा को किया संबोधित

कहा, दस साल में भ्रष्टाचारियों पर जो कार्रवाई हुई वह ट्रेलर है

आजाद सिपाही संवाददाता

पुष्कर (अजमेर)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन में और बड़े फैसले लेने जा रहा हूं। मैं पूरी तैयारी करके बैठा हूं। दस साल में जो कार्रवाई हुई, वह ट्रेलर है। बहुत कुछ बाकी है। मोदी ने शनिवार को अजमेर के पुष्कर के मेला मैदान में चुनावी सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि भाजपा की सरकार देश के 80 करोड़ जरूरतमंदों को मुफ्त अनाज देती है। दस साल में 30 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा गरीबों के खाते में सीधे भेजे हैं। कांग्रेस की सरकार में पैसा बीच में लूट लिया जाता था। कांग्रेस के एक पीएम ने कहा था कि दिल्ली से 1 रुपये भेजते हैं तो 15 पैसा पहुंचता है। यदि 30 लाख करोड़ रुपये उनके पास होते तो क्या होता? आपके हक का पैसा सीधे कांग्रेस के बिचौलियों के पास जा रहा था।

मोदी ने कहा कि 5 अप्रैल को कांग्रेस ने झूठ का एक पुलिंदा जारी किया है। यह कांग्रेस को बेनकाब करने वाला घोषणा पत्र है। आप देखें कि हर पन्ने पर भारत के टुकड़े करने की बू आ रही है। कांग्रेस के घोषणा पत्र में वही सोच झलकती है, जो सोच आजादी के समय मुस्लिम लीग में थी।

वार-पलटवार

मोदी लोकतंत्र की मार्यादाओं का चीरहरण कर रहे: सोनिया

कांग्रेस नेता ने जयपुर में सभा को किया संबोधित

कहा, देश चंद लोगों की जागीर नहीं है, डरा रहे

आजाद सिपाही संवाददाता

जयपुर। कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने जयपुर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आरोपों का जवाब देते हुए कहा कि देश से ऊपर कोई नहीं होता, लेकिन मोदी खुद को महान मानते हैं। वे लोकतांत्रिक मयार्दाओं का चीरहरण कर रहे हैं, पूरे तंत्र में डर बैठा रहे, यह तानाशाही है। ये देश चंद लोगों की जागीर नहीं है। हमारे पूर्वजों ने इसे खून से सींचा है। ये देश हमारे बच्चों का आंगन है। इससे पहले जयपुर के विद्याधर नगर स्टेडियम में हो रही इस सभा में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी की टॉप लीडरशिप ने फिर से चुनावी घोषणा पत्र लांच किया।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सभी भ्रष्टाचारियों को अपनी पार्टी में ले रहे हैं। भाजपा सरकार आते ही राजस्थान में चिरंजीवी योजना बंद हो गयी और 25 लाख का बीमा अब 5 लाख हो गया। वहीं, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि मोदी जहां जाते हैं वहां नया झूठ बोलते हैं। उन्होंने जो गारंटियां दीं वे अब तक पूरी नहीं हुई हैं। वे केवल गांधी परिवार को गालियां देने का काम करते हैं। मोदी हमेशा लोगों को भ्रमित करते हैं।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
02

गिरिडीह के रण में इस बार होगी तीन कुर्मी दिग्गजों की जंग

■ चंद्रप्रकाश और मथुरा के मुकाबले को त्रिकोणीय बनायेंगे टाइगर जयराम

■ अपने अभेद्य गढ़ में आजसू को एक बार फिर से जीत दिला सकेगी भाजपा !

झारखंड में 'कुर्मी हार्टलैंड' के नाम से चर्चित और पूरी दुनिया में 'बेवकूफ होटल' के लिए प्रसिद्ध गिरिडीह लोकसभा सीट पर चुनावी मुकाबले की तस्वीर साफ हो गयी है। वास्तव में इस बार गिरिडीह में तीन कुर्मी दिग्गजों के बीच होनेवाली जंग बेहद दिलचस्प होनेवाली है। भाजपा ने पिछली बार की तरह ही अपने इस गढ़ को आजसू को सौंपा है, जिसने एक बार फिर चंद्रप्रकाश चौधरी पर भरोसा जताया है। उधर झामुमो ने टुंडी के विधायक मथुरा महतो को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। इन दोनों के मुकाबले को त्रिकोणीय ही नहीं, रोमांचक बनाने के लिए झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष जयराम महतो भी मुकाबले में उतर गये हैं। खतियानी नेता जयराम महतो को लोग 'टाइगर' के नाम से जानते हैं और हाल के दिनों में वह बड़ी तेजी से झारखंडी हितों के मुद्दे के साथ सियासी फलक पर उभरे हैं। कुर्मी बहुत गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र का चुनाव परिणाम उसी उम्मीदवार के पक्ष में होगा, जो अधिक से अधिक कुर्मी वोटरों को अपने पक्ष में कर पायेगा। तीन-तीन कुर्मी प्रत्याशियों के मैदान में उतरने की वजह से इस वोट बैंक का बंटवारा होना तय माना जा रहा है। एक ओर जहां आजसू के सामने सबसे बड़ी चुनौती भाजपा के वोटरों को अपने पाले में करने की होगी, वहीं झामुमो को अपने परंपरागत आदिवासी और मुस्लिम वोटरों पर दूसरे प्रत्याशियों की सेंधमारी रोकनी होगी। उधर जयराम महतो को अपनी सभाओं में उमड़ने वाली युवाओं की भीड़ को वोट में तब्दील कराने का दबाव रहेगा। इसलिए गिरिडीह के बारे में कहा जाता है कि झारखंड के 14 संसदीय क्षेत्रों में से यह संभवत: एकमात्र ऐसा क्षेत्र है, जहां किसी की नहीं चलती है और हर किसी की चलती है, यानी यह सीट 'ओपेन फॉर ऑल' है। क्या है गिरिडीह का चुनावी परिदृश्य और त्रिकोणीय मुकाबले में प्रत्याशियों की ताकत और कमजोरियां, बता रहे हैं **आजाद सिपाही के विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**

राकेश सिंह

झारखंड की गिरिडीह लोकसभा सीट की गिनती भाजपा के मजबूत गढ़ में तो होती है, लेकिन यह राज्य का एकमात्र संसदीय क्षेत्र है, जहां हर किसी का जोर है। इसलिए यहां की सियासत भी रोचक होती है और यहां का चुनावी मुकाबला भी रोमांचक होता है। गिरिडीह में वैसे तो आम तौर पर सीधे मुकाबले की परंपरा रही है, लेकिन इस बार यहां त्रिकोणीय मुकाबला होने जा रहा है। गिरिडीह के सीटिंग सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एक बार फिर आजसू प्रत्याशी के रूप में ताल ठोंक रहे हैं, तो झामुमो ने अपने कद्दावर नेता मथुरा महतो को प्रत्याशी बनाया है।

यह सीधा मुकाबला उस समय त्रिकोणीय बन गया, जब भाषा आंदोलन की सवारी कर सियासत में इंट्री करने वाले 'टाइगर' जयराम महतो ने मैदान में उतरने की घोषणा कर दी।

गिरिडीह का राजनीतिक इतिहास

गिरिडीह संसदीय क्षेत्र का राजनीतिक इतिहास बेहद रोचक रहा है। इस सीट से 1962 में स्वतंत्र पार्टी से बटेश्वर सिंह जीते थे। 1967 में सीट पर कांग्रेस के इम्तियाज अहमद का कब्जा हो गया। 1971 में कांग्रेस के ही टिकट पर चपलेंदू भट्टाचार्य जीते। 1977 में जनता पार्टी के टिकट पर रामदास सिंह जीते। 1980 में कांग्रेस के टिकट पर बिंदेश्वरी दूबे और 1984 में कांग्रेस के ही टिकट पर सरफराज अहमद जीतने में कामयाब हुए। 1989 में इस सीट पर भाजपा का खाता खुला और उसके टिकट पर रामदास सिंह जीतने में कामयाब हुए। 1991 में यह सीट झारखंड मुक्ति मोर्चा के पास चली गयी और उसके टिकट पर बिनोद बिहारी महतो जीते। इसके बाद कांग्रेस के दिग्गज नेता रहे कृष्ण मुरारी पांडेय के पुत्र रविंद्र कुमार पांडेय भाजपा में चले गये और उन्होंने लगातार तीन बार 1996, 1998 और 1999 में यहां से जीत हासिल की। 2004 में झामुमो के टेकलाल महतो जीतने में कामयाब हुए, लेकिन 2009 में रविंद्र पांडेय ने एक बार फिर भाजपा के लिए यह सीट जीत ली। उनकी जीत का सिलसिला 2014 में भी जारी रहा। 2019 में भाजपा ने तालमेल के तहत यह सीट आजसू को सौंप दी और चंद्रप्रकाश चौधरी को यहां से जीत मिली। गिरिडीह लोकसभा सीट के अंतर्गत छह विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें गिरिडीह, डुमरी, गोमिया, बेरमो, टुंडी और बाघमारा शामिल हैं। इनमें गोमिया सीट पर आजसू का और बाघमारा सीट पर भाजपा का कब्जा है। बेरमो सीट कांग्रेस के पास है, जबकि गिरिडीह, डुमरी और टुंडी झामुमो के पास है।

गिरिडीह की राजनीतिक पृष्ठभूमि

सब जानते हैं कि जातीयता और जातिवाद राष्ट्र निर्माण के मार्ग में बाधक हैं। हमारा देश क्षेत्रवाद और जातिवाद के कारण खड़ी होने वाली दर्जनों समस्याओं से जूझ रहा है। लेकिन इस हथियार का इस्तेमाल करने में कोई दल पीछे नहीं रहता है। यही कारण है कि इन दोनों हथियारों के बल पर सत्ता हासिल करने की होड़ के कारण देश में सैकड़ों छोटे-बड़े राजनीतिक दल उभर आये हैं। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में भी जोड़-तोड़ की राजनीति जोरों पर चल रही है। कहीं प्रत्यक्ष, तो कहीं अप्रत्यक्ष रूप से क्षेत्रवाद, जातिवाद, भाषावाद और धर्म हावी है। मतों का ध्रुवीकरण भी इसी आधार पर हो रहा है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में कोई किसी से कम नहीं है, लेकिन वोट बंटवारा का लाभ उठाकर सत्ता में काबिज होने की जुगत में हर कोई अपने स्तर से दिमाग लगा रहा है।

गिरिडीह का सामाजिक समीकरण

जहां तक बात सामाजिक समीकरण की है तो गिरिडीह संसदीय सीट पर 16 फीसदी मुसलमान, 14 फीसदी अनुसूचित जाति और 10 फीसदी अनुसूचित जाति की आबादी है। इसके साथ ही करीब 19 फीसदी कुर्मी मतदाता हैं। इसलिए गिरिडीह को 'कुर्मी हार्टलैंड' कहा जाता है। गिरिडीह में जीत की चाबी कुर्मियों के पास है और स्वाभाविक तौर पर इस बार तीन कुर्मी दिग्गजों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोमांचक हो गया है। गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में कुर्मी महतो, कोयरी महतो और मुस्लिम वोट एक होने पर निर्णायक हो जाता है। यहां इसे 'एम-3' समीकरण कहा जाता है। यही कारण है कि सभी प्रत्याशियों की नजर इसी समीकरण पर ज्यादा रहती है। भाजपा ने आजसू के साथ मिल कर 2019 में इस समीकरण को साध लिया था, लेकिन इस बार झामुमो ने मुस्लिम मतदाताओं को अलग करने में पूरी ताकत लगा दी है। इसलिए सबसे ज्यादा विकट स्थिति मुस्लिम वोटरों की ही है। उन पर ज्यादा दावेदारी की जा रही है। सभी मानते हैं कि उनका वोट एकमुश्त होता है, लेकिन गिरिडीह के संदर्भ में यह वास्तविकता नहीं है। पिछले चुनावों में इनका वोट भी बंटा था।

चंद्रप्रकाश चौधरी को एंटी-इनकमबेंसी का नुकसान

अब बात चंद्र प्रकाश चौधरी की ताकत की। उनके प्रति एंटी इनकमबेंसी है, लेकिन यहां यह भी याद रखना चाहिए कि वर्ष 2019 में जब गिरिडीह में उनकी इंट्री हुई थी, उस वक्त भी उनके सामने 'झारखंडी टाइगर' जगरनाथ मैदान में थे।

आजसू की रणनीति और भाजपा की ताकत के सहारे चंद्र प्रकाश चौधरी ने वह मुकाबला करीब तीन लाख मतों से जीत लिया था, जबकि उस वक्त भी मथुरा महतो कंधे से कंधा मिला कर जगरनाथ महतो के साथ खड़े थे। चंद्रप्रकाश चौधरी के पास अपने कार्यकर्ताओं का जोश है और आजसू की अभेद्य रणनीति। इसके साथ मोदी की लोकप्रियता और भाजपा की ताकत उनके पास हथियार के रूप में मौजूद हैं।

मथुरा महतो की पहचान ही उनकी ताकत है

झामुमो प्रत्याशी मथुरा महतो टुंडी से झामुमो विधायक हैं। झामुमो के अंदर और बाहर उनकी गिनती कुर्मी जाति के एक कद्दावर नेता को रूप में होती है। मथुरा महतो आज भी अपने पुराने समीकरणों और नारों को जीत का मूल मंत्र मानते हैं। वह झारखंडी अस्मिता की बात करते हैं।

वह जमीन से जुड़े नेता हैं और ताम-झाम से दूर जमीन की सियासत करते हैं। लोकसभा चुनाव के मैदान में उतरने का यह उनका पहला अनुभव है। इसलिए यह उनकी कमजोरी मानी जा सकती है।

हाल के दिनों में खूब सुर्खियां बटोरी हैं जयराम ने

जयराम महतो की छवि किसी जाति विशेष के बीच नहीं होकर आम युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय है। खुद जयराम की कोशिश भी अपने आप को 'कुर्मी नेता' के टैग से दूर रखने की है। झारखंडी हितों और खतियान के मुद्दे पर उनकी सोच उन्हें भीड़ से अलग बनाती है। वह सिर्फ जल, जंगल और जमीन की लूट की बात नहीं करते, बल्कि इस लूट में शामिल दलों और नेताओं की भूमिका पर भी सवाल उठाते हैं। उनकी सभाओं में भारी भीड़ उमड़ती है, क्योंकि वह खतियान की बात करते हैं, झारखंडी भाषाओं की बात करते हैं और झारखंड को लूटे जाने का मुद्दा उठाते हैं। लेकिन चुनावी मुकाबले का पहला अनुभव उनकी कमजोरी बन सकती है। उनकी सियासी जमीन चंद्रप्रकाश चौधरी और मथुरा महतो की तुलना में काफी सीमित है, जिसका नुकसान उन्हें उठाना पड़ सकता है। इस तरह चंद्रप्रकाश चौधरी को त्रिकोणीय मुकाबला का सामना करना होगा। एक ओर झामुमो के वरीय नेता मथुरा महतो उन्हें कड़ी टक्कर देने के लिए लगातार जनसंपर्क कर रहे हैं, वहीं जयराम महतो भी उनसे टकराने के लिए तैयार हैं। तीन-तीन कुर्मी प्रत्याशियों को मैदान में उतरने की वजह से इस वोट बैंक का बंटवारा होना तय माना जा रहा है। अब यह बाजी किसके हाथ लगेगी, यह एक बड़ा सवाल है।

भाजपा के अजय आलोक ने किया प्रहार : झामुमो के सुप्रियो ने किया पलटवार

हेमंत सोरेन के खिलाफ बयान देनेवाले पिंटू को मिले सुरक्षा

जीतेंगे झारखंड की सभी लोकसभा 14 सीटें

हेमंत सोरेन की जमीन लूट के मामले में उनके बचपन के दोस्त अभिषेक पिंटू ने गवाही दी

झामुमो को बताया जमीन मारो मोर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने शनिवार को पार्टी कार्यालय में झामुमो पर निशाना साधा। कहा कि यहां के लोगों ने बड़ी उम्मीद के साथ विधानसभा चुनाव में हेमंत सोरेन को चुना था। सोचा था कि वे उनकी और उनकी जमीन की रक्षा करेंगे, पर स्थिति यह है कि झामुमो जमीन मारो मोर्चा बन चुका है। यह मोर्चा जमीन लूट में शामिल हो गया। इस मोर्चा के सरदार जमीन लूट के चलते जेल में हैं। वे सहानुभूति बटोरने में लगे हैं। देश का इतिहास बताता है कि सजायाफ्ता नेताओं को सहानुभूति नहीं मिलती। अजय आलोक ने कहा कि हेमंत सोरेन की जमीन लूट के मामले में उनके बचपन के दोस्त अभिषेक पिंटू ने गवाही दी है। इसके बाद से वे असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। छिपते फिर रहे हैं। ऐसे में उनकी अपील राज्य सरकार से है कि उन्हें अतिरिक्त सुरक्षा दे। आज हेमंत सोरेन में लालूजी की आत्मा घुस गयी है। वे नाखून कटा कर शहीद होने की बात कर रहे हैं।

अटल जी ने बनाया झारखंड, मोदी गढ़ेंगे

राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि बिहार और झारखंड पीएम की दो आंखें हैं। वे इस राज्य में हो रही गड़बड़ियों, करप्शन से आंखें नहीं मूंद सकते। इस राज्य को अटल बिहारी वाजपेयी ने बनाया। अब भाजपा ही इसे गढ़ेगी। छत्तीसगढ़ में पिछले पांच सालों में कांग्रेस ने उसे निचोड़ कर फेंक दिया। यहां भी अब झामुमो के साथ घमंडिया गठबंधन यही करने में लगा है। यह राज्य 1990 में ही बन जाना चाहिए था, पर लालू प्रसाद के साथ मिल कर शिबू सोरेन ने सौदा कर लिया। भ्रष्टाचार के पैसे अपने एकाउंट में लिये। अगर अटल बिहारी वाजपेयी नहीं होते, तो राज्य नहीं बनता। ऐसे में अब मोदीजी इस राज्य को गढ़ने के लिए लगे हैं। प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व और प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में झारखंड में भाजपा लोकसभा चुनाव मैदान में है। हमारा नारा है, हमने बनाया है हम ही गढ़ेंगे। मौके पर प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक, प्रदेश मीडिया प्रवक्ता अनिमेश सिंह भी उपस्थित थे।

जिसे जान का खतरा बता रहे, वह कार्यकर्ताओं के बीच

झारखंड हमने बनाया, हम ही रहेंगे

बाबूलाल मरांडी को भाजपा फिर सीएम का सपना दिखा रही

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झामुमो ने भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता अजय आलोक के बयान पर कड़ी आपत्ति जतायी। भाजपा को हिदायत दी कि इस प्रवक्ता को जल्द झारखंड से बाहर भेज दिया जाये। बाहर भेजने में जितना खर्च होगा, उसका वहन झामुमो करेगा। झामुमो के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा के दिल्ली आयातित प्रवक्ता का आगमन हुआ और लगा कि बहुत विद्वान व्यक्ति आ गया है। झारखंड हमने बनाया है और हम ही रहेंगे। पटना में एक हॉस्पिटल है जो उन्हीं का है। इस हॉस्पिटल को उनके पिता ने बनवाया था। किसी भी घर को बनाने में बहुत लोगों का योगदान होता है, लेकिन वह घर सभी व्यक्ति का नहीं हो जाता है। चार दशकों की लड़ाई के बाद हमें झारखंड मिला है और इसकी लड़ाई झामुमो ने लड़ी। बाबूलाल मरांडी को फिर भाजपा सीएम बनने का सपना दिखा रही है।

जयपाल सिंह मुंडा का अपमान किया जा रहा

सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि किसी को जान का खतरा है। सुबह तो वह अपने कार्यकर्ताओं के बीच में थे। कहा कि रक्षा सौदा में पैसा लेने वाला कौन था। एचइसी को बनाने वाला, रिम्स की बिल्डिंग का डिजाइन बनाने वाला आदिवासी ही था। जयपाल सिंह मुंडा का अपमान किया जा रहा है। यह मानसिकता है कि आदिवासी कैसे आगे बढ़ सकता है। समय चक्र घूम रहा है। हमें मालूम नहीं है कि उद्यान हॉस्पिटल में क्या-क्या होता है।

14 सीटों पर इंडी गठबंधन मिलकर लड़ रहा चुनाव: मीर

लोकसभा चुनाव में आयेगा बेहतरीन रिजल्ट

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। लोकसभा चुनाव से पहले वार रूम इंचार्ज, प्रवक्ता और वरीय नेता के साथ शनिवार को कांग्रेस के झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने बैठक की। कहा कि झारखंड में सभी 14 लोकसभा सीटों पर मिलकर चुनाव लड़ रहा है और बेहतरीन रिजल्ट झारखंड में दिखेगा। साथ ही उन्होंने कहा कि लोकसभा को-आर्डिनेटर, प्रदेश महासचिव और जिलों में काम करने वाले सभी कार्यकर्ता के साथ विचार विमर्श किया है। झारखंड में लोकसभा का 2024 का चुनाव नजदीक है। चौथे चरण में झारखंड में लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी। 14 सीटों पर इंडी गठबंधन मिलकर लड़ रहा है।

नये चेहरों को मिल सकता है मौका : कांग्रेस प्रभारी ने कहा कि 2024 चुनाव को लेकर ब्लॉक, बूथ लेवल पर जाने को तैयार हैं। पूरी टीम तैयारी के साथ लगी है। हमारी नीति क्लियर है। सोच क्लियर है। एजेंडा क्लियर है। मेनिफेस्टो को जनता तक ले जायेंगे। पांच न्याय गारंटी के तहत 25 गारंटियां जो डिफाइन की गयी हैं, इसमें युवा, महिला, किसान, मजदूरों के लिए कुछ न कुछ है। हम क्या करने जा रहे है इसकी पूरी गारंटी लोगों के पास है। उम्मीद है कि इंडी गठबंधन मजबूती से चुनाव लड़ेगा। झारखंड से सबसे बेहतरीन रिजल्ट आयेगा।

फ्रंटफुट पर खेलेंगे: राजेश ठाकुर

कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि हमलोग फ्रंटफुट पर खेलेंगे। सभी पार्टियां राजदए कांग्रेसए जेएमएम व अन्य दल मिलकर चुनाव लड़ेंगे।

जो भी जिम्मेवारी मिलेगी, तो उसे निभाऊंगा : सुबोधकांत सहाय

इस बैठक में शामिल होने के बाद पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि पार्टी ने जो पांच न्याय और 25 गारंटी तय की है, उसे लोगों तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने उम्मीदवारों की घोषणा में देर करने की बात स्वीकार की। कहा कि जो भी उम्मीदवार है, वह तय है। क्षेत्र में पहले भी काम करता रहा हूं। आगे जो भी जिम्मेवारी मिलेगी, उसका निर्वहन करूंगा।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
189200 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 90 lakh+
12 Crore + Watch Time (min)
YouTube Channel
Subscribe NOW

वेदर

शहर	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	36.4 °C	21.6 °C
सूर्यास्त (आज)	:	16.06 बजे
सूर्योदय (कल)	:	05.36 बजे

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in

बोकारो स्टील प्लांट के मिक्स्ड गैस पाइप लाइन में चल रहा थे मेंटेनेंस

नैप्था, सल्फर, टार में लगी आग धुआं की चपेट में आये 23 कामगार

गैस पाइप लाइन से किसी प्रकार के गैस की लीकेज नहीं हुई थी : अधिकारी

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। बोकारो स्टील प्लांट के मिक्स्ड गैस पाइप लाइन, जिससे हॉट स्ट्रिप मिल के री-हीटिंग फर्नेस में गैस सप्लाई की जाती है, उसमें शनिवार को को सुबह से हॉट स्ट्रिप मिल के कैपिटल रिपेयर के अंतर्गत पूर्व नियोजित कार्यक्रम के अनुसार मेंटेनेंस का काम चल रहा था। पाइप लाइन बंद थी, लिहाजा इसमें कोई गैस नहीं थी। मेंटेनस कार्य के तहत पाइप लाइन में एक कंपेंसेटर भी चेंज किया जाना था तथा इस कार्य के दौरान पाइप लाइन के अंदर जमा नैप्था, सल्फर, टार इत्यादि जो ज्वलनशील होता है, उसमें आग पकड़ ली और काफी धुआं निकल आया, जो पाइप लाइन के माध्यम से हॉट स्ट्रिप मिल तक फैल गया, जिसकी वजह से थोड़े समय के लिए हॉट स्ट्रिप मिल में अफरा-तफरी हुई। धुआं की चपेट में आने वाले 23 कामगार, जिसमें कुछ कॉन्ट्रैक्ट वर्कर भी शामिल हैं,

उन्हें एहतियातन चिकित्सीय ऑब्जर्वेशन हेतु बोकारो जनरल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है।

बोकारो जनरल हॉस्पिटल से जारी मेडिकल बुलेटिन में यह स्पष्ट किया गया है कि भर्ती किये गये सभी कामगारों की स्थिति सामान्य और स्टेबल है। सात कामगारों को अस्पताल से डिस्चार्ज भी कर दिया गया है। उम्मीद है कि अस्पताल में भर्ती शेष लगभग सभी कामगारों को मेडिकल टीम द्वारा रिव्यु के पश्चातडिस्चार्ज कर दिया जायेगा। बोकारो स्टील प्लांट के अधिशासी निदेशक (संकार्य) बीके तिवारी तथा अन्य वरीय अधिकारियों ने स्वयं घटनास्थल जाकर स्थिति का जायजा लिया। गैस एनालाइजर से भी जांच की गयी और यह पाया गया कि किसी प्रकार की गैस लीकेज की घटना नहीं हुई है।

अधिशासी निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) राजन प्रसाद ने अस्पताल जाकर कामगारों के स्वास्थ्य की जानकारी ली और इसे सामान्य पाया। इस बीच जिला प्रशासन के वरीय अधिकारीयों ने भी प्लांट जाकर घटना के संबंध में जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि किसी प्रकार की गैस लीकेज नहीं हुई है, जिसकी पुष्टि गैस एनालाइजर मशीन से हुई है। जिला प्रशासन की टीम ने बोकारो जेनरल अस्पताल जाकर कामगारों के स्वास्थ्य का अपडेट भी लिया। सेल-बोकारो स्टील प्लांट अपने कामगारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। कामगारों को नियमित रूप से सुरक्षा प्रोटोकॉल से अवगत कराया जाता है और सुरक्षा नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं।

सांसद निशिकांत दुबे का दावा : जून-जुलाई तक बसंत सोरेन छोड़ देंगे झामुमो

कल्पना होंगी अगली सीएम

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सांसद निशिकांत दुबे ने दावा किया है कि बसंत सोरेन जल्द ही पार्टी छोड़ देंगे। आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के एक मामले में दुमका के एमपी-एमएलए की विशेष अदालत में पेश होने को लेकर शनिवार को दुमका पहुंचे थे। इसी दौरान मीडिया से बातचीत में दावा किया कि वर्ष 2025 आते-आते झामुमो कई टुकड़ों में बंट जायेगा। कोई झामुमो सोरेन बनेगा, तो कोई झामुमो चंपाई तो कोई झामुमो मथुरा गुट बनायेगा। झामुमो का

सिंबल भी जब्त हो जायेगा। निशिकांत ने कहा कि कल्पना सोरेन के सीएम बनने के बाद जो पहला आदमी सोरेन परिवार से निकलने वाला है, वह बसंत हैं। निशिकांत दुबे ने कहा कि हजारीबाग में एक कंपनी है इनलैंड पावर। इसने हजारीबाग के झामुमो जिला अध्यक्ष बास्की के अकाउंट में करोड़ों रुपया जमा किया है। यह राशि बास्की द्वारा जमशेदपुर के अंजया स्टील को भेजी जा रही है। अंजया स्टील हेमंत सोरेन की बेनामी संपत्ति हो सकती है। आज नहीं तो कल, इसका खुलासा होने वाला है। यहां सिर्फ जमीन की ही लूट नहीं, बल्कि फैक्ट्री की भी लूट हुई है। संपत्ति बनायी गयी है। निशिकांत के मुताबिक सीता सोरेन झामुमो से निकल चुकी हैं। लोबिन हेंब्रम किसी भी दिन पार्टी से निकल जायेंगे और हो सकता है वे राजमहल से चुनाव लड़ें। चमरा लिंडा भी उसी राह पर चल रहे हैं। चंपाई सोरेन को सोचने का समय आ गया है।

हाइकोर्ट ने अर्जुन मुंडा पर 1.25 लाख रुपये का लगाया जुर्माना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड हाइकोर्ट ने दायर याचिका में बिना त्रुटि दूर किये मामले को सुनवाई के लिए मेंशन करने पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा पर 1 लाख 25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।

दरअसल, हाइकोर्ट अर्जुन मुंडा द्वारा 11 अप्रैल 2023 को रांची में सचिवालय मार्च के दौरान धुर्वा थाना में दर्ज प्राथमिकी को निरस्त करने का आग्रह करने वाली याचिका की सुनवाई के दौरान पाया कि याचिका में त्रुटि अब तक दूर नहीं की गयी है। इसके बाद भी मामले को कोर्ट में सुनवाई के लिए मेंशन किया गया।

कोर्ट ने त्रुटि दूर किये बिना इस याचिका को कोर्ट के समक्ष सुनवाई के लिए मेंशन करने को गंभीरता से लेते हुए अर्जुन मुंडा पर जुर्माना लगाया। कोर्ट ने जुर्माना की इस राशि को एडवोकेट क्लर्क एसोसिएशन हाइकोर्ट के पास जमा करने का निर्देश दिया है। हालांकि कोर्ट ने मामले की सुनवाई करते हुए मंत्री अर्जुन मुंडा को तत्काल राहत देते हुए उनके खिलाफ पीड़क कार्रवाई पर रोक लगायी थी। मामले की अगली सुनवाई 8 मई को होनी है।

राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

मेष सुख-दुःख की समानता, अनावश्यक चिन्तन की वृद्धि ,स्वास्थ्य संबंधी कष्ट।

वृष झंझटों और नाना प्रकार के अवरोधों के कारण किसी भी काम के बनने में शंका होने लगेगी।

मिथुन सामाजिक क्षेत्र में उन्नति तथा मान-सम्मान की प्राप्ति, सेहत अच्छा रहेगा। नौकरी में उन्नति।

कर्क सामाजिक-राजनीतिक व्यक्तियों की लोकप्रियता बढ़ेगी और सत्ता-संगठन से लाभ मिलेगा।

सिंह सामाजिक-धार्मिक कार्यों की योजना फलीभूत होगी, नौकरी मे लापरवाही से परेशानी हो सकता है।

कन्या नौकरी में उन्नति, कोर्ट-कचहरी के मामलों में सफलता, आवश्यक कार्य पूरा होगा।

तुला नई लाभप्रद योजनाओं में रुचि व्यापार रोजी, रोजगार में उन्नति सम्मान-स्वाभिमान की रक्षा।

वृश्चिक कर्मक्षेत्र में मान-सम्मान,पद-प्रतिष्ठा में वृद्धि, संतान पक्ष से शुभ समाचार प्राप्ति होगी।

धनु कुछ जरूरी काम-काज के प्रसंग उत्साहित होंगे,प्रभावशाली लोगों के सम्पर्क से विशेष लाभ।

मकर नयी योजनाएं बनेगी,घर-गृहस्थी में सुख-शांति का वातावरण,धन-द्रव्य का लाभ होगा।

कुंभ विविध कार्यों में परेशानी, विरोधियों स्वजनों से कष्ट होगा, कठिन परिश्रम से लाभ।

मीन दैनिक समस्याओं का समाधान, विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे, आर्थिक स्थिति में सुधार।

सरला बिरला स्कूल के छात्रों का राज्यस्तरीय फिट इंडिया क्विज में अनुकरणीय प्रदर्शन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सरला बिरला पब्लिक स्कूल के कक्षा दसवीं के मोहम्मद अम्मार अहमद और कक्षा ग्यारहवीं के अभिषेक कुमार आयुष को फिट इंडिया क्विज के प्रारंभिक दौर में अद्भुत प्रदर्शन करने के बाद राज्य स्तरीय दौर के लिए चुना गया। उन्होंने प्रारंभिक दौर में क्रमशः 8वीं और 11वीं रैंक हासिल की। प्रत्येक को 2000 रुपये और स्कूल को 15000 रुपये का नकद पुरस्कार दिया गया। झारखंड राज्य के 1500

स्कूलों में से 8 स्कूलों का चयन किया गया। राज्य स्तरीय सेमीफाइनल राउंड में सरला बिरला पब्लिक स्कूलए रांची ने प्रथम रैंक प्राप्त किया और फाइनल राउंड के लिए क्वालीफाई किया। राज्य स्तर के फाइनल राउंड में स्कूल ने तीसरा स्थान हासिल किया। विद्यार्थियों को 3500 रुपये नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया और स्कूल को 32500 रुपये के नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्राचार्या श्रीमती परमजीत कौर ने छात्रों के प्रदर्शन की सराहना की और कहा कि ऐसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने से छात्रों का समग्र विकास होता है।

सेल चेयरमैन ट्रॉफी में भिलाई की जीत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सेल के युवा प्रबंधकों के लिए एमटीआइ में आयोजित चेयरमैन ट्राफी के फाइनल में सोनल श्रीवास्तव, सिद्धार्थ रॉय और विनय कुमार पवार की भिलाई की टीम ने विजय प्राप्त की। सेल के समक्ष चुनौतियां और आगे की राह विषय पर इस प्रतियोगिता में विभिन्न इकाइयों के युवा प्रबंधकों की उल्लेखनीय भागीदारी रही। तीन सदस्यीय चयन समिति में डॉ कीर्ति अभिषेक, कृष्ण कुमार सिंह, अतनु भौमिक ने प्रस्तुत परियोजनाओं का मूल्यांकन किया।

मूल्यांकन और प्रस्तुतियों के आधार पर भिलाई की टीम को विजयी घोषित की गयी। बोकारो इस्पात संयंत्र की टीम जिनमे शशांक शेखर, चंद्रशेखर कुमार और टी केदारनाथ थे, प्रथम उपविजेता रही। दूसरी उपविजेता राउरकेला की टीम रही, जिसके सदस्य-विजय प्रकाश आर्य, कृष्ण कुमार जयसवाल और संजय कुमार गौतम थे।

रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी में दो आरोपित की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

अब आरोप गठन की प्रक्रिया होगी शुरू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रेमडेसिविर दवा की कालाबाजारी मामले में मुख्य आरोपी राजीव सिंह और मनीष सिन्हा की डिस्चार्ज पिटीशन को साइबर क्राइम एंड ड्रग कॉस्टेमिक मामले के विशेष न्यायाधीश मनीष रंजन की अदालत ने शनिवार को खारिज कर दिया। इससे पूर्व अदालत ने दोनों की पिटीशन पर सुनवाई के बाद आदेश सुरक्षित रख लिया था। इस मामले में अब दोनों आरोपितों पर आरोप गठन

किया जायेगा। इसके लिए अदालत ने 23 अप्रैल की तिथि निर्धारित की है। राजीव सिंह ने पिछले साल 19 मई को और मनीष सिन्हा ने 30 जून को मामले में अपने आप को निर्दोष बताते हुए डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी।

कोरोना काल में कालाबाजारी का आरोप : कालाबाजारी को लेकर कोतवाली थाना में कांड संख्या 107-21 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। पुलिस ने राजीव सिंह को रेमडेसिविर दवा की रांची में कालाबाजारी के आरोप में 01 मई 2021 को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। करीब छह महीने के बाद हाइकोर्ट से दोनों को जमानत मिली थी।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन के बीएड एवं डीएलएड इकाई की ओर से विश्व स्वास्थ्य दिवस पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार विषय पर केंद्रित था। प्रतिभागियों ने पोस्टर मेकिंग के द्वारा स्वस्थ जीवन शैली को प्रदर्शित किया। इसमें योग और शारीरिक अभ्यास, नशाप्रवृत्ति पर अंकुश, मोबाइल सहित अन्य डिजिटल उपकरणों के अत्यधिक उपयोग पर नियंत्रण आदि बिंदुओं को चित्र के माध्यम से दर्शाया।

हार्स ट्रेडिंग मामले में डीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार पर नहीं चलेगा केस

शिकायतकर्ता ने रखा पक्ष, पुलिस के अनुसंधान को बताया सही

अदालत ने पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। राज्यसभा चुनाव-2016 में हार्स ट्रेडिंग मामले में रांची के जगन्नाथपुर थाने में दर्ज मामले में दायर क्लोजर रिपोर्ट पर एसीबी की अदालत में शिकायतकर्ता गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर ने शनिवार को अपना पक्ष रखा। उन्होंने पुलिस के

अनुसंधान को सही बताया। साथ ही जगन्नाथपुर पुलिस के जरिये दायर क्लोजर रिपोर्ट पर आपत्ति नहीं जतायी। इसके बाद एसीबी के विशेष न्यायाधीश प्रकाश झा की अदालत ने पुलिस की क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया। अब मामले में तत्कालीन एडीजी अनुराग गुप्ता और तत्कालीन मुख्यमंत्री रघुवर दास के प्रेस सलाहकार अजय कुमार के खिलाफ केस नहीं चलेगा।

इससे पूर्व मामले में 27 मार्च को अदालत ने गृह विभाग के अपर सचिव अविनाश चंद्र ठाकुर को पक्ष रखने को कहा था। निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 29 मार्च 2018 को जगन्नाथपुर थाने में विशेष शाखा के तत्कालीन एडीजी सह वर्तमान सीआइडी के डीजी अनुराग गुप्ता और अजय कुमार के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। इन पर वर्ष 2016 के राज्यसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में कांग्रेस की विधायक निर्मला देवी को पैसे का लालच देने का आरोप लगाया था। भारत निर्वाचन आयोग ने झारखंड विकास मोर्चा की शिकायत पर इसकी जांच करायी थी। आयोग ने प्रथम दृष्ट्या आरोप को सही पाते हुए उनके विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दिया था। हालांकि बाद में 14 फरवरी 2020 को तत्कालीन हेमंत सरकार ने एडीजी अनुराग गुप्ता को निलंबित कर दिया था। इस दौरान गुप्ता 15 महीने से अधिक समय तक निलंबित रहे थे।

पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा आज

परीक्षा केंद्र के आसपास निषेधाज्ञा लागू

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। झारखंड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद की ओर से पॉलिटेक्निक प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा सात अप्रैल को होगी। परीक्षा दिन के 10.30 बजे से एक बजे तक होगी। परीक्षा के लिए राजधानी रांची में नौ परीक्षा केंद्र बनाये गये हैं। इनमें विवेकानंद विद्या मंदिर, सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, मनन विद्या मंदिर, संत जॉन हाइ स्कूल, डीएवी पब्लिक स्कूल, संत पॉल कॉलेज, संत अलोइस इंटरमीडिएट कॉलेज, संत अन्ना इंटरमीडिएट कॉलेज और संत अन्ना गर्ल्स हाइ स्कूल शामिल है। कदाचारमुक्त परीक्षा का आयोजन कराने और विधि-व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस के साथ दंडाधिकारी की प्रतिनियुक्ति की गयी है। परीक्षा में शामिल छात्र, उनके अभिभावक और असामाजिक तत्व के जरिये परीक्षा केंद्रों पर भीड़ लगाकर विधि-व्यवस्था भंग करने की चेष्टा की आशंका को देखते हुए एसडीओ सदर उत्कर्ष कुमार ने निषेधाज्ञा लागू किया है।

नीट की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए गोल इंस्टीट्यूट की रणनीति

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। नीट 2024 के लिए छात्रों के पास मात्र 30 दिन शेष है। ऐसे में मेडिकल की तैयारी कर रहे छात्रों के लिए यह जानना आवश्यक है कि अंतिम समय में तैयारी को अंतिम रूप कैसे दें। छात्रों के इन्हीं उलझनों को सुलझाने के लिए गोल इंस्टीट्यूट द्वारा श्री कृष्ण मेमोरियल हॉल पटना में सेमिनार का आयोजन किया गया। इसमें गोल के एक्सपर्ट के साथ-साथ गोल संस्थान के पूर्ववर्ती सफल छात्रों ने नीट 2024 की तैयारी कर रहे छात्रों को सफलता के महत्वपूर्ण टिप्स दिये। मैनेजिंग

डायरेक्टर विपिन सिंह ने छात्रों को कहा कि अंतिम समय में छात्रों को संयमित होकर लक्ष्य के लिए प्रयास करने से सफलता सुनिश्चित होगी। समय का प्रबंधन करते हुए प्रतिदिन 10 घंटे या ज्यादा की पढ़ाई करें। एनसीइआरटी की पुस्तक को तैयारी के मुख्य केंद्र में रखें। प्रत्येक चैप्टर के प्रश्नों से अभ्यास करें। डाउट्स वाले प्रश्नों के लिए शिक्षक और डिस्कशन की मदद लें। असिस्टेंट डायरेक्टर रंजय सिंह ने कहा कि अंतिम समय में छात्र किसी नये पुस्तक को पढ़ने से बचें। निगेटिव स्कोर को कम करने के लिए पर्याप्त रिविजन और प्रैक्टिस करें। आरएंडडी हेड आनंद वत्स ने टाइम मैनेजमेंट के महत्व को समझाया। गौरव सिंह, संजीव, विनित ने भी अपने अनुभवों को साझा किया।

हत्या मामले में पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप दोषी करार

दोहरे हत्याकांड में सजा पर सुनवाई 10 अप्रैल को

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। अपर न्यायायुक्त दिनेश कुमार की अदालत ने शनिवार को दो लोगों की हत्या मामले में पूर्व विधायक पौलुस सुरीन और नक्सली जेठा कच्छप को अदालत ने दोषी करार दिया है। पौलुस सुरीन दो बार झामुमो के विधायक रह चुके हैं।

फैसले के दौरान नक्सली जेठा कच्छप वीडियो कांफ्रेंसिंग से गोड्डा जेल से कोर्ट के समक्ष उपस्थित था, जबकि पौलुस सुरीन कोर्ट में सशरीर उपस्थित

थे। अदालत ने इनकी सजा के बिंदु पर 10 अप्रैल को सुनवाई करेगी। साथ ही अदालत ने मामले की ट्रायल फेस कर रहे तीन महिला और कृष्णा महतो को साक्ष्य के अभाव में बरी किया है।

क्या है मामला : घटना खूंटी के तोरपा में साल 2013 की है। पुलिस मुखबिर के आरोप में भूषण कुमार सिंह और राम गोबिंद की हत्या की गयी थी। मामले में पौलुस सुरीन, नक्सली जेठा कच्छप, कृष्णा महतो और 3 महिला सहित छह आरोपित ट्रायल फेस कर रहे थे। इसी मामले में पीएफएलआइ सुप्रीमो दिनेश गोप भी ट्रायल फेस कर रहे हैं। अभियोजन पक्ष की ओर से 12 गवाह पेश किये गये थे। बचाव पक्ष की ओर से एक गवाह पेश किया गया।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in
04

विकास की सीढ़ी चढ़ रहा लोकसभा क्षेत्रः संजय सेठ

- जारी किया विकास पत्र और गिनायी उपलब्धियां
- बिना छुट्टी के लगातार जनता के बीच काम किया
- बुक बैंक-टॉय बैंक से समाज में बदलाव

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। सांसद संजय सेठ ने कहा कि उन्होंने बिना किसी छुट्टी के लगातार जनता के बीच काम किया। शनिवार को संजय सेठ ने अपने कार्यालय में विकास पत्र जारी किया, जिसमें उन्होंने पिछले पांच वर्षों में हासिल की गयी उपलब्धियां गिनायीं। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों से रांची लोकसभा क्षेत्र विकास की ओर अग्रसर हैं। चाहे वह रांची में बन रहा एलिवेटेड कॉरिडोर हो या प्रस्तावित आउटर रिंग रोड। उन्होंने झिरी में अपशिष्ट उपचार संयंत्र और बड़गेन में जल उपचार संयंत्र बनाने पर भी चर्चा की। उन्होंने यह भी कहा कि बुक बैंक और टॉय बैंक की योजनाएं भी समाज में बदलाव ला रही हैं।

सांसद संजय सेठ ने कहा कि कोरोना में जब दूसरे नेता और जन प्रतिनिधि घर बैठे थे, तब वे लगातार जनता की मदद में लगे हुए थे। उन लोगों को आम लोगों से कोई लेना-देना नहीं है। वे केवल चुनाव के दौरान एक महीने के लिए लोगों को दिखाई देते हैं। लेकिन हमने बिना छुट्टी के काम किया है। साथ ही रेलवे क्षेत्र में सुधारों की चर्चा करते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी के आशीर्वाद से रांची में रेलवे सुविधाओं में सुधार हुआ है। साथ ही मोदी ने रांची से तीन वंदे भारत ट्रेनें भी चलायी हैं।

विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आज चिकित्सा शिविर लगेगा

रांची (आजाद सिपाही)। अखिल भारतीय महिला सम्मेलन के द्वारा विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर 7 अप्रैल रविवार को अपराह्न तीन बजे से राजधानी के मोरहाबादी में टीआरआइ के नजदीक फुटबॉल ग्राउंड में चिकित्सा शिविर सह जागरूकता का आयोजन किया गया है। इस संदर्भ में जानकारी देते हुए अखिल भारतीय महिला सम्मेलन की सचिव अनुपमा प्रसाद ने बताया कि इस शिविर में अनेक चिकित्सक न केवल लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण करेंगे बल्कि वे सभी लोगों के साथ ही विशेष रूप से छात्र-छात्राओं और युवाओं को बीमारियों से बचाव के संदर्भ में जागरूक भी करेंगे।

भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। प्रदेश भर में प्रत्येक कार्यकर्ता अपने-अपने घर एवं जिला-मंडल पार्टी कार्यालयों में भाजपा का झंडा लगाया। गढ़वा के विश्रामपुर मंडल में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा फहराया। इस अवसर पर श्री मरांडी ने कहा कि देशसेवा एवं जनसेवा में सदैव समर्पित, एकात्म मानववाद और अंत्योदय के मंत्र पर अग्रसर रहने वाले विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल है भारतीय जनता पार्टी।

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने चंदनकियारी स्थित अपने आवास पर भाजपा का झंडा लगाया। उन्होंने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी पार्टी है जो अपने उद्गम के उदेश्यों को, अपने संकल्पों पर ना सिर्फ. अडिग है, बल्कि उन संकल्पों को सिद्ध करके भी दिखाया है।

प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर ने भाजपा प्रदेश कार्यालय में भाजपा का झंडारोहण कर स्थापना दिवस मनाया। कहा कि सेवा ही समर्पण अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय के अनुरूप चलने वाली विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी है। प्रदेश कार्यालय में स्थापना दिवस पर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं दिन दयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर दीपक प्रकाश ने पुष्पार्पण करते हुए कहा कि राष्ट्रहित, अंत्योदय व एकात्म मानववाद के ध्येय को लेकर चलने वाली पार्टी के उन सभी महान विभूतियों को नमन, जिनकी निःस्वार्थ सेवा से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

इस अवसर पर अशोक बड़ाइक, केके गुप्ता, नीरज सिंह, सीमा पासवान, निशि जायसवाल, बलबीर सलूजा, संजय चौधरी, पीयूष सरकार, अमित चरण, बबिता वर्मा, सोनी हेमरोम सहित कई उपस्थित थे।

श्री श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री श्याम मित्र मंडल की ओर से हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में भंडारा भक्तिमय माहौल में संपन्न हुआ। श्री श्याम मित्र मंडल के प्रथम महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया और उपमंत्री अनिल नारनोली के नेतृत्व में भंडारे का प्रसाद अर्पित किया गया। आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी...के भजन का गायन कर मंत्रमुग्ध किया। श्री गणेश महाराज के जयकारों के साथ सुरेश सरावगी के नेतृत्व में यजमानश्री परिवार ने प्रसाद का वितरण प्रारंभ किया। लगभग 2500 से ज्यादा भक्तों ने भंडारे का महाप्रसाद प्राप्त किया। इस अवसर पर मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी, महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया, श्रवण ढानढनिया, अनिल नारनोली, पूर्व सांसद अजय मारू, वेद भूषण जैन, पप्पू रंजना जैन, अभिषेक सरावगी, कौशल चौधरी, रतन शर्मा, अनुज मोदी, अमित सरावगी, कमलेश सावा, कमल बिश्नोई, अंकित सिंह, मनोज खेतावत समेत अन्य मौजूद थे।

ऑल झारखंड क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 टी-10 का आगाज

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। एक तरफ देश में जहां आइपीएल का खुमार सिर चढ़ कर बोल रहा है वहीं दूसरी तरफ रांची के डीआइजी ग्राउंड में *आजाद सिपाही* अखबार के बैनर तले ऑल झारखंड क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 टी10 का आगाज शनिवार को हुआ। स्पोंसर रूप में कुश मोटर्स ने इस आयोजन को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभायी। वहीं आयोजनकर्ताओं के रूप में सौरभ, रौशन, आकाश, अंकित और लालू ने इस टूर्नामेंट को सफल बनाने में अपना अहम योगदान दिया। स्पोंसर कुश मोटर्स है। बता दें कि इस टूर्नामेंट में रांची के टॉप 8 टीमों ने भाग लिया।

इस दौरान खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने के लिए रांची के निवर्तमान डिप्टी मेयर सजीव विजयवर्गीय, जेएससीए के पूर्व वाइस प्रेसीडेंट अजयनाथ शाहदेव, भाजपा नेता सह संयोजक मांडर विधासभा क्षेत्र सन्नी टोप्पो, समाजसेवी अर्जुन मुंडा और उद्योगपति सह समाजसेवी अखिलेश पांडेय मौजूद थे। उन्होंने आयोजनकर्ताओं की सराहना करते हुए कहा कि यह प्रतियोगित क्रिकेट के प्रति झारखंड के युवाओं का समर्पण दर्शाता है।

उद्घाटन मुकाबला रांची हिटर्स बी बनाम गोलू 11 का हुआ। इस मुकाबले में गोलू 11 ने टॉस जीत कर बॉलिंग करने का फैसला लिया। वहीं दूसरी ओर रांची हिटर्स बी ने बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवर में 161 रन का लक्ष्य रखा। वहीं दूसरी पारी में गोलू 11 लक्ष्य का पीछा करते हुए 134 रन ही बना पायी। रांची हिटर्स बी की ओर से उमेश और राहुल ने अच्छी शुरुआत कर 2 ओवर में 40 रन बनाये उसके बाद रौशन ने शानदार अर्धशतक लगाया और अंकित ने 30 रन बना कर 3 विकेट भी लिया। रांची हिटर्स बी की ओर से अंकित मैन ऑफ द मैच बने।

वही ऑल झारखंड क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का दूसरा मैच रांची हिटर्स ए और पवन 11 के बीच खेला गया। इस मुकाबले में रांची हिटर्स ए विजयी रही। रांची हिटर्स ए ने 10 ओवर में 181 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। वहीं जवाब में पवन 11 ने 106 रन बनाया और 75 रन से मैच हार गयी। रांची हिटर्स ए की ओर से अन्नी ने शानदार 94 रन की पारी खेली और मैन ऑफ द मैच बने। वहीं तीसरे मुकाबले में बोरो 11 और राजा स्पोर्ट्स बरियातू आमने सामने थी। इस मुकाबले में राजा स्पोर्ट्स बरियातू ने जीत हासिल की। राजा स्पोर्ट्स बरियातू की ओर से वामिक ने 61 रन बनाया और मैन ऑफ द मैच बने।

सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने के लिए सुदेश महतो को दिया न्योता

रांची (आजाद सिपाही)। चडरी सरना समिति का प्रतिनिधिमंडल केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा की अगुवाई में आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की। उन्हें प्रकृति महापर्व सरहुल शोभायात्रा में शामिल होने को लेकर निमंत्रण दिया। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चडरी सरना समिति के केंद्रीय अध्यक्ष बबलू मुंडा, जीतेंद्र सिंह, कुमोद कुमार वर्मा, सागर भगत, हरिश सिंह, विश्वास उरांव, अशोक उरांव, रोहित राय समेत अन्य उपस्थित थे।

आजसू ने 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों के नामों की घोषणा की

रांची (आजाद सिपाही)। आगामी लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर आजसू पार्टी केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो के निर्देशानुसार सभी 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए प्रभारियों के नामों की घोषणा की गयी। राजमहल लोकसभा क्षेत्र से अकील अख्तर और चतुरानंद पांडेय, दुमका से जोनाथन टुडू, अजय सिंह और तरूण गुप्ता, गोड्डा से ब्रजमोहन कुमार, खालिद खलील, चतरा से पारस सिंह-अशोक गहलोत, कोडरमा से अर्जुन बैठा, संतोष सहाय और अजीत वर्णवाल, गिरिडीह से लंबोदर महतो-नजरूल हसन हाशमी, धनबाद से उमाकांत रजक, रांची से हसन अंसारी-राजेंद्र मेहता, जमशेदपुर से रामचंद्र सहिस, स्वपन सिंहदेव, बनबिहारी महतो, सिंहभूम से दामू बानरा, सिद्धार्थ महतो, डॉ रीना गोडसरा, खूंटी से प्रो शरद चंद्र महतो, राम रतन महतो, रमेश मुंडा, डॉ गुंजल इकिर मुंडा, लोहरदगा से डॉ देवशरण भगत, पलामू से कुशवाहा शिवपूजन मेहता, सतीश कुमार, संजय रंजन सिंह, हजारीबाग से परमेश्वर महतो, विजय साहू और विकास राणा लोकसभा प्रभारी बनाये गये।

बीएसएफ ने आइजी-डीआइजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का किया आग्रह

रांची (आजाद सिपाही)। बीएसएफ ने झारखंड पुलिस से आइजी और डीआइजी रैंक के अफसरों को प्रतिनियुक्ति पर भेजने का अनुरोध किया है। इसको लेकर बीएसएफ ने झारखंड पुलिस को पत्र लिखा है। बीएसएफ ने पत्र में कहा है कि सीमा सुरक्षा बल दुनिया का सबसे बड़ा सीमा सुरक्षा बल है। यह पाकिस्तान और बंगलादेश के साथ अंतरराष्ट्रीय सीमाओं की रक्षा भी करता है। इसके अलावा इनको उग्रवाद विरोधी भूमिकाओं, नक्सल विरोधी अभियान, आपदा प्रबंधन, नागरिक-प्रशासन की सहायता और चुनाव कर्तव्यों के लिए भी तैनात किया जाता है। वर्तमान में आइजी और डीआइजी स्तर पर आइपीएस अधिकारियों की रिक्तियां हैं। अनुरोध है कि इस स्तर के अधिकारियों को प्रतिनियुक्ति पर बीएसएफ में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित करें।

राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत पर सुनवाई 16 को

रांची (आजाद सिपाही)। आयकर रिटर्न नहीं भरने के एक मामले में पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा के भाई राजेश कोड़ा की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई अपर न्याययुक्त पीके शर्मा की कोर्ट में हुई। मामले में कोर्ट ने अभियोजन पक्ष को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया है। मामले की अगली सुनवाई 16 अप्रैल को होगी। बता दें कि राजेश कोड़ा पर आयकर रिटर्न नहीं भरने का आरोप लगा है। इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की शिकायत के अनुसार राजेश कोड़ा ने वर्ष 2004 से 2010 तक आयकर रिटर्न नहीं भरा है।

ग्रामीण कार्य के उप सचिव को निंदन की सजा

रांची (आजाद सिपाही)। ग्रामीण कार्य विभाग के उप सचिव विजय कुमार भगत को निंदन की सजा दी गयी है। कार्मिक विभाग ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है। विजय कुमार पर वन विभाग में अवर सचिव के पद पर रहते हुए भारतीय वन सेवा के पदाधिकारी और रिटायर नरेंद्र मिश्रा के खिलाफ लगे आरोपों की फाइल लगभग ढाई साल तक दबाने का आरोप है।

रांची में लो टर्न आउट बूथों का किया भ्रमण

रांची (आजाद सिपाही)।रांची विधानसभा क्षेत्र के वैसे मतदान केंद्र, जहां पिछले लोकसभा चुनाव में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था, उनका अनुमंडल पदाधिकारी सदर, रांची उत्कर्ष कुमार द्वारा लगातार भ्रमण किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को अनुमण्डल पदाधिकारी सदर, रांची उत्कर्ष कुमार द्वारा 12 बूथों को भ्रमण किया गया। इस दौरान संबंधित बीएलओ, बीएलओ पर्यवेक्षक एवं सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी उपस्थित थे। अनुमंडल पदाधिकारी द्वारा बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्यों तथा वॉलेंटियर्स को गहन सर्वेक्षण कर छूटे हुए योग्य नागरिकों का नाम मतदाता सूची में 25 अप्रैल के पूर्व अनिवार्य रूप से दर्ज कराने एवं मतदान प्रतिशत बढ़ाने हेतु सतत अभियान जारी रखने का निर्देश दिया गया। बीएलओ एवं बीएलओ पर्यवेक्षक को नगर निगम के कर्मियों के साथ समन्वय स्थापित कर मतदाता जागरूकता अभियान चलाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। एसडीओ ने कहा कि रविवार को विशेष अभियान के तहत निगम कर्मियों के साथ क्षेत्र भ्रमण एवं बूथ अवेयरनेस ग्रुप की बैठक करें।

पापी स्वयं मृत्यु को बुला लेता है : आचार्य दीनानाथ शरण

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। श्री जगतगुरु देवाचार्य मलुक पीठाधीश्वर, राजेंद्र दास महाराज के कृपापात्र शिष्य परम पूज्य आचार्य दीनानाथ शरण महाराज श्रीधाम वृंदावन के मुखारविंद से रविवार को विश्राम दिवस की भागवत कथा में कहा कि पापी स्वयं ही मृत्यु को बुला लेता है। कंस, भस्मासुर, रावण ने अपनी मृत्यु को स्वयं बुलाया। उन्होंने कहा कि द्वेष भाव में श्रद्धा और विद्वेष उपासना बढ़ जाती है। कलंक तो भगवान को भी लगा स्यमंतक मणि हरण का, चुगली तो राम राज्य में धोबी ने किया तो कृष्णावतार में कुंती और युधिष्ठिर की प्रसंग है, जिसमें युधिष्ठिर ने श्राप दिया कि स्त्री कुछ भी प्रसंग छुपा कर नहीं रह सकती है। इसलिए आरोप तो हम सबों पर भी लग सकता है। अंत में सुदामा चरित्र की कथा और झांकी के साथ विश्राम लिया। कार्यक्रम के मुख्य यजमान जय सिंह, प्रत्युष सिह थे। यह जानकारी पंडित रामदेव पांडेय ने दी।

गर्मी से मिल सकती है राहत

आज से बारिश की संभावना

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। पिछले कुछ दिनों से लोगों को गर्मी झेलनी पड़ रही है। लगातार बढ़ते तापमान और तेज धूप से लोगों को एक दो दिनों के लिए राहत मिलने वाली है। 7 से 9 अप्रैल तक बारिश की संभावना है। इस दौरान राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। मौसम केंद्र के अनुसार 7 से 9 अप्रैल तक राज्य में बारिश के साथ तेज हवाएं चलेंगी। वहीं थंडरिंग की भी संभावना व्यक्त की गयी है। इस दौरान दौरान 7 और 8 अप्रैल को राज्य में कहीं-कहीं बारिश की संभावना है, जबकि 9 अप्रैल को दक्षिणी हिस्से में बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। इसे लेकर मौसम विज्ञान केंद्र ने येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलेंगी। बारिश होने से तापमान में गिरावट दर्ज की जायेगी।

ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक

आपसी भाईचारा और सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील

- धार्मिक आयोजन राजनीतिक आयोजन में तब्दील न हो, इस बात का ध्यान रखें : उपायुक्त
- वर्ष 2024 संदेश दे रहा है, सभी धर्म के लोग मिल कर रहे : एसएसपी
- आप पुलिस-प्रशासन के साथ हैं, ये दिखाने का वक्त है : एसपी

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची के मोरहाबादी स्थित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सभागार में शनिवार को ईद, सरहुल और रामनवमी को लेकर केंद्रीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गयी। रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक, रांची चंदन सिन्हा, पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, पुलिस अधीक्षक यातायात, अपर जिला दंडाधिकारी (विधि-व्यवस्था), अनुमंडल पदाधिकारी, सदर अन्य संबंधित पुलिस पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, केंद्रीय शांति समिति एवं सरना समिति के सदस्य उपस्थित थे। बैठक में केंद्रीय एवं सरना समिति के सदस्यों द्वारा एक सुर में ईद, सरहुल एवं रामनवमी के दौरान आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के साथ पर्व मनाने की बात कही गयी। सभी त्योहारों के दौरान सुरक्षा, लाइट, पानी, बिजली, शौचालय आदि को लेकर समिति के सदस्यों द्वारा अपनी बात कहते हुए सुझाव भी दिये गये।

हमेशा की तरह बेहतर व्यवस्था देने का होगा प्रयास : उपायुक्त, रांची राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि बैठक में आये सभी सुझावों पर अमल किया जायेगा। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा हर बार की तरह बेहतर से बेहतर व्यवस्था देने का प्रयास किया जायेगा। राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि रांची जिला का पूरे विश्व में विविध तरह के सफल आयोजन को लेकर नाम हो रहा है। इस बार भी सभी के सहयोग से सभी पर्व त्योहारों को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराया जायेगा। त्योहारों को बेहतर तरीके से संपन्न कराने के लिए जितनी भी आवश्यकता है उसे पूरा करने का प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सभी प्रशासनिक अमलों के साथ मिल कर हमारा प्रयास होगा कि हर जगह आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित हो सके।

धार्मिक आयोजन राजनीतिक आयोजन में तब्दील न हो इस बात का ध्यान रखें : उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने कहा कि चुनाव को लेकर जिला में आदर्श आचार संहिता लागू है। आपके द्वारा आयोजित किया गया धार्मिक कार्यक्रम राजनीतिक आयोजन में तब्दील न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

वर्ष 2024 संदेश दे रहा है, सभी धर्म के लोग मिल कर रहे : बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा ने कहा पिछले 20 दिनों में सभी धर्मों के त्योहार मनाने का मौका हमें मिल रहा है, ईस्टर, रमजान, ईद, सरहुल और फिर रामनवमी, वर्ष 2024 हमें संदेश दे रहा है कि सभी धर्म के लोग मिल कर रहे, आपसी भाईचारे के साथ त्योहार मनायें। उन्होंने कहा कि जो दृढ़ता भगवान श्रीराम के चरित्र में है, वही दृढ़ता हमें भी दिखानी होगी। हम राम के वंशज हैं, हमें उनकी मयार्दा को ध्यान में रखना होगा, छोटी-छोटी बातों से हम में उबाल आ रहा है तो हम राम के आदर्श को नहीं अपना रहे। आपसी भाईचारे को और प्रागाढ़ बनाने के लिए उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद, राम-रहीम से संबंधित घटनाओं का भी जिक्र किया। वरीय पुलिस अधीक्षक श्री चंदन सिन्हा ने कहा कि आप सभी इस बात का ध्यान रखें कि धार्मिक आयोजन राजनीतिक न हो।

आप पुलिस-प्रशासन के साथ हैं, ये दिखाने का वक्त है : पुलिस अधीक्षक नगर राजकुमार मेहता ने कहा कि हमेशा की तरह इस बार भी सभी पर्वों को शांतिपूर्ण तरीके से मनाना है। पर्व में जो विघ्न डाल सकता है, उसकी जानकारी हमें दें, उस पर कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि शांति समिति और सरना समिति के सदस्यों ने जिन समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट कराया है, उसे अक्षरशः नोट किया गया है, सबका समाधान किया जायेगा। उपस्थित शांति समिति एवं सरना समिति के सदस्यों से उन्होंने कहा कि आप सभी पुलिस-प्रशासन के साथ हैं, ये दिखाने का वक्त है। सिटी एसपी ने कहा कि केंद्रीय सरना समिति विभिन्न स्थानों से आने वाली जुलूस के लिए टीम बनायें, टाइमिंग का ध्यान रखें, जुलूस को आगे बढ़ाने में केंद्रीय समिति के लोग जिला पुलिस प्रशासन के साथ रहे। ईद बाजार को लेकर सिटी एसपी ने कहा कि सभी दुकानदारों को यह मैसेज दें कि रोड क्लियर कर दुकान लगायें। रामनवमी के लिए उन्होंने सभी थाना प्रभारी को अपने क्षेत्र में शांति समिति के साथ बैठक करने को कहा।

नियमानुसार लाउडस्पीकर का करें इस्तेमाल : एसडीओ रांची ने बैठक के दौरान कहा कि भारत पर्व त्योहारों को देश है और अभी भारत का पर्व भी है। उन्होंने कहा कि आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो इस बात का ध्यान रखें, लाउड स्पीकर और डीजे का नियमानुसार उपयोग करें। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस-प्रशासन की पैनी नजर है, सभी जिम्मेदार नागरिक होने फर्ज निभायें।

अनियंत्रित ट्रक ने मचायी तबाही, एक की मौत, 13 घायल

यात्रियों से भरी बस, बाइक, कार, क्रेन और पिकअप वैन को मारी टक्कर, वाहनों के परखच्चे उड़े

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। रांची-पटना मुख्यमार्ग अंतर्गत फोरलेन के चुटूपालू घाटी में एक बार फिर अनियंत्रित ट्रक ने तबाही मचायी है। शनिवार को रांची की और से आ रही पाइप लदा ट्रक का घाटी में ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद वह ट्रक मौत बनकर दौड़ पड़ी और सामने जो भी गाड़ियां आई उसे अपनी चपेट में ले ली। घटना में कई वाहनों के परखच्चे उड़ गये। इस घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जबकि, दर्जनों यात्री घायल हो गये। वही, गंभीर रूप से घायलों का सदर अस्पताल में प्राथमिकी उपचार के बाद रिम्स रेफर कर दिया गया। इधर, घटना की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने सड़क पर पड़ी दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को क्रेन के माध्यम से हटवाया।

बेकाबू ट्रक ने उड़ा दिये कई गाड़ियों के परखच्चे: जानकारी के अनुसार चुटूपालू घाटी में पहले से ही एक ट्रक ओडी 14 एक्स 9147 दुर्घटनाग्रस्त हुई थी। उस ट्रक को सड़क से हटाने के लिए क्रेन लगाये गये थे। इसी दौरान रांची की तरफ से आ रहे ट्रक यूपी 66 टी 7482 का ब्रेक फेल हो गया। इसके बाद ट्रक बेकाबू हो गयी और क्रेन को ही जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि राहत बचाव कार्य में लगा क्रेन क्षतिग्रस्त होकर डिवाइडर पर चढ़ गया। इसके बाद उसने एक होंडा शाइन बाइक जेएच 01 डीआर 6136, बुलेट जेएच 01डीई 1238, पिकअप वैन जेएच 01 डीए 8814, यात्रियों से भरी हेमकुंड बस जेएच 02 एआर 5737 को भी जोरदार टक्कर मारी। यह टक्कर भी इतनी तेज थी कि यात्रियों से भरी बस भी डिवाइडर से टकरा कर सड़क के बीचों बीच पलट गयी। इसके बाद एक वैन्यू कार को टक्कर मारकर यह ट्रक खुद ही घाटी में पहाड़ी से टकरा गयी।

सीसीएल पदाधिकारियों की हालत गंभीर, मृतक की हुई शिनाख्त : चुटूपालू घाटी में हुए सड़क हादसे में घायल 2 सीसीएल पदाधिकारियों की हालत गंभीर बनी हुई है। उनकी पहचान कर्मा कोलियरी के असिस्टेंट मैनेजर भरत केसरी और कुजू जीएम ऑफिस में डिप्टी मैनेजर के पद पर पदस्थापित सीतेश कुमार के रूप में हुई है। आनन-फानन में उन्हें अस्पताल भर्ती कराया गया। उसके बाद चिकित्सकों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया। वही, मृतक बाइक सवार की पहचान सारूबेड़ा निवासी करीब 42 वर्ष तारकेश्वर महतो के रूप में हुई।

सात रेफर, दो का रामगढ़ में चल रहा इलाज, 5 का प्राथमिकी उपचार हुआ

रामगढ़ सदर अस्पताल से घायल गुमला निवासी कमलेश भगत, रांची रातू निवासी भरत केसरी, रांची निवासी सीतेश कुमार, अरगोड़ा निवासी दीक्षा कुमारी, हटिया निवासी पंकज कुमार, गुमला निवासी जनार्दन साव और राजेश कुमार को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया है। रांची निवासी सुमित माहेश्वरी और लपंगा निवासी रुस्तम अंसारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती रखा गया है। इसके अलावा लोहरदगा निवासी कुलेश्वर उरांव, चितरपुर निवासी खुदा बख्श, गोमिया निवासी केदारनाथ, उड़ीसा निवासी जलधर और रांची निवासी लक्ष्मण उरांव को इलाज के बाद अस्पताल से घर भेज दिया गया है।

सड़क दुर्घटना के बाद घंटों रहा जाम

चुटूपालू घाटी में हुए भीषण सड़क दुर्घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर आवागमन घंटों बाधित रहा। रामगढ़ पुलिस ने क्रेन की सहायता से सभी क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से उठाया और फिर उन्हें सुरक्षित स्थान पर लगवाया। इसके बाद पुलिस ने 4 घंटे के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 33 पर आवागमन शुरू किया। लेकिन जाम में फंसी गाड़ियों को निकालने में भी पुलिस के पसीने छूट गये। घंटो जाम में फंसे रहे आम नागरिकों को भीषण गर्मी में काफी परेशानी हुई।

खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मना

टंडवा (आजाद सिपाही)। टंडवा मंडल अंतर्गत खधैया में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष संजीव पांडेय ने किया। कार्यक्रम में विशेष रूप से भाजपा नेता ईश्वर दयाल पांडेय और प्रमोद कुमार सिंह उपस्थित थे। कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुये ईश्वर दयाल पांडेय ने कहा कि भाजपा के कार्यकर्त्ता सौभाग्यशाली हैं जो आज दुनिया के सबसे बड़े पार्टी के कार्यकर्त्ता हैं और जिसके नेता दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता पीएम नरेंद्र मोदी हैं। भारतीय जनता पार्टी पहली बार दो सीट जीती थी। और आज 400 पार करने की स्थिति में है। सभी कार्यकर्ताओं ने 400 पार और चतरा में 5 लाख पार का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित हुये और इसके लिए सभी बूथों पर 90 प्रतिशत मत भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में मतदान कराने के लिए संकल्पित हुये। इस मौके पर रामचंद्र गुप्ता, रामदास राणा, देवनाथ महतो, हरेन्द्र राणा, मुकेश राणा और अन्य उपस्थित थे।

मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

पतरातू (आजाद सिपाही)। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इस दौरान निर्वाचन के स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन और इस शत प्रतिशत मतदाताओं का अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निर्देश पर शनिवार को अपर समाहर्ता रामगढ़ गीतांजली कुमारी ने पतरातू प्रखंड के रोचाप, कटिया, सांकुल, सयाल, सौंदाडीह, जयनगर, भुरकुंडा, जवाहरनगर, चिकोर, भदानीनगर सहित अन्य क्षेत्रों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर मतदान केंद्र पर उपलब्ध आवश्यक मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। मौके पर अपर समाहर्ता ने मतदान केंद्र पर उपस्थित बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर्स आदि को उनके उनके क्षेत्र में प्रत्येक योग्य मतदाता का नाम मतदाता सूची में अंकित होना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया वहीं उन्होंने सर्वे कर जिन व्यक्तियों का किसी कारणवश अब तक मतदाता पहचान पत्र नहीं बन पाया है उनसे तत्काल रूप से प्रारूप 6 भरवाने का निर्देश दिया। इन सबके अलावा निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता ने सभी बीएलओ और बीएलओ सुपरवाइजर्स को उनके क्षेत्र में मतदाता जागरूकता के तहत आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में ज्यादा से ज्यादा आम जनों की सहभागिता सुनिश्चित कराने व लोगों तक कार्यक्रमों की सूचना पहुंचाने का निर्देश दिया। इस मौके पर मनोज कुमार गुप्ता, पंचायत सेवक नरेश प्रसाद आदि शामिल थे।

सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शुरू, डस्ट और धूल से मिलेगी निजात

रांची (आजाद सिपाही)। सर्कुलर रोड के रेस्टोरेशन का काम शनिवार से शुरू हो गया है। जुडको की एजेंसी नागार्जुना कंस्ट्रक्शन द्वारा इस रोड में पेयजलापूर्ति के लिए पाइपलाइन बिछाने का काम शुरू किया गया था। पाइप बिछाने के बाद रेस्टोरेशन के लिए मिट्टी बैठने और हाइड्रो परीक्षण का काम तकनीकी रूप से पूरा होने के बाद सड़क को सुधारने का काम शुरू किया गया है। उल्लेखनीय है कि पाइप बिछाये जाने के बाद ऊपर डस्ट डालने के कारण आम लोगों को परेशानी हो रही थी। सर्वप्रथम रेस्टोरेशन का काम जेल मोड़ से आरंभ किया गया है। इसका कालीकरण कर सड़क को पुराने स्वरूप में लाया जायेगा। जेल मोड से लालपुर तक 900 मीटर की सड़क पर पहले डीबीएम डाला गया है, तकनीकी आवश्यकर्ताओं के कारण डीबीएम पर बिटुमिनस लेयर अथवा कालीकरण एक सप्ताह बाद शुरू किया जायेगा। इससे कम से कम डस्ट और धूल से निजात मिल पायेगी। इस बीच लालपुर से कोकर रोड पर रेस्टोरेशन के लिए प्राथमिक आवश्यकता के अनुरूप डस्ट हटा कर डब्ल्यूएमएम और जीसीबी अथवा गिट्टी बिछाने और उसे भिगाने का काम भी शुरू कर दिया गया है। जल्द ही इस क्षेत्र में भी डीबीएम का काम शुरू किया जायेगा। जेल मोड़ से लालपुर के बीच चार दिनों में डीबीएम का काम पूरा हो जायेगा। इसके बाद लालपुर से कोकर के बीच डीबीएम और कालीकरण का काम शुरू किया जायेगा। रेस्टोरेशन का काम पूरा होने पर डस्ट से मुक्ति मिलने के साथ ही यातायात भी सुचारू हो जायेगा।

प्रेस क्लब के पास थार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, दोनों युवकों की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। तेज गति से जा रही थार गाड़ी ने स्कूटी को टक्कर मार दी। इस हादसे में स्कूटी पर सवार दो युवक की मौत हो गयी। यह घटना लालपुर थाना क्षेत्र के बूटी रोड स्थित प्रेस क्लब के पास हुई है, जहां शनिवार की रात करीब 9:30 बजे तेज गति से आ रही जेएच 01इएन 0011 नंबर एक थार ने स्कूटी को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि स्कूटी पर सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि दूसरे की इलाज के दौरान मौत हो गयी। मृतकों की पहचान 27 वर्षीय अनुज कुमार और 25 वर्षीय अंकुश कुमार के रूप में हुई है।

वहीं घटना से आक्रोशित लोगों ने थार जीप में तोड़फोड़ की है। घटना की सूचना मिलने के बाद लालपुर पुलिस मौके पर पहुंची और थार गाड़ी को जब्त कर लिया है।

पुलिस के अनुसार स्कूटी सवार दोनों युवक लोकायुक्त कार्यालय के समीप अपनी गाड़ी को मोड़ रहे थे, उसी वक्त राजभवन की ओर से तेज रफ़्तार में थार करमटोली की ओर आ रही थी, थार गाड़ी चालक ने संतुलन खो दिया और स्कूटी रौंदते हुए भागने का प्रयास किया, लेकिन, स्थानीय लोगों की मदद से पकड़ लिया गया। हालांकि, भीड़ का फायदा उठाकर थार गाड़ी में सवार युवक मौके से भाग गये है।

प्रतापपुर में चला वाहन चेकिंग अभियान

प्रतापपुर / चतरा (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव को लेकर प्रतापपुर पुलिस ने शनिवार को थाना क्षेत्र के प्रतापपुर जोरी मुख्य मार्ग स्थित अमझर नदी पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। प्रतापपुर थाना प्रभारी प्रशिक्षु आईपीएस शुभम खंडेलवाल के नेतृत्व में एंटी क्राइम और सड़क सुरक्षा को लेकर थाना क्षेत्र के अमझर नदी पर दो पहिया, तीन पहिया और चार पहिया वाहन को रोक कर वाहनों के कागजात और डिक्की खुलवाकर जांच की गयी। वहीं हेलमेट नहीं पहनने वाले बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए हेलमेट लगाकर सड़क पर चलने का निर्देश दिया गया। थाना प्रभारी ने बताया कि सड़क सुरक्षा व एंटी क्राइम को लेकर लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलता रहेगा। दो पहिया वाहन चलने वाले सभी लोग हेलमेट पहने बिना दो पहिया वाहन नहीं चलाये नहीं तो कार्रवाई की जायेगी।

गेगदा में सरहुल पूजा मनाने को लेकर बैठक

भुरकुंडा (आजाद सिपाही)। सरहुल पूजा मिलन समारोह मनाने को लेकर शनिवार को गेगदा में ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सरहुल पूजा की तैयारियों पर चर्चा की गयी। कहा गया की समारोह में पतरातू प्रखंड के गांवो से खोड़ा शामिल होंगे। सभी लोगों को सरहुल पूजा की शुभकामनाएं देते हुए अनुरोध किया गया की प्रकृति का महापर्व सरहुल में तमाम लोग पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हो। झारखंड की संस्कृति-सभ्यता से पर्व मनाने के लिए ग्रामीण आगामी 12 अप्रैल को गेगदा मुरकट्टी टोंगरी में पहुंचे। बैठक के दौरान सरहुल पूजा व समारोह की सफलता को ले उपस्थित लोगों को कई जिम्मेरियां भी सौंपी गयी। बैठक में मुख्य रूप से मेला समिति के अध्यक्ष सह कुरसे मुखिया संदीप उरांव, सचिव आदित्य केरकेट्टा, कोषाध्यक्ष सुभाष उरांव, अभिषेक कच्छप, संरक्षक सह बलकुदरा मुखिया विजय मुंडा, पूव पार्षद झरी मुंडा, बिरसा उरांव, राजेंद्र तिग्गा, भुनेश्वर पाहन, सयोंजक विकाश कच्छप, अनिल उरांव, संगठन सचिव सुनील मुंडा, ज्योतिष उरांव, सुनील उरांव, बिपिन, अजय उरांव, जतलु उरांव, भोला उरांव, जितेन्द्र उरांव, बिनोद उरांव, भरत लिंडा, सोनू उरांव, रंजीत उरांव, बिपुल, मुकेश सहित कई ग्रामीण मौजूद थें।

गेतलसूद में भाजपा का स्थापना दिवस मना

अनगड़ा (आजाद सिपाही)। अनगड़ा के गेतलसूद में भाजपा का 45वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के संस्थापक सदस्यों की तसवीर पर पुष्प अर्पित कर और केक काट कर मनाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य जैलेंद्र कुमार, एससी मोर्चा के जिला महामंत्री संजय नायक, उप मुखिया शंकर बैठा, पूर्व मुखिया नीलमोहन पाहन, बालक महतो, राजन महतो, राजेश लोहरा, मुन्ना नायक, संदीप करमाली और नारायण महतो आदि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में जैलेंद्र कुमार ने पार्टी के सिद्धांतों की चर्चा करते हुए कहा कि दो सदस्यों से शुरू हुई पार्टी आज 303 लोकसभा सदस्यों के साथ विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है।

जिला कार्यालय में आजसू पार्टी जिला कमेटी की बैठक संपन्न

सभी सीटों पर झंडा बुलंद करेगा एनडीए: रोशनलाल

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। आजसू पार्टी जिला कमिटी की एक आवश्यक बैठक जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी और संचालन जिला सचिव लालचंद महतो ने किया। मौके पर मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह बड़कागांव विधानसभा प्रभारी रोशनलाल चौधरी उपस्थित हुए। जबकि विशिष्ट रूप से केंद्रीय महासचिव सह मांडू विधानसभा प्रभारी तिवारी महतो, केंदीय महासचिव विजय साहू, केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो, केंद्रीय सचिव मनोज महतो, केंद्रीय सचिव जलेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव धनेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव भोला तुरी, केंदीय सचिव तापेश्वर महतो, केंद्रीय सचिव सह जिप सरस्वती देवी आदि शामिल थे।

सम्मेलन में मुख्य अतिथि पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो सहित विशिष्ट के रूप में सम्मानित सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी, विधायक सुनीता चौधरी, पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवशरण भगत, केंद्रीय महासचिव रोशनलाल चौधरी, मांडू विस प्रभारी तिवारी महतो सहित कई केंद्रीय नेता शामिल होंगे। वहीं आमंत्रित अतिथि के रूप में हजारीबाग लोकसभा के एनडीए उम्मीदवार मनीष जायसवाल की उपस्थिति रहेगी।

उक्त सम्मेलन में पूरे हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के आजसू पार्टी के ग्राम / पंचायत प्रभारी सहित प्रमुख नेताओं-कार्यकर्ताओं का जमावड़ा होगा।

मौके पर दिनेश महतो, विमल बुधीया, रीना साह, हेमलाल महतो,किशुन महतो, किशुन मुंडा, अनुज तिवारी, हरीरत्नम साहू, धर्मेंद्र साव भोपाली, कुंजलाल प्रजापति, जलेश्वर महतो, राजेश महतो, देवा महतो, महेश करमाली, नरेश महतो, पंकज महतो, अरुण अग्रवाल, हरेश राय, कृष्णा कुशवाहा, नीरज मंडल, अनुपमा सिंह, ममता देवी, विश्वरंजन सिन्हा, छोटू पटेल, प्रदीप कुशवाहा, भुनेश्वर महतो, मुरारी शर्मा, मीरा देवी, कुंती देवी, नीलम देवी, कंचन देवी, अरुण अग्रवाल, रामभजन लाला महतो, खुशी लाल महतो, बीटी सिंह, कुंजलाल प्रजापति, नित्यानंद महतो, अंगद महतो, पंकज कुमार, दशरथ कुमार, सुबीन तिवारी, दिलीप कुमार महतो, अनुराग भारद्वाज, जय किशोर महतो, तेजनाथ महतो, पवन करमाली, मनोज महतो, सविता देवी, प्रतिबाला देवी, मंजू देवी, सुमन मिश्रा, यशोदा देवी, अब्दुल हकीम अंसारी, युगेश्वर महतो, रामबृक्ष महतो, दीपू गुप्ता, बालेश्वर महतो, मनोज साहू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित।

मांडू चट्टी की मुखिया ने डीसी को लिखा पत्र

रामगढ़ (आजाद सिपाही)। पंचायत प्रतिनिधियों को पैसे और प्रभाव के बल पर लगातार बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। यह वाक्या रामगढ़ जिले के मांडू प्रखंड क्षेत्र में हो रहा है। इसका खुलासा शनिवार को तब हुआ जब मांडू चट्टी की मुखिया अनीता देवी ने डीसी से शिकायत की। उन्होंने कहा है कि मांडू में अवैध ईंट भट्ठे के संचालक, जमीन माफिया और कोयला तस्कर रमेश साव के द्वारा इस तरह की हरकत की जा रही है। डीसी को लिखे गये आवेदन में मुखिया अनीता देवी ने कहा है कि रमेश साव सरकारी भूमि पर फर्जी दस्तावेज बनाकर कब्जा कर चुका है। वन भूमि के एनओसी के बगैर ईंट भट्ठे का संचालन कर रहा है। एनएचएआई के किनारे वन विभाग द्वारा चिन्हित किये गये ट्रेंच को भरकर वहां पेड़ों की कटाई कर रहा है। इन सब पर विभागीय अधिकारी मौन है। जिसका फायदा रमेश साव उठा रहा है। उसके खिलाफ लगभग 19 मामले थाना और कोर्ट में दर्ज हैं। यहां तक कि वह व्यक्ति प्रखंड विकास पदाधिकारी के कार्यों में भी बांधा डालता है। इस सब के बावजूद वह पंचायत प्रतिनिधि के खिलाफ झूठा प्रचार करता है। साथ ही अलग-अलग तरीके से षड्यंत्र रच कर आम नागरिकों के काम में बाधा पहुंचता है। मुखिया अनीता देवी ने ऐसे असामाजिक तत्व के खिलाफ जांच कर कार्रवाई करने की मांग की है। उन्होंने डीसी के अलावा मनरेगा आयुक्त, ग्रामीण विकास विभाग, रांची को भी पत्र लिखा है। इधर रमेश साव ने कहा की मुखीया के खिलाफ जो भी आवेदन दिया जा रहा है, उसमें मेरा कोई लेना-देना नहीं है मैं खुद एक कुआं का लाभुक हूं जिसमें मुखिया, मुखिया पति और रोजगार सेवक कमीशन के चक्कर में राशि का भुगतान रुकवा दिया गया है।

बंगाल में एनआइए की टीम पर हमला

आजाद सिपाही संवाददाता

कोलकाता। बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के संदेशखाली में इसी साल पांच जनवरी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों पर हमले की घटना के तीन महीने बाद अब पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) की टीम पर हमला हुआ है। कलकत्ता हाई कोर्ट के निर्देश पर शनिवार सुबह एनआइए की टीम 2022 में हुए विस्फोट कांड की जांच के सिलसिले में भूपतिनगर गई थी। मामले में आरोपित बलाई चरण माइती व मनोब्रत जाना नामक दो तृणमूल नेताओं को गिरफ्तार कर अपने साथ कोलकाता ले जाने की प्रक्रिया पूरी करने के लिए स्थानीय थाने ले जाते वक्त कुछ लोगों ने उनकी रिहाई की मांग करते हुए एनआइए की गाड़ी को घेरकर हमला कर दिया। कार में तोडफोड़ और जांच अधिकारियों से मारपीट की गई, जिसमें दो अधिकारियों को मामूली चोटें आई हैं। एनआइए हालांकि दोनों आरोपितों को थाने ले जाने के बाद कोलकाता लाने में सफल रही। एनआइए की ओर से घटना की स्थानीय थाने में प्राथमिकी भी दर्ज कराई गई है, जिसके आधार पर बंगाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू की है।

भाजपा की मदद करने गयी थी एनआइए : ममता

मुख्यमंत्री और तृणमूल सुप्रीमो ममता बनर्जी ने लोकसभा चुनाव के वक्त एनआइए की कार्रवाई पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि वह भाजपा की मदद करने वहां गयी थी। उत्तर बंगाल के रायगंज में चुनावी सभा के मंच से ममता ने सवाल दागा कि एनआइए ने वहां जाने से पहले पुलिस को सूचना क्यों नहीं दी? ममता ने दावा किया कि आधी रात के वक्त कार्रवाई की गयी। उन्होंने कहा कि आधी रात को कोई गांव में घुसेगा तो गांववाले वही करेंगे, जो उन्हें करना चाहिए। मालूम हो कि 2022 में भूपतिनगर में एक मकान में हुए विस्फोट की घटना में तीन लोगों की मौत हो गयी थी। अदालत के निर्देश पर एनआइए घटना की जांच कर रही है। गिरफ्तार दोनों तृणमूल नेताओं पर इलाके में कच्चा बम तैयार करने के आरोप हैं।

स्थानीय तृणमूल नेतृत्व ने हालांकि एनआइए अधिकारियों की कार पर हमले से इन्कार किया है। तृणमूल नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में शनिवार को भूपतिनगर में जगह-जगह प्रदर्शन किया गया।

एसपी की प्रेस कांफ्रेंस : चोर गिरोह का किया पर्दाफाश

चोरी की घटना में शामिल तीन आरोपी गिरफ्तार

आजाद सिपाही संवाददाता

रामगढ़। जिले के वेस्ट बोकारो ओपी क्षेत्र में तांडव मचाने वाले चोर गिरोह का रामगढ़ पुलिस ने पदार्फाश किया है। यहां डीएवी स्कूल और एयरटेल टावर में चोरी करने के मामले में तीन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को एसपी डॉ बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इस पूरे मामले की जानकारी दी। एसपी ने बताया कि पहली घटना डीएवी स्कूल परिसर में हुई थी। यहां ग्राउंड के चेंजिंग सह स्टोर रूम से चोरों ने लाखों रुपए की संपत्ति चोरी कर ली थी। इस मामले में कांड संख्या 85/24 दर्ज हुई थी। एसपी के निर्देश पर तत्काल सीडीपीओ परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में एक टीम बनायी गयी और चोरों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने सोम कुमार उर्फ बजरंगी और जाहिद खान उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया।

खेल के सामान और पंखे तक हो गये थे चोरी

एसपी ने बताया कि सोम कुमार मूल रूप से औरंगाबाद जिले के ओबरा थाना क्षेत्र अंतर्गत कारा मोड़ का निवासी है। वर्तमान में वेस्ट बोकारो में ही बोरिंग कैंप कच्चा क्वार्टर में रह रहा था। उसका साथी जाहिद भी कच्चा क्वार्टर 12 नंबर चौक मस्जिद के पीछे रहता था। उन लोगों ने मिलकर स्कूल कैंपस से फेंसिंग स्पूल, फेसिंग स्कोर बोर्ड, आर्चरी इक्विपमेंट, धनुष-तीर, पंखा आदि चोरी कर लिया था। चोरी किये गये इन सारे सामानों को बरामद भी कर लिया गया है।

एयरटेल टावर से हुई थी डकैती: एसपी ने बताया कि बंजी गांव में लगे एयरटेल टावर से कंपनी के ही ड्राइवर शशिकांत करमाली ने सुरक्षाकर्मी को धमका कर अजना लूट लिया था। इस मामले में कांड संख्या 88/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था। एसपी ने बताया कि शुक्रवार की रात हुई इस घटना के बाद तत्काल पुलिस ने छापेमारी शुरू की। पुलिस ने एयरटेल कंपनी के ही वाहन चालक शशिकांत करमाली जो की भेलगढ़ा का रहने वाला था उसे गिरफ्तार किया। पूछताछ के क्रम में उसने डकैती कांड में अपने संलिप्तता स्वीकार की।

छापामारी टीम में ये थे शामिल: एसडीपीओ परमेश्वर प्रसाद, पुलिस निरीक्षक मांडू सुरेश लिंडा, बेस्ट बोकारो ओपी प्रभारी सदानंद कुमार, सब इंस्पेक्टर रंजीत कुमार, संजय बेदिया, एएसआई राजेश राय सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

पुआल में आग लगने से बच्ची की मौत

टंडवा /चतरा (आजाद सिपाही)। थाना क्षेत्र के बरकुटे गांव निवासी विशेश्वर साव उर्फ काला साव की 3 वर्षीय पोती की आग में झुलसने से मौत हो गयी। घटना को लेकर पड़ोस के लोगों ने बताया कि दो तीन बच्चे आपस में अपने आंगन में खेल रहे थे। सामने ही अल्बेस्टर के रूम में पुआल रखा हुआ था। जिसमे अचानक आग लग गया। आग लगते ही बाकी बच्चे बाहर भाग कर हल्ला मचाने लगे, बच्चों को हल्ला करता सुन के एवं घर से धुआं निकलता देख,अगल-बगल के लोग इकट्ठा हुए और आग को बुझाने लगे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी।

शपथ पत्र

शपथ पत्र के अनुसार क्र. सं. - दिनांक 22.02.2024 मैं. सुरेन्द्र कुमार सिंह (SURANDRA KUMAR SINGH) पिता-सीताराम सिंह, उम्र लगभग 47 वर्ष, धर्म-हिन्दू, पेशा-ग्राईवेट भीकरी, राष्ट्रीयता भारतीय, निवास स्थान ग्राम-रामपुर, पो०-कटुअल, थाना-चौनपुर जिला-पलामु (झारखण्ड) शपथपूर्वक निम्न ब्यान करता हूँ कि:- 1 यह कि, मेरा सही एवं वास्तविक नाम सुरेन्द्र कुमार सिंह (SURANDRA KUMAR SINGH) है जो मेरे पैन आधार संख्या-5265 7909 3811 है। कार्ड और आधार कार्ड में दर्ज है जिसका - 5265 7909 3811 है, 2. यह कि. लिपीकीय भुलवश मेरा नाम मेरे बैंक खाता में सुरेन्द्र सिंह (SURENDRA SINGH) दर्ज हो गया है जिसका बैंक खाता नं 407810110003683 है। 3 यह कि, मेरे उसी उक्त खाता में बतौर नॉमिनी मेरी पत्नी का नाम मीना देवी (Meena Devi) दर्ज हो गया है जबकि उसका वास्तविक नाम मीरा देवी (Mira Devi) है जो उसके आधार कार्ड में दर्ज है जिसका आधार नं0-5327 8097 7800 है। 4. यह कि, सुरेन्द्र कुमार सिंह (SURANDRA KUMAR SINGH) एवं सुरेन्द्र सिंह (SURENDRA SINGH) दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम है जो कि मैं स्वयं हूँ और मीना देवी (Meena Devi) एवं मीरा देवी (Mira Devi) दोनों नाम एक ही महिला का नाम है जो मेरी पत्नी है। यह कि मैं शपथ पत्र अपने बैंक खाता में दर्ज अपने गलत नाम में सुरेन्द्र कुमार सिंह (Surandra Kuamr Singh) दर्ज करने एवं नामनी में अपनी पत्नी का सही नाम मीरा देवी (Mira Devi) दर्ज करने के लिए बना रहा हुँ। यह कि उपरोक्त सत्य एंव सही है।

मुख्य विपक्षी दल का घोषणा पत्र

मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस ने शुक्रवार को घोषणा पत्र जारी कर उन प्रमुख बिंदुओं को स्पष्ट किया, जहां उसके मुताबिक सत्ता पक्ष का प्रदर्शन ठीक नहीं रहा है और अगर मतदाताओं ने मौका दिया तो सत्ता में आने पर वह उन पर अपना ध्यान केंद्रित करेगी। इस लिहाज से कांग्रेस के इस न्याय पत्र की कुछ बातें खास तौर पर ध्यान देने लायक हैं। जातिगत जनगणना इस घोषणा पत्र का अहम हिस्सा है, जिसकी राष्ट्रीय स्तर पर चुनावी परीक्षा होनी है। माना जा सकता है कि अगर इस बार की वोटिंग में इस मुद्दे की खास भूमिका नहीं दिखती है, तो बहुत संभव है कि आने वाले दौर में आरक्षण जैसे मुद्दे की राजनीतिक अहमियत कम होती नजर आये। घोषणा पत्र में कहा गया है कि 10 वर्षों का एनडीए शासन 10 साल के यूपीए राज के मुकाबले विकास दर की कसौटी पर कमजोर साबित हुआ है। यह केंद्र की बीजेपी सरकार के डेवलपमेंट के नैरेटिव को चुनौती है। इन परस्पर विरोधी दावों की प्रामाणिकता के सवाल में उलझे बगैर यह देखना ज्यादा दिलचस्प होगा कि मतदाता किसके दावे पर अपनी मुहर लगाते हैं। हालांकि, कुछ समय पहले हुए विधानसभा चुनावों में कांग्रेस और बीजेपी दोनों ही ओर से लोकलुभावन वादे हुए थे। तब अधिक लोगों का झुकाव केंद्र की सत्तारूढ़ पार्टी की ओर दिखा। कल्याणकारी घोषणाओं पर जोर देने के बावजूद कांग्रेस का यह घोषणापत्र ओल्ड पेंशन स्कीम (ओपीएस) पर चुप्पी साधे हुए है। पिछले कुछ विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का इस पर जोर था। हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में मिली कामयाबी के पीछे इस वादे की भी भूमिका बतायी गयी थी, लेकिन आर्थिक विशेषज्ञों की राय थी कि यह वित्तीय समझदारी के खिलाफ है। ऐसे में कांग्रेस ने अगर सोच-समझे ढंग से इस मुद्दे पर कदम पीछे खींचने का जोखिम उठाया है, तो इसकी सराहना होनी चाहिए। सत्तारूढ़ बीजेपी की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिये जाने लगे हैं। उदाहरण के लिए पार्टी ने खानपान, वेशभूषा, भाषा और पर्सनल लॉ के मामले में अल्पसंख्यकों समेत सभी नागरिकों के लिए चयन की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की बात खास तौर पर कही है। कुल मिला कर, मुख्य विपक्षी दल के इस घोषणा पत्र को इस मामले में साहसिक कहा जायेगा कि इसने नीतियों की वैकल्पिक दिशा स्पष्ट करने की कोशिश की है। अब इस पर वह वोटरों को कैसे और किस हद तक आश्वस्त कर पाती है, यह देखने वाली बात होगी।

सत्तारूढ़ बीजेपी की नीतियों से खुद को अलग दिखाने के प्रयास में पार्टी ने उन विवादित मुद्दों से भी परहेज नहीं किया है, जो खास तौर पर हाल के वर्षों में राजनीतिक और चुनावी लिहाज से हानिकारक करार दिये जाने लगे हैं।

अभिमत
आजाद सिपाही

परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबा जी महाराज को बाल्यकाल से ही अनंत सिद्धियां प्राप्त थीं। मां अन्नपूर्णा उनको सिद्ध थीं। कैसा भी बीहड़ जंगल हो, सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था वह अपनी सिद्धि से कर दिया करते थे। जहां कहीं भी वे रहते बराबर भंडारों का तांता लगा रहता था। उन्होंने अनेक भक्तों को प्राण दान दिया। रोग मुक्त किया। आर्थिक संकटों से उवारा एवं अन्य आपत्तियों से रक्षा की। भक्त उनका भगवान शिव के भाव से रुद्राभिषेक करते तो कभी कृष्ण रूप में उनकी झांकियां सजाते।

सिद्ध संतों में एक थे उड़िया बाबाजी महाराज

पूर्णोत्तम दीक्षित

परम पूज्यपाद श्रीउड़िया बाबाजी महाराज भारत के सिद्ध संतों में एक थे। उनका अद्भुत जीवन संपूर्ण समाज के लिए एक आदर्श रूप था। उनकी कृपा से असंख्य लोगों में भक्ति और ज्ञान की जागृति हुई। चैत्र कृष्ण चतुर्दशी रविवार, 7 अप्रैल 2024 को उनका 75वां निर्वाण दिवस है। आज भी उनकी परंपरा में परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद सरस्वती एवं उनके कृपा पात्र जगद्गुरु शंकराचार्य ब्रह्मलीन स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती के आशीर्वाद से वर्तमान में श्री उड़िया बाबा आश्रम वृंदावन धाम में सुचारू रूप से चल रहा है। उनके समकालीन संतों में पूज्य स्वामी श्री करपात्री जी महाराज, श्री हरि बाबा जी, श्रीश्री मां आनंदमई, स्वामी श्री गंगेश्वरानंद जी महाराज, स्वामी श्री शरणानंद जी व अन्यान्य महान संत उनके साथ वेदांत सत्संग करते रहे। श्री उड़िया बाबाजी के अनन्य भक्तों में जगद्गुरु शंकराचार्य श्री शांतानंद सरस्वती, स्वामी श्री प्रबोधानंद सरस्वती, महर्षि कार्तिकेय जी, श्री पलटू बाबा जी, गोवर्धन के सिद्ध संत पंडित गया प्रसाद जी, स्वामी सिद्धेश्वराश्रम जी व अन्य संतों के नाम उल्लेखनीय हैं।

परम पूज्य श्री उड़िया जी महाराज के निर्वाण के बाद उनके श्रीकृष्ण आश्रम में भक्तों ने उनका भव्य मंदिर बनाया।

परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबा जी महाराज को बाल्यकाल से ही अनंत सिद्धियां प्राप्त थीं। मां अन्नपूर्णा उनको सिद्ध थीं। कैसा भी बीहड़ जंगल हो, सभी लोगों के भोजन की व्यवस्था वह अपनी सिद्धि से कर दिया करते थे। जहां कहीं भी वे रहते बराबर भंडारों का तांता लगा रहता था। उन्होंने अनेक भक्तों को प्राण दान दिया। रोग मुक्त किया। आर्थिक संकटों से उवारा एवं अन्य आपत्तियों से रक्षा की। भक्त उनका भगवान शिव के भाव से रुद्राभिषेक करते तो कभी कृष्ण रूप में उनकी झांकियां सजाते। कई उत्सवों पर



भक्त इष्ट रूप में उनका पूजन-अर्चन करते थे। वह भक्तों के लिए सबकुछ करते हुए भी इस भाव से रहते थे कि जैसे उन्होंने कुछ नहीं किया।

उड़िया बाबाजी महाराज ने कामाख्या में मां जगदंबा की आराधना की तो मां साक्षात प्रकट हुईं और उनको एकाकार कर लिया। कालांतर में वह नित्य निरंतर समाधि में लीन रहते थे परमपूज्य स्वामी श्री अखंडानंद जी महाराज के कथनानुसार उड़िया बाबाजी का स्वरूप अलौकिक था। बाबा के विचार का उत्कर्ष, चित्त की समाधि, जीवन की प्रेममयता और रहने की सादगी पास रहकर देखने योग्य थी। भक्त लोग उनको सर्वज्ञ एवं सर्वशक्तिमान मानते थे। बहुतों के तो वह महज सद्गुरु ही नहीं बल्कि इष्टदेव भी थे। उन्होंने अपने निजी संस्मरण में एक अद्भुत प्रसंग का उल्लेख किया है। एक दिन की बात है कि जब वह संन्यासी भी नहीं हुये थे, रात्रि के समय आश्रम की छत पर लेटे हुए थे। पास ही संन्यासी मित्र स्वामी निर्मल दासजी थे। दोनों ने निश्चय किया कि कहीं एकांत में चलकर साथ-साथ रहा जाए। प्रातः काल 4 बजे दोनों वेदांत के सत्संग में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के पास गए तो वो बोले, तुम दोनों का एक साथ रहना ठीक नहीं है। उन्होंने (अखंडानंदजी) ने सोचा कि क्या महाराजजी ने मन की बात जान ली है ? यदि यह सही है तो इस समय ही वो मुझे खाने के लिए कोई चीज दें। तब मैं समझूंगा कि वह मेरे मन की बात जान गए हैं। इतने में तुरंत उड़िया बाबाजी ने एक सेवक को पुकार कर कहा, भइया इनको इस समय भूख लगी है। कुछ लाओ तो। सेवक कुछ खाद्य सामग्री ले आया और प्रसाद में बहुत से केले और पेड़े दिये। स्वामीजी कहते हैं कि वह लज्जा और संकोच से दब गये। श्री महाराज जी के विषय में ऐसी एक नहीं, अनेक घटनाएं जीवन में देखने में आयीं।

साधन काल में बाबा कभी लेट कर नहीं सोते थे। 10 वर्ष तक वो लेटे नहीं थे। बैठे रहते थे या चलते थे। कभी उनको दो-तीन घंटे से अधिक सोते हुए किसी ने नहीं देखा। जीवन पर्यंत उन्होंने कठोर साधना की। उनकी रहनी आश्चर्यमय थी।

श्री उड़िया बाबाजी महाराज भक्तों और जिज्ञासुओं के साथ परमार्थ चर्चा करते थे। उनके श्रीमुख से जो वचानामृत निकलते थे, उनसे सभी को बहुत शांति का अनुभव होता था। उनके जीवन काल में ही गीता प्रेस गोरखपुर से उनके उपदेशों का एक संग्रह प्रकाशित हुआ था। बाद में उनके आश्रम से श्री उड़िया बाबाजी के उपदेश प्रकाशित हुए।

श्री उड़िया बाबा जी महाराज बोलते थे कि दुर्गा पाठ में अलौकिक व असीम शक्ति है। दुर्गा पाठ से असंभव भी संभव हो जाता है। श्री दुर्गा सप्तशती के अर्गला, कीलक और कवच पाठ से सारे कार्य सिद्ध हो जाते हैं। नाम जप पर उनका बहुत जोर रहता था। बाबा ने बताया था कि जप सबसे कठिन चीज है। ज्ञान और ध्यान से जप को वह कठिन समझते थे। वह कहते थे कि सब प्रकार की बातें छोड़कर निरंतर एक ही मंत्र का जप करते रहना साधारण बात नहीं है ।

जप में विलक्षण शक्ति होती है। मंत्र से भी बड़ा नाम होता है क्योंकि मंत्र जप में विधि का बंधन है जबकि नाम जप में विधि विधान की कोई आवश्यकता नहीं है। जिनकी राम नाम में निष्ठा हो गई उसके लिए संसार में क्या काम बाकी रहा ? जब कृष्ण का नाम लो तो स्वयं को गोलोक में समझो। नाम जप से नित्य-निरंतर चमत्कार होते रहते हैं।

वृंदावन में श्री उड़िया बाबाजी महाराज के श्रीकृष्ण आश्रम की बड़ी ख्याति थी। भक्तों, साधकों, संतों का वहां तांता लगा रहता था। जीवन में शुद्धि, वैराग्य और अभ्यास पर बाबा का बहुत जोर रहता था। उत्सवों में जब भीड़ होती थी तब बाबा को इस बात की बड़ी चिंता रहती थी कि? कोई भूखा न रह जाए। वह कहते थे खाने का आनंद जीव का है और खिलाने का आनंद ईश्वर का है। ध्यान का मर्म बताते हुए बाबा कहते थे कि ध्यान के समय मुख्य रूप से अपने ईष्ट के स्वरूप का ही चिंतन करना चाहिए। यदि स्वरूप में चित्त स्थिर न हो तो ईश्वर की लीलाओं का गायन करना चाहिए। रोना हो तो इष्ट देव की किसी लीला का चिंतन करते हुए रोया करें। हंसना हो तो भी उसकी लीला का ही आश्रय लेकर हंसें। इस तरह ईष्टदेव का चिंतन करना ही ध्यान है।

परम पूज्य श्री उड़िया जी महाराज के निर्वाण के बाद उनके श्रीकृष्ण आश्रम में भक्तों ने उनका भव्य मंदिर बनाया। उसमें उनके अर्चा विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा हुई। उनकी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा होने पर लोगों ने तरह-तरह की अनुभव महसूस किये। किसी को उनके नेत्र हिलते दिखाई दिए तो किसी को उनके हृदय में धड़कन का अहसास हुआ। इससे भक्तों को ऐसा लगा कि बाबाजी जो हमें छोड़कर चले गए थे, वह वापस आ गए हैं। आज भी मंदिर में उनके दर्शन कर असीम कृपा की अनुभूति होती है। उनकी समाधि पर रोमांच का वातावरण रहता है और भक्तों को विलक्षण अनुभव होते हैं।

श्री उड़िया बाबा के आश्रम के सामने उनके अभिन्न रूप स्वामी अखंडानंदजी महाराज के आश्रम में भी नित्य कृपा बरसती रहती है और नित्य वेदांत, सत्संग, कथा, संतों की सेवा से भक्तों को परमाश्रय प्राप्त होता है। ऐसे परम पूज्यपाद श्री उड़िया बाबाजी महाराज के चरणों में कोटि-कोटि नमन। उनके 75वें निर्वाण महोत्सव पर असीम श्रद्धांजलि।

(लेखक : सुप्रसिद्ध अध्यात्मवेत्ता एवं संत हैं।)

जमशेदपुर की खबरें

जिला कांग्रेस कमिटी के महामंत्री अजय मिश्रा का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमिटी के महामंत्री अजय मिश्रा का हार्ट अटैक से आकस्मिक निधन हो गया। जानकारी मिलने पर कांग्रेसजनों में शोक का लहर है। शनिवार को जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने गहरा शोक प्रकट करते हुए शोकाकुल परिवार के लिए संवेदना प्रकट की। जिला अध्यक्ष ने बताया उनके पिता उदय नारायण मिश्र बागबेड़ा प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष भी रहे। स्वः अजय मिश्रा अपने पीछे दो पुत्री और एक पुत्र

को छोड़कर गये हैं। संध्या समय उनका पार्थिव शरीर बागबेड़ा निवास स्थान से प्रस्थान कर कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय पहुंचा, जहां विधि विधान से कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और कार्यकताओं ने कांग्रेस पार्टी का झंडा और पुष्प अर्पित कर सलामी दी। सभी ने अजय मिश्रा अमर रहे का नारा लगाकर उनका आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। स्वः अजय मिश्रा का अंतिम संस्कार पार्वती घाट में किया गया।अंतिम यात्रा में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक चौधरी, राज किशोर यादव,अवधेश सिंह, बृजेंद्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अमर कुमार मिश्रा, अतुल गुप्ता, अमित श्रीवास्तव, नलिनी सिन्हा अमरजीत नाथ मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, सूर्या राव, इंतखाब बस्ती, सन्नी सिंह, अपर्णा गुहा,राजेश प्रसाद, राजा सिंह, हरिहर प्रसाद, सतिश कुमार, राजीव मिश्रा, गुरदीप सिंह, नंदलाल सिंह, ओमप्रकाश उपाध्याय, देवशरण सिंह ,नरेश गौड़ा, आशीष ठाकुर, सावण मुखी, राजकुमार दास, नवनीत मिश्रा, ज्योति मिश्रा, अनिल सिंह, ओम प्रकाश, शशि कुमार, रमन खान, अशोक सिंह, संजय झा, संजय झा संत, रामनाथ दुबे, नागेंद्र सिंह,सहित बड़े संख्या में कांग्रेस के नेता और कार्यकर्त्ता शामिल रहे।

भाजपा सोनारी मंडल नें पार्टी का 44वां स्थापना दिवस मनाया

जमशेदपुर(आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के 44 वें स्थापना दिवस सोनारी मंडल अध्यक्ष प्रशांत पोद्दार के अध्यक्षता में सोनारी राम मंदिर अटल चौक में मनाया। शनिवार को पार्टी के संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मौके पर हर्ष उल्लास के साथ पार्टी का झंडा फहराया। वही राम मंदिर अटल चौक से कागल नगर होते हुए पद यात्रा निकाली गई। इस्ट लेआउट सबुज संघ सभागार में तमाम पार्टी के समर्पित कार्यकर्ताओ ने पार्टी संस्थापक को श्रद्धांजलि दी। देश वंदना के उपरांत मंडल अध्यक्ष सह पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के प्रति अपने विचार रखा।
वही आम लोगो के बीच लड्डू का बितरण किया गया। सभी ने लोकसभा चुनाव में सांसद विद्युत महतो को पुन एक बार जीत दिलाने का संकल्प लिया। मौके पर सोनु ठाकुर,सुनील सिंह,सोनू कुमार,नारायण प्रसाद, संजय रजक,राहुल तिवारी, कृष्णा यादव, दिपक घोष, सरिता लाल, कबिता मुंडा, संजय मुंडा, शंकर सिंह,सुजीत आदित्य,अनिल गुप्ता,काजल मुखर्जी, बिराज डे,रमेश प्रसाद साहू,सुबोध कर्मकार,दीपक नाग,सुशील हेषा, विकास साहू, राजपाल सिंह, किशोर साहू, संजीत कुमार,अनिता देवी, शिमा देवी,शंभु कुमार राम, ओमप्रकाश सिंह,विनोद उमंग,शंकर राय,राजकुमार पटनायक सहित अन्य शामिल रहे।

हरिनाम कीर्तन से सुख वैभव समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की होगी प्राप्ति : मंगल कालिंदी

आजाद सिपाही संवाददाता

पटमदा। जुगसलाई विधानसभा स्थित पटमदा प्रखंड के बिड़रा गांव में सोलोआना कमिटी के द्वारा चौबीस प्रहर अखंड हरिनाम संकीर्तन के अंतिम दिन विधायक मंगल कालिंदी शामिल हुए। शनिवार को विधायक ने मंदिर में मत्था टेक कर क्षेत्र की खुशहाली के लिए कामना की। विधायक ने कहा सनातन परंपरा के अनुसार ईश्वर को पाने के लिए ज्ञान,कर्म के साथ भक्ति ही सर्वश्रेष्ठ है। ईश्वर की भक्ति के लिए सुगम और सुंदर माध्यम है कीर्तन। हरिनाम कीर्तन करने से सुख वैभव समृद्धि और सकारात्मक ऊर्जा की प्राप्ति होती है। विधायक ने गांव में इस तरह की धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन के लिए कमेटी के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त की। मौके पर झामुमो महिला मोर्चा के जिलाध्यक्ष चंद्रावती महतो, विधायक प्रतिनिधि चंद्रशेखर टुडू, झामुमो नेता सुनील महतो, सुभाष कर्मकार, तिलोकतमा कालिंदी, जामिनि प्रमाणिक सहित सैकड़ो ग्रामीण श्रद्धालु शामिल रहे।

भाजपा महानगर नेता और कार्यकताओं ने हर्षोल्लास के साथ मनाया स्थापना दिवस

आजाद सिपाही संवाददाता

जमशेदपुर। भाजपा महानगर के नेता व कार्यकताओं ने शनिवार को साकची स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। भाजपा जमशेदपुर महानगर अध्यक्ष सुधांशु ओझा के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि भाजपा के झारखंड प्रदेश प्रभारी राज्यसभा के सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी सांसद विद्युत वरण महतो, जिला प्रभारी और कांके के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, पूर्व विधायक मेनका सरदार, प्रदेश मंत्री सह संयोजक नंदजी प्रसाद, सह संयोजक एवं पूर्व विधायक लक्ष्मण टुडू, जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू समेत पार्टी के वरीय नेताओं संग सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम में शामिल डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पार्टी के नेताओं के संग पार्टी के ध्वज का सम्मानपूर्वक ध्वजारोहण किया। इस दौरान पार्टी के नेताओं एवं कार्यकताओं ने भारत माता के चित्र व पार्टी के पितृपुरुष डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।वही अपने समर्पण, त्याग, तपस्या एवं बलिदान की भावना से भाजपा को राजनीति के शिखर तक पहुँचाने वाले सभी कार्यकताओं को स्मरण कर संगठन की मजबूती का संकल्प लिया। इस अवसर पर कार्यकताओं व आमजनों के बीच लड्डू वितरण कर स्थापना दिवस की खुशियां साझा की गई। मौके पर भाजपा झारखंड प्रदेश प्रभारी व राज्यसभा सांसद डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने पार्टी स्थापना दिवस की शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसके लिए सभी कार्यकताओं ने अथक संघर्ष किया है। जिसके परिणामस्वरूप आज भारतीय जनता पार्टी की पहचान देश ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बनी है। डॉ वाजपेयी ने कहा तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनी। साथ ही नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बने तो पूरे विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय व सर्वमान्य नेता बने। उन्होंने कहा इंडी अलायंस की पार्टियां सनातन संस्कृति व धर्म पर आये दिन हमला करती है। लेकिन कांग्रेस एवं उनके नेतागण इसके विरोध में एक शब्द नही बोलती है। सनातन धर्म की निंदा और अपमान करने वालों की मानसिकता इस लोकसभा चुनाव में धराशायी हो जाएगी। सांसद विद्युत वरण महतो ने कहा भाजपा सरकार की नीति और नियत के प्रति समाज के सभी वर्गों में विश्वास गहराया है। उन्होंने कहा विपक्षी दल जितना मर्जी प्रयास कर लें पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता और जनता में बढ़ते विश्वास को कम नहीं कर सकते हैं। जिस प्रकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार की सैकड़ों योजनाएं जन-जन से जुड़ी है उससे जनता में पीएम मोदी की स्वीकार्यता बढ़ी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरविंद सिंह, देवेंद्र सिंह, ब्रह्मदेव नारायण शर्मा, राजकुमार श्रीवास्तव, रामबाबू तिवारी, बिनोद सिंह, नंदजी प्रसाद, दिनेश कुमार, गुँजन यादव, पंकज सिन्हा, रीता मिश्रा, मिथिलेश सिंह यादव, कल्याणी शरण, योगेश मल्होत्रा, मनोज कुमार सिंह, अनिल सिंह मौजूद थे।

सरायकेला में राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव आज

आजाद सिपाही संवाददाता

सरायकेला। राजकीय चैत्र पर्व सह छऊ महोत्सव का 7 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ रविवार से किया जायेगा। महोत्सव की तैयारियां पूरी कर ली गयी है। शनिवार को राजकीय चैत्र पर्व महोत्सव के सचिव सह सरायकेला अनुमंडल पदाधिकारी सुनील कुमार प्रजापति ने बताया 13 अप्रैल तक चलने वाले महोत्सव के लिए 11 समितियों का गठन किया गया। आज भैरो पूजन के साथ महोत्सव की शुरूआत होगी। 8 अप्रैल को शुभघट, 9 को झुमकेश्वरी,10 को यात्रा घट,11को वृन्दावनी पूजा, 12 को गरिया भार और 13 अप्रैल को कालिका घट पूजन के साथ महोत्सव का समापन होगा।

महोत्सव के समापन में बतौर मुख्य अतिथि कोल्हान आयुक्त हरि प्रसाद केसरी, विशिष्ट अतिथि पद्मश्री मुकुंद नायक और प्रसिद्ध शास्त्रीय नृत्यांगना शर्मिला विश्वास शामिल होंगे। उन्होंने बताया देश में लागू आदर्श आचार संहिता के बीच राजकीय चैत्र पर्व का आयोजन होना है। ऐसे में सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र वासियों को अधिक से अधिक की संख्या में शामिल होकर राजकीय पर्व का आनंद उठाने की अपील की।

आजाद सिपाही
रांची, रविवार, 07 अप्रैल, 2024
www.azadsipahi.in

नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की तस्वीर बदल गयी: बाबूलाल

बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

आजाद सिपाही संवाददाता

गढ़वा/रमना। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में पिछले 10 वर्षों में तस्वीर बदलने का कार्य किया है। आज भारत की तुलना विकसित देशों में होने लगी है। भारत की पहचान आज पूरे विश्व में है देश का नेतृत्व कर रहा है। वही राज्य के महागठबंधन सरकार गरीबों का हक अधिकार लूटने में व्यस्त है। उक्त बातें प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बूथ स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शनिवार को गढ़वा के उत्सव गार्डेन और रमना हाइस्कूल के मैदान में आयोजित कार्यक्रम में कहीं। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पिछले 10 वर्षों के अंदर गरीबों, किसानों, मजदूरों, युवाओं सहित कई वर्ग के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया जा रहा है। कहा कि राज्य की महागठबंधन की सरकार बालू, कोयला, जमीन लूटने में व्यस्त है। यहां तक कि युवाओं को नौकरी बेच कर अपना तिजोरी भरने का काम कर रही है।

इनकी रही मौजूदगी

पूर्व सांसद घूरन राम, पूर्व मंत्री रामचंद्र केसरी, शिवधारी राम, मनोज सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी, शारदा महेश प्रताप देव, भगत सिंह साहू, ठाकुर प्रसाद महतो, संतोष दुबे, विकास स्वदेशी, इंद्रमणि जयसवाल, महिला अध्यक्ष अनीता गुप्ता, सूरज गुप्ता, सुरेंद्र विश्वकर्मा, मशुलता देवी, बबलू पटवा, प्रमुख करुणा सोनी, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विशुनपुरा सांसद प्रतिनिधि अवध बिहारी गुप्ता, मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी, विधायक प्रतिनिधि पंकज कुमार सिंह, श्रीप्रसाद गुप्ता, रूपनारायण यादव, मंतोष पासवान, अमित प्रकाश, नीरज सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

400 पार का सपना पूरा होगा: भानु

भाजपा विधायक भानु प्रताप शाही ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 400 पार का सपना पूरा होगा। गिरिनाथ सिंह पर तंज कसते हुए कहा कि लोग बिजली के युग में जी रहे हैं, तो कुछ लोग पुनः लालटेन युग में चले गये हैं। वह स्वयं अपने पैर पर कुल्हाड़ी मार लिये हैं। भाजपा प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव में कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कमर कस लेनी है।

लूट खसोट की सरकार: सत्येंद्र नाथ तिवारी

पूर्व विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि वर्तमान सरकार में लूट खसोट के लिए बनी है। डकैतों के हाथों में सत्ता चली गयी है।

गढ़वा रंका विधानसभा क्षेत्र में विकास के नाम पर लूट मची है। 18 हजार इंदिरा आवास बालू के अभाव में लंबित हैं।

भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति सदस्य लोकसभा के सह प्रभारी अलखनाथ पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के लक्ष्य, अबकी बार 400 के पार को ध्यान में रखते हुए सभी कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गढ़वा जिला से भारी मतों से भाजपा प्रत्याशी वीडी राम को जीत दिलवाने के लिए सभी कार्यकर्ताओं को पूरा प्रयास करने की जरूरत है।

खाड़ी टोला में दावत ए इफ्तार की पार्टी का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

डंडई। प्रखंड मुख्यालय डंडई स्थित मदरसा गुलशन ए मोहम्मदी परिसर में शनिवार को खाड़ी टोला के ग्रामीणों द्वारा सामूहिक रूप से दावत ए इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें हिंदू व मुस्लिम समाज के सैकड़ों लोग शामिल हुए। इफ्तार पार्टी में हिन्दू समुदाय व मुस्लिम समुदाय के लोगों के शामिल होने से देश की गंगा जमुनी तहजीब कि झलक नजर आयी। साथ हि इफ्तार के पूर्व सामूहिक रूप से देश में अमन चैन, आपसी भाईचारे व सभी तरह की परेशानियों से बचाव के लिए दुआ की गई। मौके पर रोजे की फजीलत बताते हुए डंडई मदरसा के प्रिंसिपल मौलाना कासिद रजा ने कहा कि इस्लाम में एक माह रोजे रखना मोमिनो पर फर्ज है। रमजान का महीना बड़ा ही बरकत वाला महीना है। इस माह में एक नेकी के बदले 70 नेकी का सवाब मिलता है। इसीलिए माह ए रमजान में ज्यादा से ज्यादा नेकी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि रमजान को तीन अशरा यानी तीन हिस्सों में बांटा गया है। रमजान का पहला अशरा रहमत का, दूसरा अशरा मगफीरत का और तीसरा अशरा निजात यानी जहन्नुम की आग से खुद को बचाने का होता है। तीनों अशरो के अपने अपने महत्व हैं। मौलवी मुस्तकीम ने इफ्तार की फजीलत के बारे में बताते हुए कहा कि जिसने भी हलाल खाने या पानी से किसी मुसलमान को इफ्तार करवाया तो फरिश्ते माहे रमजान के सदके में उसके लिए इस्तगफार पढ़ते हैं। इफ्तार की फजीलत का वाकया बयान करते हुए उन्होंने कहा कि नबी करीम सल्लल्लाहो ताला अलेही वसल्लम ने फरमाया कि जिस आदमी ने किसी रोजेदार को इफ्तार करवाया उस आदमी को भी उतना ही सवाब मिलता है जितना कि रोजेदार को मिलता है। रमजान से ताल्लुक हमें बेशुमार हदीसे मिलती है और हम पढ़ते हैं और सुनते रहते हैं। लेकिन हमें इस पर अमल करनी चाहिए। मौके पर मुख्य रूप से झामुमो नेता ताहिर अंसारी, 20सूत्री अध्यक्ष मोहमाद कयामुद्दीन, पूर्व जिला परिषद सदस्य अक्षय लाल कुमार, सुभाष मेहता, हनीफ अंसारी, उप मुखिया प्रतिनिधि याकूब अंसारी, मौलाना जियाउद्दीन, तैयब अली, अख्तर, अकबर, शमी सहित काफी संख्या में रोजेदार उपस्थित थे।

जंगल में आग लगाने वालों को किया सावधान

रंका। वन विभाग ने प्रचार वाहन के माध्यम से जंगल में आग नहीं लगाने के लिए प्रचार वाहन के माध्यम से आम जनता को सावधान किया है। जिसमें कहा गया है कि जंगल में आग लगाना एक दंडनीय अपराध है। जो भी व्यक्ति जंगल में आग लगाएगा उस भारतीय वन अधिनियम 1947 के धारा 26 ए एवं 35 ए (घ) के तहत दो वर्ष की कारावास या पांच हजार रुपये की जुमार्ना अथवा दोनों देना पड़ेगा। गौरतलब है कि आजकल महुआ चुनने के लिए कुछ लोगों के द्वारा सूखे पतीयां व झाड़ियों को साफ करने के लिए जंगल में आग लगा दिया जाता है और वह बेकाबू आग पूरे जंगल में फैल जाता है और वन संपदा की काफी क्षति होती है। वन विभाग ने चेतावनी दी है कि अपने व्यक्तिगत स्वार्थ में जंगल को नुकसान नहीं पहुंचाएं नहीं तो पकड़े जाने पर उक्त कानूनी कार्रवाई की जायेगी। वन बचाएं लाभ उठाएं।

सभी बूथों पर सभी सुविधा उपलब्ध हो, इसकी व्यवस्था आप को करनी है : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

कांडी। प्रखंड कार्यालय के सभागार में बीडीओ मोहम्मद आफताब आलम की अध्यक्षता में एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर प्रखण्ड के सभी 90 बूथों की समीक्षा किया गया। बैठक में सभी मतदान केंद्रों पर मुख्यतः तीन सुविधाएं पानी, बिजली व शौचालय की अद्यतन स्थिति पर चर्चा किया गया। बीडीओ ने उपस्थित हेडमास्टरों से कहा कि प्रखंड के सभी 90 बूथों पर एएम एस इन्सयोर्ड मिनिमम फैसेलिटी हो इसकी सुनिश्चितता आप सभी को करना है। बीडीओ ने सभी बूथों पर सभी सुविधा उपलब्ध है कि नहीं एक - एक कर बूथों की जानकारी प्राप्त किया। बीडीओ ने मतदान केन्द्र संख्या 47 व 48 उत्क्रमित मध्य विद्यालय अधौरा के मतदान केंद्र पर उपलब्ध व्यवस्था की तारीफ करते हुए कहा कि यह मतदान केंद्र प्रखंड के सभी 90 बूथों में श्रेष्ठ है। उन्होंने हेडमास्टर मोहम्मद गुलाम कादिर को धन्यवाद देते हुए कहा कि आप सब भी इन्ही की तरह अपने विद्यालय की व्यवस्था करें ताकि कोई देखे, तो आपका संदेश अच्छा जाये। मध्य विद्यालय सड़की बूथ पर बिजली व्यवस्था सुधारने के लिए तीन बिजली पोल की जरूरत हेडमास्टर ने बताया। प्रावि रामबांध में एक कमरे की दरवाजा ठीक करने का निर्देश दिया गया। अगर किसी मतदान केंद्र पर शौचालय में कोई कमी हो तो उसके लिए संबंधित मुखिया या प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी से संपर्क करने का निर्देश दिया गया। मतदान केंद्र प्रावि सलेया का सोलर प्लेट चोरी होने के बाद पानी की समस्या पर चर्चा किया गया व आवश्यक निर्देश दिये गये। मध्य विद्यालय राजा घटहुआं के हेडमास्टर अलखदेव राम ने बताया कि विद्यालय में लगा जलमीनार अभी तक चालू नही किया गया है कि जानकारी दिया गया। बैठक में उपस्थित बीईईओ कैसर रजा ने भी सभी विद्यालय प्रधान से कहा कि किसी भी मतदान केंद्र पर अगर कोई कमी हो तो उसे शीघ्र दूर करने का निर्देश दिया।अंत मे बीडीओ ने कहा कि शीघ्र ही राज्य की टीम सभी मतदान केंद्रों की शोशल ऑडिट करेगी अतः मतदान केंद्र से जुड़ी कोई भी कमी को शीघ्र दूर कर लिया जाए।

बैठक में बीपीओ विरेन्द्र प्रसाद, जीपीएस शाहिद अंसारी, लेखापाल प्रदीप कुमार शुक्ला, बीआरपी सुनील कुमार, सीआरपी प्रभु राम, अरुण कुमार, धर्मेंद्र कुमार दुबे, मनोहर चौबे ,इरफान अंसारी, सुमंत राम, शिक्षक देवेंद्र कुमार तिवारी, श्रीकांत पांडेय,सुरेंद्र राम, परमेन्द्र राम, अजय कुमार सिंह, लव कुमार सिंह, मदन मोहन राम, सतीश पांडेय, रामेश्वर पाल, विनोद चंचल, पुरुषोत्तम द्विवेदी सहित कई लोग उपस्थित थे।

शिव चबुतरा क्षतिग्रस्त कार्रवाई की मांग

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। थाना क्षेत्र के मकरी के बसेरियालेवा टोला निवासी सुदेश्वर पाल ने स्थानीय थाने में अपने सहोदर भाई विजयमल पाल के खिलाफ शिव चबुतरा को क्षतिग्रस्त कर देने का आरोप लगाते हुए आवेदन देकर कारवाई की मांग की है। इस संबंध में सुदेश्वर पाल ने बताया कि वर्षों पूर्व मेरे पिताजी ने शिव चबुतरा की स्थापना किये थे, जिसे मेरे भाई विजयमल पाल ने अपने हिस्से में चबुतरा बनाये जाने को लेकर बराबर विवाद करते रहता था,वहीं गांव वाले जब पूजा करने आते तो उनके साथ वह गाली-गलौज कर-के पूजा करने से मना करता था, जब हमलोग उसे ऐसा करने से मना करते तो पूरे परिवार के साथ गाली-गलौज करने लगता है और गुस्सा करके शिव चबुतरा को क्षतिग्रस्त कर दिया। उसने बताया कि वह ओझा-गुणी करता है, और ईश्वर को पूजा-पाठ नहीं मानता है। इस संबंध में थाना प्रभारीकृष्ण कुमार ने कहा कि आवेदन मिला जांचोंपरांत कार्रवाई की जायेगी।

लोस चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह : उपायुक्त

आजाद सिपाही संवाददाता

भंडरिया। आजाद सिपाही भंडरिया प्रखंड मुख्यालय में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह गढ़वा जिला उपयुक्त शेखर जमुआर व पुलिस अधीक्षक गढ़वा दीपक कुमार पांडे ने संयुक्त रूप से भंडरिया प्रखंड का दौरा कर रंका अनुमंडल के चिनिया, रामकंडा, रंका, भंडरिया व बड़गड़ प्रखंड के अधिकारी व पदाधिकारीओ के साथ भंडरिया प्रखंड कार्यालय के सभागार में लोकसभा चुनाव मद्देनजर समीक्षा बैठक की गयी। बैठक में मतदान केंद्र के मूलभूत सुविधा सड़क, बिजली, पानीव शौचालय की व्यवस्था से संबंधित सभी सेक्टर के अधिकारी समेत संबंधित विभाग के पदाधिकारीओं से बारी बारी से पूछताछ कर जानकारी लिया तथा चुनाव से संबंधित कई तरह के दिशा निर्देश उपस्थित चुनाव कर्मीयों को दिया। बैठक के उपरांत पत्रकार वार्ता में उपायुक्त ने कहा की लोकसभा चुनाव को लेकर लोगों में काफी उत्साह है। मैं आपलोगों के माध्यम से मतदताओं से अपील करता हुं कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदाता तेरह मई को अपने घर से निकल कर अपने अपने निर्धारित मतदान केंद्र पर पहुंच मतदान करें। मतदाता को अगर किसी प्रकार का कोई समस्या हो तो वे तुरंत इसकी सुचना प्रशासन को दे। गढवा जिला प्रशासन आपके सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहेगा। मतदाताओं के लिए बुथों पर मुलभुत सुविधा की व्यवस्था कर ली गई है। थोड़ा बहुत कमी है उसे पूरा कर ली जायेगी। साथ-साथ उन्होंने मतदाताओं से अपील किया कि निर्भीक होकर लोग मतदान करें एवं आसपास के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करें। बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, गढ़वा सिविल सर्जन समेत सभी प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी अंचलाधिकारी समेत बनाए गए सेक्टर के अधिकारी व कर्मी समीक्षा बैठक में उपस्थित। वही भंडारिया के ग्रामीणों के द्वारा भंडारिया से करूं भाया परों रोड गुणवत्तापूर्ण काम नहीं होने पर उप प्रमुख श्रद्धा देवी व ग्रामीणों ने एक आवेदन गढ़वा उपायुक्त को दिया गया है आवेदन देने वालों में सुमित गोस्वामी सुनील यादव रामजी ठाकुर राजेश्वर ठाकुर साहित काफी ग्रामीण उपस्थित थे।

योग से शारीरिक रोग दूर होता है : बीडीओ

आजाद सिपाही संवाददाता

भवनाथपुर। महिला पतंजलि योग समिति गढ़वा के तत्वाधान में शुक्रवार को भवनाथपुर प्रखंड परिसर स्थित आयुष हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में प्रशिक्षण गण को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीडीओ नंदजी राम और महिला जिला प्रभारी चंचला सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र वितरण किया गया। बीडीओ नंदजी राम ने कहा कि योग से शारीरिक रोग दूर होता है, इसलिए रोज योग करनी चाहिए। कहा कि भारतीय योग, आयुर्वेद द्वारा सभी साध्य असाध्य रोगों को जड़ से खत्म किया जा सकता है। इन दवाओं का शरीर पर किसी तरह का साइड इफेक्ट नहीं होता है। पूर्ण रूप से स्वस्थ्य रहने के लिए हम सभी को योग, आयुर्वेद को अपनाने की जरूरत है। वहीं महिला प्रभारी चंचला सिंह ने कहा कि 2024 तक 20 हजार महिला बहनों को योग से जोड़ने के संकल्प लिया गया है। योग प्रशिक्षक शंकर प्रिय ने लोगों से अपने जीवन में योग, आयुर्वेद को अपनाने की बात कही। बताते चले 21 से 27 फरवरी तक लगभग 50 लोग योग का प्रशिक्षण प्राप्त किए थे। जिसमें से 30 प्रशिक्षकको को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। इस मौके पर नेहा कुमारी, शिखा कुमारी, ज्योति कुमारी, रीना देवी, अंजली कुमारी, मनीषा देवी, आरती कुमारी, पूनम कुमारी, अमित भूषण कुमार, लक्ष्मी सिंह, राहुल प्रशांत सहित कई लोगों को प्रमाण पत्र दिया गया।

दस वर्षों से ठप है खूंटी संसदीय क्षेत्र का विकास : कालीचरण मुंडा

2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है।

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। खूंटी संसदीय सीट के कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा और झारखंड मुक्ति मोर्चा के विधायक विकास कुमार मुंडा ने शनिवार को तमाड़ विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण कर लोगों से कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। कालीचरण मुंडा और विधायक विकास कुमार मुंडा ने कई गांवो का दौरा कर कांग्रेस का हाथ मजबूत करने की अपील की। उन्होंने मानकीडीह, लुंगटू, परासी, चयाडीह, चिरगलडीह, कोकाडीह आदि गांवो में बैठक कर केंद्र की भाजपा सरकार द्वारा आम जनता से किये गये झूठे वादे को याद दिलाते हुए महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में वोट देकर भ्रष्ट भाजपा सरकार को जवाब देने की बात कही। महागठबंधन पूरी ताकत से चुनाव लड़ रहा है। यह समय बीजेपी के दुष्प्रचार और जनविरोधी नीतियों के खिलाफ मजबूती से खड़ा रहकर संघर्ष करने का समय है। भाजपा प्रत्याशी का गांव-गांव में लोगो द्वारा विरोध देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जनता के बीच भाजपा को बेनकाब करेंगे और जनहित के हर मुद्दे पर पार्टी की गारंटी का प्रचार करेंगे। उन्होंने कहा कि पूरा देश राहुल गांधी के साथ खड़ा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार जनता से किए वादे पूरे नहीं कर पाई है। जनता मोदी सरकार के खिलाफ माहौल है। राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा में जनता को न्याय की गारंटी दी है। भारत की जनता को न्याय के सिवा कुछ नहीं चाहिए। 2024 का यह चुनाव धनतंत्र और गरीब जनता के बीच का चुनाव है। कांग्रेस पार्टी जन तंत्र से लोकतंत्र को बचाना चाहती है। पिछले 10 वर्षों संसदीय क्षेत्र का विकास ठपरू कांग्रेस प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने वर्तमान सांसद अर्जुन मुंडा पर जमकर आरोप लगाए और कहा कि पिछले 10 वर्षों में संसदीय क्षेत्र का विकास पूरी तरह ठप हो गया है। सेना में जाने वाले युवाओं के साथ विश्वासघात कर अग्निपथ योजना को लागू कर युवाओं का मनोबल तोड़ने का काम किया है। केंद्र सरकार ने ईडी, सीबीआई और आयकर जैसी जांच एजेंसियों पर नियंत्रण किया हुआ है।

खूंटी में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित

चुनाव आचार संहिता को ध्यान में रख कर सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनायें त्योहार : डीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। आगामी दिनों में होनेवाले रामनवमी, ईद, सरहुल आदि त्योहारों को लेकर नगर भवन खूंटी में शनिवार को उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में उपस्थित सदस्यों के विचारों को सुनने के बाद उपायुक्त ने कहा कि चूंकि इस बार लोकसभा चुनाव के लिए पूरे देश में आदर्श आचार संहिता लागू है, इसलिए त्योहारों के दौरान किसी भी परिस्थिति में आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन न हो, इसे ध्यान में रखते हुए रामनवमी सहित अन्य सभी त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता लागू होने के कारण रात 10 बजे तक ही ध्वनि विस्तारक यंत्र डीजे आदि बजा सकते हैं। इसलिए इस बार यह खास ध्यान रखा जाए कि रामनवमी की शोभायात्रा रात 10 बजे तक संपन्न हो जाए। इसमें कुछ मिनट की देर भी बर्दाश्त नहीं की जायेगी। आचार संहिता का उल्लंघन होने पर मजबूरन प्रशासन को कार्रवाई करनी पड़ेगी। एसपी अमन कुमार ने कहा कि खूंटी में त्योहार लोग आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। इसके लिए यहां के लोग बधाई के पात्र हैं। उन्होंने कहा कि पहले से जिस प्रकार त्योहार मनाते आए हैं, उसी परंपरा के अनुसार इस बार भी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। त्योहार में परंपरा से हटकर कुछ नया न करें, शोभ यात्रा में भड़काऊ गाने को बजाने से परहेज करें, जिससे किसी की भावना आहत न हो। साथ ही किसी बात को लेकर कोई विवाद न हो, इस पर खास ध्यान रखें। इससे पूर्व केंद्रीय रामनवमी महासमिति के अध्यक्ष ज्योतिष भगत, महामंत्री जितेंद्र कश्यप, रामनवमी समिति मुरहू के अध्यक्ष सुरेश प्रसाद और तोरपा के प्रतिनिधि ने अपने-अपने क्षेत्रों में रामनवमी महोत्सव के दौरान होनेवाले आयोजनों और निकलने वाले शोभायात्रा के मार्ग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। बैठक का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन अनुमंडल पदाधिकारी अनिकेत सचान ने किया।

बैठक में जिला के अन्य वरीय पुलिस प्रशासनिक अधिकारी गण, सभी प्रखंडों के बीडीओ, सीओ, सभी थाना प्रभारी व शांति समितियों के सदस्य उपस्थित थे।

हत्याकांड में पूर्व विधायक पौलुस सुरीन को दोषी करार देने के फैसले का स्व भूषण सिंह के स्वजनों ने किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। तोरपा विधानसभा क्षेत्र से दो बार विधायक रहे पौलुस सुरीन और पीएलएफआई के कुख्यात उग्रवादी जेठा कच्छप को जिले के चर्चित भूषण सिंह की हत्या में झारखंड उच्च न्यायालय द्वारा दोषी करार दिये जाने से जहां भूषण सिंह के स्वजनों में काफी हर्ष है। भूषण सिंह के अनुज कामायणी सिंह ने फोन पर बताया कि कोर्ट का निर्णय स्वागत योग्य है। ज्ञात हो कि कामायणी सिंह इस घटना के चश्मदीद गवाह हैं।। उन्होंने ही कर्रा थाने में विधायक पौलुस सुरीन, जेठा कच्छप सहित छह लोगों के खिलाफ कांड संख्या 27/2013 में हत्या का मामला दर्ज कराया था। इस हत्याकांड में पौलुस सुरीन के अलावा तीन महिलाओं और दो अन्य लोगों को आरोपित बनाया गया था। कामायणी सिंह ने कहा कि उन्हें न्याय पर पूरा भरोसा था। देंर से ही सहही,पर कोर्ट ने सही निर्णय दिया है। उन्होंने कहा कि विधायक पौलुस सुरीन ने ही उनके भाई भूषण सिंह की हत्या की थी। उन्होंने कहा कि उनके भाई कोई अपराधी नहीं थे, पर अन्याय के खिलाफ हमेशा आवाज उठाते थे। यही कारणा है कि पुलिस मुखबिरी का आरोप लगाते हुए विधायक ने उनकी हत्या कर दी। उहोंने कहा कि अदालत में उन्होंने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा और उन्हें न्याय मिला। ज्ञात हो कि कर्रा थाना क्षेत्र के तिरला गांव में भूषण सिंह के घर पर 27 मई 2013 को शादी समारोह था। उसी दौरान दिन दहाड़े अपराधियों ने अत्याधुनिक हथियारों से भूषण सिंह पर गोलियों की बौछार कर दी। इस फायरिंग में भूषण सिंह के साथ घर के चबूतरे पर बैठे रामगोविंद सिंह भी मारे गये थे। घटना कों लेंकर भूषण के भाई कामायणीी सिंह ने विधायक पौलुस सुरीन सहित छह लोगों के चिलाफ नामदर्ज प्राथमिकी कर्रा थाने में दर्ज कराई थी। इनमें तीन महिलाएं शामिल थीं।

कांग्रेस झामुमो ने सांसद प्रत्याशी का किया स्वागत

आजाद सिपाही संवाददाता

पिपरवार। इंडिया गठबंधन के हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी व मांडु विधायक जयप्रकाश भाई पटेल का शनिवार को पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नंबर चौक में जोरदार स्वागत किया गया। जानकारी के अनुसार बचरा चार नंबर स्थित शहीद कृष्णा महतो चौक मे कांग्रेस एवं झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने संयुक्त रूप से जय प्रकाश भाई पटेल का बुके देकर माला व पहनाकर स्वागत किया, साथ ही अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और आगामी लोकसभा चुनाव पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में लग जाने और कांग्रेस पार्टी के उद्देश्य एवं सिद्धांत को घर-घर तक पहुंचाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देश की जनता महंगाई और बेरोजगारी से परेशान है। जिसका आगामी लोकसभा चुनाव में देश की जनता जवाब देने का काम करेगा। हजारीबाग लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इस बार इंडिया गठबंधन की ओर से उन्हें सांसद का उम्मीदवार बनाया गया है, जिस पर उन्होंने पार्टी नेताओं और गठबंधन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए अपनी जीत का दावा किया। उन्होंने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में आम जनता इंडिया गठबंधन के पक्ष में हैं और यहां से हम लोगों की जीत होगी। इस मौके पर झारखंड प्रदेश महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष गुंजन कुमारी सिंह, कांग्रेस पार्टी के चतरा जिला महासचिव अब्दुल कुदुस अंसारी, विधायक प्रतिनिधि राजेंद्र गुप्ता, कांग्रेस प्रदेश सचिव पिंकी सिंह, केरेडारी प्रखंड सचिव रविंद्र कुमार गुप्ता, टंडवा प्रखंड यूथ कांग्रेस अध्यक्ष रवि भारद्वाज, टहलु महतो, बसंत गुप्ता, जितेन्द्र कुमार, उमेश यादव, मोहम्मद शोएब, विमल महतो, अंगद महतो, चमन महतो, बिजली महतो, किशन कुमार सिंह, किशोर कुमार, रामनंदन राम सहित कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

अर्जुन मुंडा ने जनसंपर्क अभियान चलाया

तमाड़ (आजाद सिपाही)। तमाड़ प्रखंड क्षेत्र के आमलेशा, जोजोड़ीह और जाराड़ीह गांव में वहीं अड़की प्रखंड क्षेत्र के दिसीपीड़ी गांव में शनिवार को? भाजपा उम्मीदवार अर्जुन मुंडा ने नुक्कड़ बैठकें की इस दौरान जगह-जगह ग्रामीणों के द्वारा स्वागत किया गया। मौके पर केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने बैठक में लोगों से बात करते हुए देश राज्य और गांव की वर्तमान परिदृश्य और आने वाले दिनों में वर्तमान केन्द्र सरकार के संकल्पों पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में हरेक घर पर सोलर पैनल लगाकर सौर ऊर्जा के तहत बिजली पैदा की जायेगी 300 यूनिट तक सभी को बिजली मुफ्त मिलेगी और इससे अधिक बिजली पैदा होने पर उसे पावर ग्रिड में संरक्षित किया जायेगा और उसके बदले लाभुकों के जन-धन खाते में सीधे पैसा भेजा जायेगा जो वाकई में पुरे विश्व में एक अभूतपूर्व योजना होगी। मौके पर कुमार महेंद्र नाथ शाहदेव, विनोद सिंह, लक्ष्मण सिंह मुंडा,सिंगराय टुटी,हरीश चंद्र मुंडा, समरेंद्र मुखर्जी,महेश मछुवा, राधाकृष्ण मुंडा, योगेंद्र मुंडा, अनिता देवी, विष्णु पद महतो,, संतोष साहू, विनोद राय,मनोज पंडा, हरिपद स्वांसी, श्रीकांत अहीर,दिनेश साहू,अंगद महतो,उदय महतो,महावीर सोनी,विवेक गुप्ता, सुरेन्द्र साहु कृष्ण सिंह मुंडा, प्रकाश सिंह मुंडा,अनुप मुंडा,कन्हाई पातर, हरि सिंह मुंडा,मदन सिंह मुंडा, ईश्वर बास्की,दामोदर सिंह मुंडा,तेज नारायण मुंडा , लखींद्र मुंडा आदि उपस्थित थे।

भाजपा के स्थापना दिवस पर कार्यकर्ताओं ने निकाली पदयात्रा

खूंटी (आजाद सिपाही)। भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर तोरपा विधानसभा क्षेत्र के दियाकेल शक्तिकेन्द्र मामरला में बूथ अध्यक्ष छोटन भगरा की अध्यक्षता में पदयात्रा निकाली गई। पदयात्रा में मुख्य अतिथि के तौर पर विधायक कोचे मुंडा जी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि भाजपा अपनीसमान कथनी और करनी तथा नष्ठिावान कार्यकर्ताओं के बल पर महज 44 वर्षा में विश की सबसे बड़ी राजनीतिक दल बन गयी। उनहांने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश हर दिन विकास को नई गति मिल रही है। आज हम विश्व की पाचवीं सबसे बड़ी अर्थिक शक्ति बन गये हैं। विधायक ने कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि नरेंद्र मोदी का तिसर बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए हर संभव प्रयास करें। पदयात्रा में जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, मंडल अध्यक्ष पुरेंदर मांझी सहित काफी संख्या में ग्रामीण शामिल थे।

डीएवी बचरा में बीपीएल कार्डधारी बच्चों के बीच किया गया पुस्तक का वितरण

पिपरवार (आजाद सिपाही)। सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के डीएवी पब्लिक स्कूल बचरा में शनिवार को एक सादे समारोह आयोजित कर स्कूल में पिछले तीन वर्षों से शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं बीपीएल कार्डधारी बच्चों के बीच नि:शुल्क पुस्तक का वितरण किया गया। स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद सहित अन्य शिक्षकों ने सभी बच्चों को पुस्तक प्रदान कर बेहतर शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। इस संबंध में प्राचार्य आरबी प्रसाद ने बताया कि स्कूल में बीपीएल कार्ड धारी के कुल 29 बच्चे पिछले तीन वर्ष से स्कूल में शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देश के आलोक में स्कूल प्रबंधन बीपीएल कार्ड धारी बच्चों को हर सुविधा मुहैया करा रही है। मौके पर स्कूल के प्राचार्य आरबी प्रसाद, शिक्षक एपी द्विवेदी,सीएस सिंह, आरआर दता, अशोक शर्मा, अंकाक्षा मिश्रा, एके लाल, सुदिप्ता डे, आभा खन्ना सहित स्कूल के कई शिक्षक मौजूद थे।

जंगली हाथी के हमले से महिला घायल

ईचागढ़ (आजाद सिपाही)। प्रखंड क्षेत्र के पिलिद गांव निवासी सुखमणी देवी, उम्र 63 वर्ष को शनिवार अहले सुबह को जंगली हाथी ने घायल कर दिया। वही घटना की जानकारी देते हुए वनरक्षी कैलाश चंद्र महतो ने बताया कि सुखमणी देवी सुबह अपने घर से शौच के लिए निकली थी उसी समय जंगली हाथी से उसका सामना हो गया, जिससे वो घायल हो गयी।घटना की सूचना मिलते ही वन विभाग के पदाधिकारी एम्बुलेंस से पातकुम स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। जाहा प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए एमजीएम जमशेदपुर भेजा गया तथा वन विभाग की ओर से घायल सुखमणी देवी के परिजनों को 15 हजार रु नगद राशि दिया गया। मौके पर पातकुम पंचायत के मुखिया रखोहरि मुंडा, वनपाल मुकेश उपस्थित थे।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर खिलेगा कमल : कमाल

खूंटी (आजाद सिपाही)। भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्य अल्पसंख्यक आयोग कें पूर्व अध्यक्ष कमाल खान ने दावा किया है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा झारखंड के सभी 14 सीटों पर कमल खिलेगा। तोरपा में शनिवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए कमाल खान ने कहा कि क्रेद्र की मोदी सरकार की उपलब्धियों औरक झारखंड में भाजपा के शासन काल में हुए विकास कार्यों को लेकर भाजपा चुनाव मैदान में उतरी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गांरटी कभी फेल नहीं होती। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास को सही साबति करते हुए जो भी योंजनाएं चलाई, उसका लाभ देश के सीाी समुदाय को मिल रहा है। उन्हांने कहा कि आज जितना लाभ दूसरे समुदाय के लोग योंजनाओं का ले रहे हैं, उतना ही लाभ मुसलमान और दूसरे समुदाय के लोग उठा रहे हैं। कमाल खान ने कहा कि झारखंड अलग राजय भाजपा सरकार और तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का है। मौके पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य संतोष जयसवाल, विनोद भगत, शशांक शेखर राय, भागीरथ राय, विपिन सिंह मौजूद थे।

25 टीवी मरीजों को किट और दवाइयां दी गयीं

आजाद सिपाही संवाददाता

मुरी। शनिवार को हिंडाल्को में सी एस आर विभाग विभाग के द्वारा प्रधानमंत्री निक्षय पोषण योजना के तहत 25 टीवी मरीजों के बीच किट और मल्टीप्ल दवाइयां का वितरण किया गया है इस मौके एचआर हेड अरुण कुमार राय ने टीवी मरीजों के आहार को लेकर आवश्यक निर्देश दिया है और नशा न करने की अपील की है। वहीं सामुदायिक अस्पताल के डॉक्टर विवेक कुमार ने कहा कि समय से पोषण युक्त भोजन एवं दवाई का प्रयोग करें और पोषण युक्त किट का उपयोग कर स्वस्थ को मजबूत बनाएं।

इसे सफल बनाने में सी एस आर हेड अनिल कुमार सिंह, सहायक महाप्रबंधक कुमार अभिषेक प्रताप सिंह,भरत सिंह तथा सिल्ली स्वास्थ्य केंद्र से डाक्टर विवेक कुमार, रंजीत कुमार, नेन्सी कुमारी, दीपक कुमार ,कमल, नरेश, ब्रज किशोर, अनिता कुमारी का योगदान रहा।

सरहुल-ईद और रामनवमी को लेकर बैठक

बुंडू (आजाद सिपाही)। बुंडू थाना परिसर में शनिवार को सरहुल ईद एवं रामनवमी को लेकर शांति समिति की बैठक हुई बैठक में विभिन्न राजनीतिक दल एवं समाजसेवी एवं सरहुल समिति के सदस्य गण उपस्थित थे। मौके पर विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की गयी। साथ ही सरहुल जुलूस एवं रामनवमी जुलूस को लेकर मार्गो का निर्धारण किया गया लोगों ने बिजली पानी साफ सफाई की समस्याएं रखी इस अवसर पर डीएसपी रतीभान सिंह सीओ पवन कुमार नगर प्रशासक शुभम पोद्दार बुंडू थाना प्रभारी राय सौमित्र पंकज भूषण महिला थाना प्रभारी खुशबू वर्मा राजकिशोर कुशवाहा रोशन महतो गुड्डू महतो कवि नायक शत्रुघ्न महतो राम महतो कैलाश हवाई गणेश कुम्हार घासीराम उरांव जमील अंसारी मोहम्मद कमरु जमा मोहम्मद शाहिद गोलु उपस्थित हुए।

रांची डीटीओ ने खलारी में चलाया अभियान

खलारी (आजाद सिपाही)। रांची डीटीओ के द्वारा शनिवार को खलारी के सीसीएल इलाके में अभियान चलाया गया। इस दौरान डीटीओ की टीम ने कोयला ढुलाई कार्य में लगे हाईवे डंपरों की जांच की। जिसमें हाइवा डंपर में ओवरलोड ढूलाई करने, ओवर हाइट डाला रखने, गाड़ियों में आवश्यक कागजात नहीं होने और कई त्रुटियां पाए जाने पर करीब 39 वाहनों को सीजर लिस्ट दिया गया। सीजर लिस्ट दिए जाने के बाद विभाग की ओर से रांची आकर जल्द से जल्द फाइन कटवाने की बात कही गयी। शनिवार की सुबह लगभग 11 बजे जैसे ही डीटीओ की टीम केडीएच बैरियर के पास पहुंची और गाड़ियों की जांच करनी शुरू की क्षेत्र में हड़कंप मच गया। तीन गाड़ियों में आई डीटीओ की टीम ने मोनेट कोल वाशरी में ट्रांसपोर्ट करने वाले 23 डंपरों मे त्रुटियां पाई। इसके अलावा अन्य जगहों से लोडर समेत अन्य 16 गाड़ियों को भी सीजर लिस्ट देकर छोड़ा गया है। इस संबंध में रांची रीजनल के डिप्टी ट्रांसपोर्ट कमिश्नर संजीव कुमार ने बताया कि पिछले कई वर्षों से इस क्षेत्र में अभियान नहीं चला था। ओवरलोडिंग से जुड़ी शिकायतें मिलते रहती थी। पूर्व में पड़े गए वाहनों का यही पर फाइन वसूला जाता है। इस बार सभी लोगों को सीजर लिस्ट दिया गया है और उन्हे रांची में ही फाइन जमा करना होगा। ते समय पर फाइन जमा नहीं करने पर अधिक पेनल्टी भी देनी पड़ सकती है। इस टीम में रांची डीटीओ अखिलेश कुमार समेत कई पदाधिकारी और पुलिस के जवान मौजूद थे।

कमलेश राम ने पीड़ित परिवार को दी मदद

खलारी (आजाद सिपाही)। प्रखंड अंतर्गत चूरी दक्षिणी पंचायत के अंबा टोंगरी गांव में 75 वर्षीय बंधना उरांव का घर बीते सोमवार की रात जलकर खाक हो गया था। जिसमें घर में रखा सारा सामान, आवश्यक कागजात, अनाज, खाट, बिस्तर, कपड़े सहित बच्चों का स्कूल का किताब, कापी, स्कूल ड्रेस सभी जल कर खाक हो गया। वहीं घटना की सूचना पाकर भाजपा नेता कमलेश राम पीड़ित परिवार से शनिवार को मिलने पहुंचे और सूखा अनाज मुहैया कराया। साथ ही घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त की। पीड़ित परिवार ने उन्हें बताया कि इतनी बड़ी घटना होने के बावजूद भी प्रखंड या जिला के किसी भी पदाधिकारी ने उनकी सुध नहीं ली है। बताया कि अनाज जल जाने के कारण परिवार के समक्ष खाने के भी लाले पड़ गये हैं। वहीं मौके से ही कमलेष राम ने रांची उपायुक्त से टेलिफोन पर वार्ता कर पीड़ित परिवार को सरकारी आवास और चार लाख मुआवजा राषि तत्काल देने की मांग की। इस मौके पर भाजपा खलारी मंडल के मंत्री राजू गुप्ता, विरेंद्र मुंडा, रितेश केशरी, दिनेश सोनी, राहुल सिंह आदि उपस्थित थे।

भाजपा में लोगों को अपना भविष्य दिखता है: नीलकंठ

आजाद सिपाही संवाददाता

खूंटी। भाजपा के जिला कार्यालय में पार्टी का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्रदेश उपाध्यक्ष और खूंटी विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने पार्टी का झंडा ध्वजारोहण किया। विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा ने स्थापना दिवस की शुभकामना देते हुए कहा कि निष्ठावान कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से ही आज भाजपा विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित हो चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा भारतवासियों के लिए वह राजनीतिक दल है जिसमें उन्हें अपना भविष्य दिखाई देता है। समाज के कमजोर वर्गों के लिए भाजपा एक मजबूत संबल बनकर काम रही है और देश की विकास यात्रा को नए शिखर पर स्थापित करने में पूरे मनोयोग से प्रयासरत है।

आज भारत सभी चुनौतियों का मुकाबला करने में सक्षम: कोचे

भाजपा के लोकसभा संयोजक और तोरपा विधायक कोचे मुंडा ने कहा कि स्थापना दिवस पर आज हमें ये संकल्प लेना होगा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में हम एक पल भी बैठने वाले नहीं हैं और प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में पार्टी को और आगे ले जायेंगे। भाजपा आज लोगों की समस्याओं का समाधान करने का प्रयास करती रही है, करते रहना है, करते रहेंगे। विधायक ने कहा कि आज भारत समंदर जैसी विशाल चुनौतियों को पार करने और उनका मुकाबला करने में पहले से ज्यादा सक्षम है। स्वागत भाषण में जिलाध्यक्ष चन्द्रशेखर गुप्ता ने पार्टी के स्थापना से लेकर अब तक का वृतांत सुनाया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री बिनोद नाग ने और धन्यवाद ज्ञापन जिला उपाध्यक्ष संजय साहू ने किया। मौके पर खूंटी विधानसभा सह संयोजक ओमप्रकाश कश्यप, जिला महामंत्री बिनोद नाग, जिला उपाध्यक्ष संजय साहू, कैलाश राम, गंदौरी गुड़िया, सोशल मीडिया प्रभारी रुपेश जयसवाल, सह प्रभारी महावीर राम, मीडिया सह प्रभारी जनार्दन मिश्रा, नगर मण्डल अध्यक्ष सुरेश जयसवाल, अनुसूचित जनजाति मोर्चा अध्यक्ष योगेंद्र नायक, राजेश महतो, किसान मोर्चा अध्यक्ष रामानंद महतो, महिला मोर्चा अध्यक्ष रंदाय नाग, मदन मोहन मिश्रा, कंचन सिंह, कलिन्दर राम, गुलाब महतो, जीतन स्वांसी, मनोज कुमार गोप, कृष्णा लोहरा आदि उपस्थित थे।

सनसनी : ग्रामीणों ने आरोपी को पकड़ कर पुलिस को सौंपा, जांच शुरू

डायन-बिसाही का आरोप लगा टांगी से काटकर वृद्धा की हत्या

आजाद सिपाही संवाददाता

पिस्कानगड़ी। नगड़ी थाना क्षेत्र के चेटे कुंबा टोली गांव में शनिवार की सुबह 8.15 बजे डायन-बिसाही का आरोप लगाकर 65 वर्षीय एक वृद्ध महिला की टांगी के काट कर हत्या कर दिए जाने का मामला प्रकाश में आया है। मृतका की पहचान बिरसी सांगा के रूप में हुई है। वह नगड़ी थाना क्षेत्र के कुंबाटोली की रहने वाली थी। उधर घटना के बाद ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने आरोपित युवक को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही शव को कब्जे में लेकर

मृतका बिरसी सांगा की फाइल फोटो।

पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उधर, मृतक की बहू परया सांगा ने आरोपित युवक के खिलाफ थाने में प्रथामिकी दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार कुंबाटोली निवासी सुकरा सांगा की पत्नी मृतक बिरसी सांगा इस दिन सुबह 8.15 बजे अपने घर के आंगन में गेहूं साफ कर रही थी। तभी अचानक गांव के ही भरत सांगा वहां पहुंच गए। वह डायन का आरोप लगाते हुए गाली गलौज करते हुए मारपीट करले लगा। इसके बाद अति क्रोध में आकर अपने साथ लाए टांगी से मृतक बरसी के चेहरे व सिर पर ताबड़तोड़ कर वार कर दिए। जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। वहीं पास खड़ी मृतक बिरसी की पोती तारा सांगा ने उसे बचाने का प्रयास किया तो आरोपी युवक भरत ने उस पर भी टांगी से वार कर दिया। जिसे उसके कमर में चोट आयी है। पता चला है कि आरोपी भरत सांगा मृतका के घर के बगल में ही रहता है। वह वृद्धा की हत्या कर भाग गया। कुछ देर बाद ही गांव के लोगों ने उसे साइकिल से भागते हुए देख तो पकड़ लिया। बाद में मौके पर पहुंची पुलिस के हवाले कर दिया। इस संबंध में मृतक की बहु परया सांगा ने बताया गया कि सुबह में भरत टांगी लेकर उसके घर आया और सभी लोगों से गाली-गलौज करने लगा। टांगी लेकर दौड़ाने लगा। सभी डर के बारे घर में घुस गए। पर आंगन में गेहूं बना रही उसकी सास बिरसी भाग नहीं सकी और भरत ने टांगी से उसके सिर पर मार कर हत्या कर दी। इसके बाद उनके घर को बाहर से बंद कर भाग गया। घटना के संबंध में नगरी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार थाना प्रभारी ने बताया कि मृतक की बहु परया सांगा ने आरोपी भरत सांगा के विरुद्ध थाने में प्राथमिक की दर्ज कराई है। जांच की जा रही है।

सिंगार सरई, डुमर दोन, बंजारा व नदीटोली में आज भी कच्ची सड़के हैं आवागमन का सहारा

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के घाघरा पंचायत के सिंगार सरई व डुमर दोन के अलावा हरिहरपुर जाम टोली पंचायत के बंजारा व नदी टोली गांव में सरकार के विकास के दावों की पोल खोल रही है। इन चारों गांवों में आज भी कच्ची सड़क आवागमन का एकमात्र सहारा है। पक्की सड़क के इंतजार में लोगों की आंखे पथरा गई है। धूल उड़ती व कीचड़मय सड़क पर चलना लोगों की मजबूरी बन गई है। कहते हैं कि गांव का विकास होगा तभी देश विकसित होगा। गांव के विकास बिना न तो शहर विकास करेगा न राज्य व देश। इसी उद्देश्य से सरकार ने पंचायती राज व्यवस्था लागू की है। विकास की जवाबदेही पंचायत के मुखिया व अन्य प्रतिनिधियों को दी गई है। पर पंचायती राज व्यवस्था के डेढ़ दशक बाद भी चारों गांव सड़क पक्कीकरण का बांट जोह रहे हैं। इन गांवों में मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। जबकि सरकार द्वारा गांवों के विकास के नाम पर लाखों रुपए खर्च किया गया। बावजूद इसके गांव की सूरत नहीं बदल सकी। गांव आज भी विकास की दौड़ में पीछे है। जल निकासी, पेयजल, पक्की नाली व पक्की सड़क का अभाव है। जबकि पंचायती राज के तहत गांवों को विकसित करने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। लेकिन यह नजारा गांव के आधारभूत जरूरतों को लेकर बरती शिथिलता और उदासीनता का कड़वा सच है। इधर दोनों गांव के ग्रामीणों ने अधिकारियों से दोनों गांवों में सड़क बनाए जाने की मांग की है।

ऑनलाइन बीपीएल नामांकन प्रक्रिया को लेकर प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

आजाद सिपाही संवाददाता

धनबाद। बीपीएल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए धनबाद पब्लिक स्कूल केजी आश्रम में शनिवार को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिले के बीपीएल नामांकन प्रक्रिया के तहत सभी स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। जिन्हें प्रशिक्षण के माध्यम से बीपीएल ऑनलाइन नामांकन संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही एक पोर्टल व पासवर्ड भी बताया गया, जिससे जिन बच्चों का चयन जिला शिक्षा कार्यालय से होने के बाद उन्हें किसी तरह नामांकन लेकर उनकी उपस्थिति को दिखाने से लेकर जानकारी विभाग को देनी है। इस बारे में जानकारी दी गई। जिला शिक्षा अधीक्षक कार्यालय की ओर से जानकारी देते हुए गौतम कुमार साहू ने बताया कि इस वर्ष बीपीएल ऑनलाइन प्रक्रिया होने से स्कूलों को कुछ कठिनाइयां हो रही थी, जिसको ध्यान में रखते हुए यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें स्कूलों को प्रशिक्षण के साथ ही कुछ दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। बीपीएल बच्चों को नामांकन लेने संबंधी जानकारी से लेकर पोर्टल एवं पासवर्ड भी अवलेबल कराया गया है। जिससे बीपीएल नामांकन में आने वाली सारी कठिनाइयों को आसानी से निपटारा किया जा सके। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए स्कूलों को दायित्व दिया गया है, जिससे इस वर्ष नामांकन प्रक्रिया में कोई गड़बड़ी की संभावना ना रहे। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष बीपीएल नामांकन प्रक्रिया में काफी गड़बड़ियों हुई थी। जिससे विभाग को काफी शिकायतों का सामना करना पड़ा था। कई ऐसे स्कूल भी शामिल है, जीनमें अभी भी बीपीएल सीटें रिक्त रह गई। जिस कारण इस वर्ष ऑनलाइन प्रक्रिया के तहत नामांकन लिया जाना सुनिश्चित किया गया। मौके पर साजिद, सुमित्रा महाजन, उज्जवल कुमार सहीत सभी स्कूलों के प्रतिनिधि शामिल थे।

सदाबहार चौक में भारतीय शिल्प व्यापार मेले का शुभारंभ आज

आजाद सिपाही संवाददाता

नामकुम। प्रखंड के सदाबहार चौक स्थित दुर्गा मंदिर के समीप मैदान में रविवार को नया सवेरा सखी मंडल रांची के तत्वाधान में भारतीय शिल्प व्यापार मेले का शुभारंभ किया जाएगा। इसकी जानकारी देते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष नेहा तिर्की ने बताया कि नामकुम में पहली बार मेला में भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा लगभग 18 राज्यों के 75 कुशल शिल्पकार बंधु लगभग डेढ़ लाख कलाकृतियों का प्रदर्शन एवं विक्रय करेंगे। उपाध्यक्ष संजीव तिवारी ने बताया कि मेला में नामकुम वासी ब्रेक डांस, ड्रैगन ट्रेन, कोलंबस आदि झूलों का आनंद ले सकते है। बताया कि मेले में प्रतिदिन रात 8 बजे लक्की ड्रा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। जिसमें विजयी प्रतिभागियों को ओम नमः शिवाय परिवार और भारतीय शिल्प व्यापार मेला की ओर से उपहार देकर पुरस्कृत किया जाएगा।

लूटपाट के बाद हुई दोहरे हत्याकांड का मुख्य आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

आजाद सिपाही संवाददाता

केंदुआडीह। थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोरखपुरी धौड़ा में लगातार दो हत्याकंडों से पुलिस महतमें की किरकिरी हो रही थी। जिसके बाद वरीय पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस उपाधीक्षक विधि-व्यवस्था के निर्देशन में पुनि सह थाना प्रभारी के नेतृत्व में जांच टीम गठित की गई। थाना प्रभारी के नेतृत्व में शुक्रवार को केंदुआडीह थाना क्षेत्र से हत्याकांड में शामिल दो आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। शुक्रवार को गुप्त सूचना एवं अनुसंधान में आए साक्ष्य के आधार पर सुजीत कुमार चौरसिया उर्फ छोटे उर्फ हड्डी को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया गया। सख्ती से पूछकाछ करने पर उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। उसकी निशानदेही पर घटना में इस्तेमाल लोहे का सरिया जिस पर मृतिका ज्ञानती देवी के बाल एवं खून लगे थे उसे बरामद कर लिया गया। साथ ही मृतिका का चांदी का अंगुठी, हाथ का पीतल का कंगन-दो बरामद किया गया है। गौरतलब हो कि 22 जनवरी की रात ज्ञानती देवी के घर में घुस कर रोहित कुमार एक विधि विरूद्ध किशोर एवं सुजीत कमार उर्फ हड्डी द्वारा सिर पर वार कर उसकी हत्या कर गहना लूट लिये गये थे। हत्याकांड के उद्भेदन में में थाना प्रभारी राम नारायण ठाकुर व उनकी टीम ने सराहनीय कार्य किया है। जिन्हें सम्मानित किया जाएगा।

बेड़ो में लाखों की लागत से बना गोदाम बेकार

आजाद सिपाही संवाददाता

बेड़ो। प्रखंड के डूमर टोली गांव में लाखों रुपए की लागत से बना एफसीआई का गोदाम भवन आज बेकार पड़ा हैं। खाद्य आपूर्ति विभाग का यह गोदाम वर्तमान में बेकार पड़ा है। विभाग की लापरवाही के कारण गोदाम का संचालन नहीं हो सका है। भवन अब खंडहर में तब्दील हो रहा हैं। इसके बावजूद आपूर्ति विभाग, प्रखंड व जिला प्रशासन से लेकर जनप्रतिनिधि सभी कुंभकर्णी निद्रा में सोए हुए हैं। उक्त गोदाम कि स्थिति आज यह है कि इसमें अभी तक एक ग्राम अनाज नहीं रखा जाता केवल शोभा वस्तु बना है। हालात यह है कि भवन चारागाह में तब्दील हो गया है। स्थिति यह है कि नए बने भवन में झाड़ियां उग आई है। इस भवन का उपयोग नहीं होने के कारण भवन अब खंडर में तब्दील हो रही है। वहीं, गोदाम का निर्माण जब शुरू किया था तो आसपास के ग्रामीणों को यह आस लगी कि उन्हें रोजगार मिलेगा। जब इस गोदाम में अनाज रखा जायेगा तो स्थानीय लोगों को काम करने का मौका मिलेगा। स्थानीय ग्रामीण सुनील उरांव, बंदे उरांव आदि का कहना है कि उक्त गोदाम का कोइ उपयोग नहीं है। अगर सरकार द्वारा इसका खाद्यान्न रखने का उपयोग किया जाता तो स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता।

लापुंग में मना भाजपा का स्थापना दिवस

लापुंग (आजाद सिपाही)। प्रखंड कार्यालय में शनिवार को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा का स्थापना हुआ था। इस अवसर पर दीप प्रजज्वलित कर श्यामा प्रसाद मूखर्जी, दीनदयाल उपाध्याय व अटल बिहारी वाजपेयी के चित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया गया। इसके बाद उनके पद चिन्हों पर चलने का संकल्प किया गया। मौके पर मंडल अध्यक्ष दुखहरण सिंह, हरिमोहन साहू, नंदलाल साहू, हिंदियां टोप्पो,राजीव रंजन अधिकारी आदि मौजूद थे।

खलारी : दावत-ए-इफ्तार का आयोजन

खलारी (आजाद सिपाही)। शहीद शेख भिखारी मेमोरियल सोसायटी एनके पिपरवार खलारी के सौजन्य से षनिवार को दावत-ए-इफतार का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीआइएसएफ सीनियर कमांडेंट संदीप कुमार एस मुख्य रूप से उपस्थित थे। साथ ही विशिष्ट अतिथि के रूप में एनके एरिया महाप्रबंधक सुजीत कुमार, पिपरवार एरिया महाप्रबंधक सीबी सहाय, रांची प्रेस क्लब अध्यक्ष सुरेंद्र सोरेन, रांची प्रेस क्लब सचिव अमरकांत सिंह, रांची विष्वविद्यालय उर्दू विभागाध्यक्ष मोहम्मद रिजवान अली, अबरार अहमद, संयोजक मौलाना आजाद, ह्यूमेन इनीशिएटिव मुफती अब्दुल्लाह अजहर कासमी, केंद्रीय अध्यक्ष मुस्लिम मजलिसे ओलिमा उपस्थित थे। इस मौके पर झारखंड पुलिस मैन एसोसिएशन के अध्यक्ष शमशेर खान सीआइएसएफ सीनियर कामाडेट संदीप कुमार एस को टोपी व शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया जिसके बाद सोसायटी के लोगों द्वारा बारी बारी से उपस्थित अतिथियों को टोपी पहनाकर व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। जिसके बाद मौके पर उपस्थित बच्चे, नवजवान, बूढ़े सहित रोजेदारों ने एक साथ मिलकर अफतारी की। वहीं उपस्थित रोजेदारों ने नमाज पढ़ी गयी। मौके पर इकबाल हुसैन, सीसीएल के कार्यकारी अध्यक्ष विनय सिंह मानकी, सुभान अंसारी, शमशाद आलम, फैय्याज खान, हफीजुर्रहमान, विगन सिंह भोगता, लखन गंझू, अनिल पासवान, इकबाल हुसैन, गोपाल सिंह सहित बहेरा, डकरा, खलारी, टंडवा, कमता, बड़कागांव आसपास के अंजुमन कामेटी के साथ रोजेदारों के साथ कई संगठन और संघ के पदाधिकारी सहित बुद्धिजीवी वर्ग उपस्थित थे।

रैयत विस्थापित मोर्चा ने थाना प्रभारी से की मुलाकात

मैक्लुस्कीगंज (आजाद सिपाही)। रैयत विस्थापित मोर्चा नवाडीह शाखा का प्रतिनिधि मंडल ने शनिवार को मैक्लुस्कीगंज के नये थाना प्रभारी गोविंद कुमार से मुलाकात किया। शाखा अध्यक्ष शिवनारायण लोहरा के नेतृत्व में मोर्चा के पदाधिकारियों ने थाना प्रभारी गोविंद कुमार का बुके देकर स्वागत किया। मोर्चा ने आशा व्यक्त किया कि नये थाना के नेतृत्व में मैक्लुस्कीगंज क्षेत्र में पुलिस पब्लिक के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होगा। इस मौके पर कुलदीप साहू, रविंद्र मुंडा, विनोद मुंडा, ताहिर अंसारी आदि मौजूद थे।

उषा मार्टिन की आधारभूत संरचना के विकास की पहल

बेहतर शिक्षा व संस्कृति के लिए गांवों में स्कूलों का जीर्णोद्धार : डॉ मयंक मुरारी

- मासू में आंगनबाड़ी व पुस्तकालय का जीर्णोद्धार, महिलौंग में मीटिंग हॉल का सौंदर्यीकरण, उलातू में स्कूल की चाहरदिवारी का हुआ निर्माण
- टाटी स्थित गुरुकुल स्कूल का विकास

आजाद सिपाही संवाददाता

अनगड़ा। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से टाटीसिलवे स्थित कारखाना के आसपास के 18 गांवों में इस वित्तीय वर्ष 2023-24 में बेहतर शिक्षा के लिए आधारभूत संरचना के विकास की शानदार पहल की गयी है। कई गांवों में स्कूलों की मरम्मती सहित विकास के अन्य कार्य किये गये हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी एवं पुस्तकालय की मरम्मती के उपरांत उसका सौंदर्यीकरण भी कराया गया है, ताकि गांवों में युवाओं के पढ़ाई के लिए बेहतर माहौल बनाया जा सके। इन कार्यों का उत्साहजनक परिणाम भी सामने आया है। जहां मासू मध्य विद्यालय से आठ बच्चे नवोदय विद्यालय के लिए चयनित हुए है। फॉउंडेशन के हेड डॉ मयंक मुरारी ने बताया कि ग्रामीण विकास कार्यक्रम के तहत मासू आंगनबाड़ी का जीर्णोद्धार कराया गया। छोटे बच्चों के लिए खिलौना, किताब एवं खेलने की सामग्री भी मुहैया करायी गयी है। इस केंद्र पर शुद्ध पेयजल के लिए जलमीनार का मरम्मत कर सौर ऊर्जा से संचालित किया गया है, ताकि मरम्मत की समस्या नहीं हो। इसी तरह मासू गांव के पुस्तकालय का मरम्मत एवं सौंदर्यीकरण का कराया गया है। इस पुस्तकालय को किताबें भी मुहैया करायी गयी है। महिलौंग स्थित मध्य विद्यालय के जर्जर मीटिंग हॉल की भी मरम्मती करायी गयी और इसमें प्रकाश की व्यवस्था भी करायी गयी है, ताकि बैठक के दौरान रोशनी की समस्या ना हो। इसी प्रकार उलातू स्कूल की चाहरदिवारी का निर्माण कराया गया, ताकि स्कूल परिसर सुरक्षित हो सके। इस वित्तीय वर्ष में टाटी स्थित गुरूकुल स्कूल का भी विकास कार्य किया गया। इसका मरम्मत कराकर विद्यालय में कुर्सी, टेबुल एवं अन्य सामग्री मुहैया करायी गयी है। उषा मार्टिन फॉउंडेशन के माध्यम से पिछले साल भी उलातू, टाटी एवं मासू विद्यालयों में मरम्मत कार्य चलाया गया था। फॉउंडेशन की ओर से मासू, उलातू, टाटी पूर्वी एवं टाटी पश्चिम, महिलौंग, होरहाप, हरातू, सिलवे गांव में विद्यालय के समीप एवं अन्य सभी जगहों पर पेयजल के लिए जलमीनार की टंकी बदलने के अलावा, सोलर पैनल एवं प्लंबिंग सिस्टम को नया लगाया गया है, ताकि गरमी के दिनों में पानी की दिक्कत नहीं हो सके। इस सुविधा के कारण विभिन्न गांवों में चार सौ परिवार को शुद्ध पानी की सुविधा प्राप्त हो सकेगा। कई जगहों पर स्नान घर का भी निर्माण कराया गया है।

रीडिंग हैबिट बढ़ाने में पुस्तकालय की भूमिका : प्रिया बागची

गांवों के स्कूल में पुस्तकालय को पुनर्जीवित किया जा रहा है। पुस्तकालय के रखरखाव व उसके उपयोग पर लोगों को जागरूक बनाया जा रहा है। इससे लोगों में रीडिंग हैबिट में लगातार बढ़ोत्तरी हो रही है। पिछले साल चार हजार से ज्यादा बच्चों के लिए 15 स्कूलों में किताबों का वितरण कराया गया। उषा मार्टिन की प्रबंधक प्रिया बागची बताती हैं कि रीडिंग हैबिट के माध्यम से बदलाव में पुस्तकालय की अहम भूमिका है। इस साल पुस्तकालय को केंद्र में रखकर शिक्षा के प्रति लोगों को जोड़ने का कार्यक्रम चलाया जायेगा।

गांव में बदलाव की बयार है: देवराज पाहन

मासू के देवराज पाहन बताते हैं कि पिछले तीन सालों से उषा मार्टिन के माध्यम से इस गांव में बदलाव का बयार चल रहा है। गांव में विद्यालय को पूर्णतः नया बना दिया गया है। वाचनालय से अब गांव में पढ़ने के प्रति रूझान बढ़ी है। आजीविका के लिए कई प्रकार के कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। इससे गांवों में खुशहाली आयी है। महिलौंग मध्य विद्यालय की प्राचार्य हेमलता जी ने सीएसआर के तहत किये गये कार्यों की सराहना की है। उन्होंने कहा कि उषा मार्टिन द्वारा ही स्कूल में सोलर लाइट भी लगाया गया है।

खिलान धौड़ा में विस्थापन पर हुई चर्चा सुविधा-मुआवजा पहले तय करे प्रबंधन

खलारी (आजाद सिपाही)। अंबेडकर प्रभावित विस्थापित मोर्चा के तत्वावधान में खिलान धौड़ा में ग्रामीणों की बैठक शनिवार को हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रभावित मोर्चा के अध्यक्ष मुखिया संतोष कुमार महली तथा संचालन विनोद कुमार ने किया। बैठक में केडीएच परियोजना के विस्तारीकरण में खिलान धौड़ा को विस्थापित करने संबंधित बातों पर चर्चा हुई। बैठक में मुखिया संतोष कुमार महली ने बताया कि केडीएच परियोजना द्वारा विस्तारीकरण में खिलान धौड़ा को विस्थापित करने संबंधित एक पत्र प्रबंधन ने उन्हें दिया है। बैठक में ग्रामीणों से विचार विमर्श किया गया कि विस्थापन के बदले खिलान धौड़ा के ग्रामीणों को क्या क्या सुविधा एवं मुआवजा मिलना चाहिए। ग्रामीणों ने कहा प्रबंधन के द्वारा जो खिलान धौड़ा को विस्थापित करना है तो पूर्व में जेहलीटांड में जो घरों एवं विस्थापन का जो मुआवजा दिया गया था उसी तर्ज पर खिलान धौड़ा में भी घरों का मुआवजा, विस्थापन का मुआवजा एव सुविधा दिया जाय। साथ ही विस्थापन को लेकर पंचायत के अंदर ही जमीन समतलीकरण कर उन्हें उस जगह पर विस्थापित किया जाय तभी ग्रामीण विस्थापित होने के लिए तैयार है। साथ ही विस्तारीकरण के दौरान निजी कंपनियो के द्वारा खनन करने पर उक्त कंपनियों में लोगो को रोजगार देने को लेकर चर्चा की गयी। बैठक में सचिव सह पंचायत समिति सदस्य सहदेव महली, उमेश मेहता, मनोज साव, विनोद राम, प्रेम साव, उपेंद्र राम, अमर साव, प्रमोद राम, संजय राम, कमरुद्दीन अंसारी, बिंदु भुइयां, देव, गिरजा ठाकुर सहित कई लोग मौजूद थे।

उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षकों की वार्षिक बैठक

खलारी (आजाद सिपाही)। उर्सुलाइन कॉन्वेंट स्कूल में षनिवार को शिक्षकों की वार्षिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से शिक्षकों में मुकेश कुमार सिंह और रोजी मगदली टोप्पो का सत्र 2024-2025 के लिए शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में चयन किया गया। वहीं विद्यालय प्राचार्या सिस्टर जयंती ने इसके लिए दोनों को बधाई दी। वहीं मुकेश कुमार सिंह और रोजी मगदली टोप्पो ने सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं को धन्यवाद देते हुए कहा कि शिक्षक-प्रतिनिधि के रूप में वे शिक्षकों के हित में काम करेंगे तथा उनके और मैनेजमेंट के बीच एक मजबूत कड़ी के रूप रहेंगे। इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

भाजपा ने मनाया पार्टी का 44वां स्थापना दिवस, प्रदेश अध्यक्ष ने संघर्ष भरे सफर को किया याद

संस्थापकों के त्याग और कार्यकर्ताओं के समर्पण से भाजपा विश्व की सबसे बड़ी पार्टी बनी: बाबूलाल मरांडी

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। बीमोड़ चंद्रवंशी कॉम्प्लेक्स में स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार को पार्टी का 44वां स्थापना दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। जिसका आयोजन भाजपा ग्रामीण मंडल व नगर मंडल ने संयुक्त रूप से किया था। कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, पलामू सांसद विष्णु दयाल राम, पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी, प्रदेश महामंत्री मनोज कुमार सिंह, जिलाध्यक्ष अमित तिवारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी सहित कई दिग्गज नेता

स्थापना दिवस पर भाजपा का झंडा फहराते प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी व अन्य।

शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इसके बाद कार्यालय के समक्ष बाबूलाल मरांडी ने पार्टी का झंडा फहराया। उन्होंने पार्टी के संघर्ष भरे सफर को याद करते हुए कहा कि 16 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना राष्ट्रवादी सोच के साथ हुई थी। तब संस्थापक अध्यक्ष स्व अटल बिहारी बाजपेयी ने कहा था कि अंधेरा छंटेगा कमल खिलेगा। आज उनका कथन सत्य हो चुका है। पार्टी संस्थापकों के त्याग और कार्यक्रताओं के समर्पण से आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन चुकी है। देश के संसद से लेकर विधानसभाओं में भाजपा का प्रतिनिधित्व सबसे ज्यादा है। जिसका सारा श्रेय पार्टी के संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जाता है। वहीं, सांसद वीडी राम ने कहा कि भाजपा स्थापना काल से लेकर अब तक देश को समृद्ध और शक्तिशाली बनाना चाहती है। देश की सांस्कृतिक विरासत को आगे ले जाना चाहती है। पार्टी अपने मिशन में कामयाब भी रही। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्वगुरु बनने की राह पर आगे बढ़ रहा है। पूर्व मंत्री सह विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी ने कहा कि भाजपा देश की एकमात्र पार्टी है जो सबका साथ और सबके विकास की बात करती है। गरीबों के कल्याण और दबे कुचलों के उत्थान के लिए काम करती है। पार्टी का हर कार्यकर्ता देश हित का कार्य करता है। इससे पहले भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने बाबूलाल मरांडी को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर मंडल अध्यक्ष बबन राम व संचालन ग्रामीण मंडल अध्यक्ष अमरेश तिवारी ने किया। मौके पर जिला उपाध्यक्ष रामचंद्र यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र पांडेय, जिला पार्षद विजय रविदास, पूर्व प्रमुख संतोष चौबे, सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय, रामानंद तिवारी, विनय चौबे, उपेंद्र तिवारी, मनीष गुप्ता, संतोष राम, किरण शर्मा, अर्चना चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, विकाश चौबे मंटू, शिवबंश मिश्रा, अखिलेश चौबे, कुश कुमार ओझा, रामनिवास पांडेय उर्फ मुन्ना पांडेय आदि मौजूद थे।

शहर के आठ केंद्रों पर परीक्षा आज

पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्र से 100 मीटर के दायरे में धारा 144 लागू

- एसडीओ ने कदाचार मुक्त परीक्षा के लिए जारी किए निर्देश

आजाद सिपाही संवाददाता

मेदिनीनगर। पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा को देखते हुए मेदिनीनगर सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी ने रविवार क्षेत्र के परीक्षा केंद्रों के आसपास के 100 गज की परिधि में धारा 144 लागू कर दी है। इस बाबत उन्होंने आदेश जारी करते हुए बताया कि परीक्षा में कदाचार रोकने एवं सुरक्षा को लेकर धारा 144 लागू की गई है। इस दौरान परीक्षा केंद्र परिसर से 100 गज की दूरी में अभिभावक या किसी अन्य को रहने की अनुमति नहीं होगी। परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंतर्गत पांच अथवा पांच से अधिक व्यक्तियों द्वारा मजमा लगाकर चलने पर प्रतिबंध रहेगा। इसके अलावा परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि के अंदर कोई भी व्यक्ति घातक हथियार लाठी (बुढ़ा एवं अपंग) को छोड़कर भला, गड़ासा, छूरा, हथियार लेकर नहीं चलेगा। इसके साथ ही परीक्षा केंद्रों के आसपास बिना अनुमति के लाउडस्पीकर का प्रयोग भी वर्जित रहेगा। परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, वीक्षक, परीक्षार्थी, पुलिस बल को छोड़कर किसी भी व्यक्ति को परीक्षा केंद्रों के 100 मीटर की परिधि में जाने पर प्रतिबंध रहेगा। कोई भी व्यक्ति अनावश्यक नहीं रहेगा या चिट-पुर्जा, प्रश्नपत्र वितरित नहीं करेगा। यह निषेधाज्ञा सिर्फ परीक्षा केंद्रों पर निर्धारित तिथि को ही लागू होगा। सदर अनुमंडल क्षेत्र में पोलिटेकनिक प्रतियोगिता परीक्षा 2024 के कुल 08 केंद्र (एमकेडीएपी पब्लिक स्कूल चियांकी, विमला पांडये मेमोरियल ज्ञान निकेतन स्कूल बैरिया, राजकीय प्लस-2 उच्च विद्यालय (जिला स्कूल), जनता शिवरात्रि कॉलेज, ब्राइटलैण्ड स्कूल बाई पास रोड, आरके गिरिवर प्लस-2 उच्च विद्यालय, एलीट पब्लिक बीएड कॉलेज, चियांकी, राजकीय बालिका प्लस-2 उच्च विद्यालय (केजी स्कूल) में बनाए गए हैं। इन केंद्रों के आसपास असामाजिक तत्वों की ओर से परीक्षा संचालन में व्यवधान उत्पन्न होने की आशंका रहती है। इसी के मद्देनजर एसडीओ ने निषेधाज्ञा लागू की है।

ग्रीनलैंड कान्वेंट स्कूल का मना 12वां स्थापना दिवस

पांकी/पलामू (आजाद सिपाही)। ग्रीन लैंड कान्वेंट स्कूल का 12वां स्थापना शनिवार को दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि प्रमुख पंचम प्रसाद, मजदूर किसान महाविद्यालय के प्राचार्य दिलीप कुमार राम, पांकी पूर्वी के पूर्व मुखिया शंकर प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया रामबली सिंह, ग्रीनलैंड कान्वेंट स्कूल के प्रबंधक प्रमोद पांडे, प्राचार्य अनामिका पांडे ने संयुक्त रूप से दीपप्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि प्रमुख पंचम प्रसाद ने कहा कि बहुत ही कम समय में ग्रीनलैंड कान्वेंट स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अहम योगदान दिया है। पांकी जैसे जगहों में शिक्षा की अलख जगा रहा है। अभिभावकों से आग्रह करते हुए कहा कि एक टाइम कम खाना खाएं लेकिन बच्चों को अवश्य पढ़ाएं। शिक्षा का उद्देश्य सिर्फ नौकरी पाना नहीं, बल्कि एक अच्छा इंसान भी बनना है। उन्होंने बच्चों से देश-दुनिया में नाम रोशन करने की बात कही। छात्र एवं छात्रएं की ओर से एक से बढ़कर एक संगीत एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। जिसमें बागवान एक्ट एवं स्कूल एक्ट और झारखंड की झलक को अतिथियों ने दीप्ति पांडे, श्वेता, ममता, गुड़िया, कोमल, राहुल, रंगनाथ, सतेंद्र ने जमकर सराहना किया। कार्यक्रम का संचालन अनामिका पांडे ने किया। मौके पर कई विद्यार्थी व अभिभावक मौजूद थे।

सेवानिवृत्त शिक्षकों को दी गयी विदाई

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। विश्रामपुर के कन्या मध्य विद्यालय के दो शिक्षकों को सेवानिवृति के बाद शनिवार को सम्मान पूर्वक विदायी दी गई। इसके लिए स्कूल परिसर में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। बताते चले कि विश्रामपुर कन्या मध्य विद्यालय के दो शिक्षक गणेश राम व कमरुल हक सेवानिवृत हो गये हैं। समारोह की अध्यक्षता शिक्षक नीतीश कुमार व संचालन अरविंद कुमार ने किया। बीपीओ मणि पांडेय ने शिक्षक गणेश राम व कमरुल हक के कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि इन्होंने अनुसाशन व संस्कार पूर्ण शिक्षा बच्चों को दी है। समारोह में स्कूली बच्चों ने विदाई गीत गाकर माहौल को कुछ समय के लिये गमगीन कर दिया। मौके पर सीआरपी कृष्णा साहू, नागेंद्रनाथ बाजपेयी, रवींद्रनाथ बाजपेयी, बसीर आलम, रूबी देवी, सरस्वती देवी, रंजीत बक्सराय, देवेश कुमार, संजय कुमार सहित कई शिक्षक-शिक्षिका व स्कूली छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

रेहला में रामनवमी पूजा कमेटी का पुनर्गठन, आलोक शुक्ला बने अध्यक्ष

विश्रामपुर/पलामू (आजाद सिपाही)। रेहला हनुमान मंदिर परिसर में रामनवमी पूजा समिति की बैठक हुई। जिसमें रामनवमी इस वर्ष भी धूमधाम से मनाने व भव्य जुलूस निकालने का निर्णय लिया गया। जुलूस के दौरान राम दरबार सहित कई आकर्षक झांकी निकालने का भी फैसला लिया गया। रामनवमी पूजा महोत्सव के सफल आयोजन व संचालन के लिए पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया। लगातार सांतवी बार आलोक शुक्ला को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया। इसके अलावे 501 सदस्यीय कार्यकरणी का भी गठन किया गया। जिसमें रेहला, डंडिला, गोदारमा सहित दर्जनभर गांव के युवाओं को रखा गया है। मौके पर शुशील कुमार चौबे उर्फ टिकैत चौबे, अमृत शुक्ला, महेंद्र चौबे, संतोष चौबे, गोल्डेन चौबे, प्रो नंदलाल शुक्ल, यमुना शुक्ल, शशिभूषण शुक्ल, डॉ डीपी शुक्ल, डॉ बीपी शुक्ल, रंजीत सिंह, संजू सिंह आदि उपस्थित थे।

बिहार और झारखंड के प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने सीमा क्षेत्र में किया फ्लैग मार्च

निर्भिक व निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने को लेकर अंतर्राज्यीय प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों ने फ्लैग मार्च कर की बैठक

आजाद सिपाही संवाददाता

हरिहरगंज/पलामू। निर्भिक और निष्पक्ष लोकसभा चुनाव कराने को लेकर शनिवार को अन्तर्राज्यीय प्रशासनिक व पुलिस पदाधिकारियों की बैठक बिहार सीमा पर स्थित हरिहरगंज प्रखण्ड सभागार में हुई। इस दौरान अन्तर्राज्यीय प्रशासनिक और पुलिस पदाधिकारियों ने शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव कराने पर विस्तार से चर्चा की। इससे पहले अधिकारियों ने पुलिस बलों के साथ दोनों राज्यों के सीमावर्ती इलाकों में फ्लैग मार्च भी किया। अधिकारियों में पलामू के निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी शशि रंजन, औरंगाबाद के निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री, पलामू पुलिस

अधीक्षक रीष्मा रमेशन और औरंगाबाद पुलिस अधीक्षक स्वपना जीमेश्राम, डीडीसी रवि आनंद, सहायक समाहर्ता रवि कुमार, नगर आयुक्त मों जावेद हुसैन, हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, औरंगाबाद एसडीओ संजय कुमार पांडेय, भूमि सुधार उपसमाहर्ता बिजय केरकेट्टा, छतरपुर डीएसपी नौशाद आलम, हुसैनाबाद डीएसपी मुकेश कुमार, औरंगाबाद सदर-2 डीएसपी अमित कुमार शामिल थे। पलामू डीसी व औरंगाबाद जिलाधिकारी ने बताया कि हर हाल में चुनाव को निष्पक्ष तरीके से संपन्न करना है। इसे लेकर दोनों राज्यों की पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी आपस में समन्वय बनाए रखेंगे। अपराध नियंत्रण को लेकर दोनों राज्यों की पुलिस सूचना संकलित कर एक दूसरे के साथ साझा करते हुए संयुक्त कार्रवाई भी करेगी। बॉर्डर इलाकों में खास निगरानी बर्ती जाएगी। चुनाव के दौरान झारखंड व बिहार की सीमा सील होगी। ग्रामीणों को मतदान के लिए जागरूक किया जा रहा है। मतदाताओं को डराने धमकाने व मतदान में गड़बड़ी पहुंचाने वाले लोगों को किसी भी सूरत में बख्शा नही जायेगा। शराब की तस्करी पर पूरी तरह रोक लगाने का निर्देश संबंधित थाना प्रभारी को दिया गया। हथियार की तस्करी पर रोक लगाने, नक्सल से लेकर अपराधियों पर नजर रखने पर विशेष रुप से चर्चा की गयी। नक्सलियों के खिलाफ संयुक्त ऑपरेशन चलाने, शराब, ड्रग्स, मादक पदार्थों पर रोक लगाने और चुनाव को प्रभावित करने वालों की पहचान आदि पर विचार विमर्श किया गया। वहीं पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों में भय मुक्त चुनाव कराने को लेकर एरिया डोमिनेशन का काम जारी है। बैठक में औरंगाबाद अभियान एसपी, सीआरपीएफ ड्यूटी कमांडेड, हरिहरगंज थाना प्रभारी चंदन कुमार, पिपरा थाना प्रभारी बिमल कुमार, अंबा थाना अध्यक्ष राहुल राज, कुटुंबा थाना अध्यक्ष अक्षयवर सिंह, टंडवा थाना अध्यक्ष रामजी प्रसाद, नवीनगर थाना अध्यक्ष मनोज पांडेय, ढिबरा थाना अध्यक्ष रितेश उपाध्याय सहित कई पुलिस पदाधिकारी शामिल थे।

विधायक आवास में मना भाजपा का स्थापना दिवस

पांकी/पलामू। भाजपा के नीलाम्बर पितामबरपुर स्थित मौर्या फॉर्म हाउस में शानिवार को स्थापना दिवस मनाया गया। जिसमें विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने पार्टी का ध्वज लगाया। वहीं, पांकी विधानसभा के सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने भी अपने -अपने घरों में पार्टी का ध्वज लगाया। विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि आज ही के दिन भाजपा का जन्म हुआ था। बुनियाद से शुरू होकर भाजपा आज बुलंदियों पर है। उन्होंने भाजपा के सभी कार्यकर्ताओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आज का दिन भाजपा के लिए ऐतिहासिक दिन है। 6 अप्रैल 1980 को भाजपा की स्थापना की गई थी। जनता पार्टी से अलग होकर एक ऐसे दल की नींव रखी गई जो भारतीय राजनीति करने वाली विख्यात हुई। भारतीय जनता पार्टी के पहले अध्यक्ष अटल बिहारी वाजपेयी थे। इस अवसर पर प्रो बचन ठाकुर, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र सिंह,अजय पासवान, मंटू शर्मा, तरहसी मंडल अध्यक्ष अजित प्रसाद गुप्ता, सौदागर सिंह, निर्मल मेहता,मिथलेश पासवान सहित कई लोग उपस्थित थे।

भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है : कर्नल संजय

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। भाजपा के सैन्य प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक कर्नल डॉ संजय कुमार सिंह के आवासीय कार्यालय में शनिवार को पार्टी का स्थापना दिवस वरिष्ठ पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कर्नल संजय सिंह द्वारा भाजपा का झंडोतोलन एवं जनसंघ के संस्थापक पंडित दिन दयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर तमाम कार्यकताओं द्वारा पुष्प अर्पित कर किया गया। सभी ने आगामी लोक सभा चुनाव में पलामू संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम को भारी मतों से जीताने और देश भर में एनडीए गठबंधन को 400 पार पहुंचाने का प्रण लिया। कर्नल संजय सिंह ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की पार्टी है। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रविंद्र कुमार सिंह ने कहा कि देश में व्यापक जनहित में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से किए जा रहे प्रयासों को पूर्ण सहयोग देकर समाज के प्रत्येक वर्ग को लाभांवित किया जा रहा है। भाजपा नेता कामेश्वर कुशवाहा ने भाजपा के राष्ट्रीय विचारधारा के नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में सहयोग जारी रखने के लिए पार्टी के सदस्यों से अपील किया। उपस्थित कार्यकर्ताओं के साथ रविवार को झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबुलाल मरांडी के हुसैनाबाद विधानसभा दौरा व हैदरनगर होने वाले जनसभा को लेकर चर्चा व रणनीति बनाई गयी। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता राम प्रवेश सिंह,सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता,नगर मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता, उर्दवार मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता, संतोष सिंह, श्रवण अग्रवाल, सुबोध कश्यप, अशोक सिंह, विजय प्रजापति, अजय सिंह, पप्पू सिंह, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

जोगता पुलिस ने अभियान चला कर 12 टन अवैध कोयला जब्त किया

कतरास (आजाद सिपाही)। जोगता पुलिस ने शनिवार को अवैध कोयला कारोबारियों के खिलाफ अभियान चलाकर श्यामबाजार रेलवे साइडिंग से 12 टन अवैध कोयला जब्त किया। माइंस एक्ट के तहत अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि धंधेबाज रेलवे साइडिंग व बीसीसीएल की परियोजनाओं से कोयला लाकर जोगता थाना और गजली टांड ओपी के सीमांतर पर जमा करते थे। इसके बाद ट्रकों के माध्यम से रात के अंधेरे में गणतव्य तक पहुंचा देते है। इससे बीसीसीएल को करोड़ो रुपए का नुकसान पहुंचाते है। वहीं, थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि किसी भी कीमत पर अवैध धंदेबाजो को बख्शा नहीं जाएगा। छापामारी अभियान जारी रहेगा।

डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को हराया

मास कॉम आरयू में फ्रेंडली क्रिकेट मैच का आयोजन

आजाद सिपाही संवाददाता

रांची। रांची कॉलेज मैदान में स्कूल आफ मास कम्युनिकेशन के छात्रों की दो टीमों डायरेक्टर्स इलेवन और स्टूडेंट्स इलेवन के बीच क्रिकेट मैच खेला गया। इस मैच में मुख्य अतिथि वरिष्ठ खेल पत्रकार और क्रिकेट कोच चचंल भट्टाचार्य थे। 10-10 ओवर के इस मैच में डायरेक्टर्स इलेवन ने स्टूडेंट्स इलेवन को चार विकेट से पराजित कर दिया। स्टूडेंट्स इलेवन ने पहले खेलते हुए निर्धारित 10 ओवर में 97 रन बनाये। जिसमें तनय खंडेलवाल ने सर्वाधिक 48 नाबाद रन बनाये। कुमार उत्कर्ष ने 14 रन बनाये। इस मैच में विभाग की छात्राओं ने भी हिस्सा लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की कप्तानी पिंटू दूबे और

स्टूडेंट्स इलेवन की कप्तानी बसंत कुमार ने की। 97 रनों का पीछा करते हुए डायरेक्टर्स इलेवन ने 9 ओवर 5 गेंदों में लक्ष्य पूरा करके मैच जीत लिया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संदीप नाम ने सर्वाधिक 25 रन बनाये। उन्हें मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। डायरेक्टर्स इलेवन की ओर से संकर्षण परिपूर्णन ने तीन विकेट लिये उन्हें बेस्ट बॉलर का पुरस्कार मिला। तनय खंडेलवाल को 48 नाबाद रनों के लिये बेस्ट बल्लेबाज का पुरस्कार मिला। विजय टीम और बेस्ट बॉलर, बैट्समैन मैन आफ द मैच का पुरस्कार मुख्य अतिथि चंचल भट्टाचार्य और मास कॉम के निदेशक प्रो (डॉ) बीपी सिन्हा ने प्रदान किया।

स्पोर्ट्स

सनराइडर्स हैदराबाद के लेगस्पिनर वनिंदू हसरंगा अपने बाएं पैर की एड़ी में लगातार दर्द रहने के कारण आइपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। हसरंगा अभी तक सनराइडर्स हैदराबाद टीम में शामिल नहीं हुए थे। एसएलसी ने हसरंगा की अनुपस्थिति की सूचना बीसीसीआइ को दे दी है।



वनिंदू हसरंगा आइपीएल से बाहर, चोट के कारण लिया नाम वापस

नई दिल्ली (एजेंसी)। सनराइजर्स हैदराबाद के लेगस्पिनर वनिंदू हसरंगा अपने बाएं पैर की एड़ी में लगातार दर्द के कारण आइपीएल 2024 से बाहर हो गए हैं। हसरंगा अभी तक सनराइजर्स टीम में शामिल नहीं हुए थे। सूत्रों की मानें तो श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने सीजन के लिए उनकी अनुपलब्धता के बारे में बीसीसीआइ को सूचित किया है। हसरंगा के रिप्लेसमेंट की घोषणा नहीं हुई है, लेकिन

सनराइजर्स नए खिलाड़ी की तलाश में हैं। बतातें चलें कि हसरंगा सनराइजर्स हैदराबाद टीम का हिस्सा थे। वे दिसंबर 2023 में हुए मिनी ऑक्शन में बेस प्राइस 1.50 करोड़ में टीम से जुड़े थे। इससे पहले वे आरसीबी के लिए आइपीएल में खेल चुके हैं। बेंगलुरु ने 2022 के लिए आइपीएल ऑक्शन में उनके लिए 10.75 करोड़ रुपए का भुगतान किया था। 2022 में उनका सीजन शानदार रहा और उन्होंने 7.54 की इकोनॉमी के साथ 26 विकेट लिए, लेकिन 2023 में उन्होंने केवल आठ मैच खेले और 8.9 की इकॉनमी के साथ नौ विकेट लिए। इससे पहले हसरंगा ने पिछले महीने ही मार्च में बांग्लादेश के खिलाफ उनके घर में वनडे और टी-20 सीरीज खेली थी। एसएलसी मेडिकल स्टाफ को हसरंगा की ऐड़ी में चोट का पता चलास और इस दौरान उन्होंने उनका इलाज भी किया। हसरंगा को आइपीएल में खेलने के लिए एसएलसी से मंजूरी मिलने से पहले स्पेशलिस्ट कंसलटेशन के लिए विदेश यात्रा करनी थी। सनराइजर्स के हेड कोच डेनियल विटोरी ने कहा कि हसरंगा ने दुबई में एक विशेषज्ञ से सलाह ली थी, जिसके बाद उनके हटने की खबर सामने आई। गौरतलब हो कि इस महीने की शुरूआत में आइसीसी ने बांग्लादेश के खिलाफ तीसरे वनडे मैच में अंपायर के फैसले पर असहमति दिखाने के कारण हसरंगा को तीन डिमेरिट प्वाइंट दिए गए थे। इसके लिए उन पर दो टेस्ट मैच का प्रतिबंध लगा था।

हुसैनाबाद पुलिस ने 3 वारंटी को भेजा जेल

हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)। पुलिस ने अभियान चलाकर लोकसभा चुनाव के पूर्व हुसैनाबाद थाना क्षेत्र से तीन स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जेल भेजे गये वारंटियों में सूरज साव ,ग्राम जपला धरहरा, लल्लू पासवान ग्राम पिपरवार और चन्द्रमा महतो समेत तीन स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

हरिहरगंज पुलिस ने चार फरार वारांटियों को भेजा जेल

हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)। लोकसभा चुनाव 2024 को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पलामू के निर्देश पर लंबित वारंट के निष्पादन के दौरान अलग-अलग मामले में फरार चल रहे चार वारांटियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया है। पुनि सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि इसमें सूरज कुमार, राजीव प्रजापति, रामप्यारे प्रजापति तीनों के पिता कुलदीप प्रजापति ग्राम शिकारपुर निवासी के अलावे भांवर गांव निवासी युगल यादव के पुत्र संजय यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि निष्पक्ष और निर्भिक लोकसभा चुनाव कराने को लेकर सभी असामाजिक तत्वों और आपराधिक चरित्र के व्यक्तियों पर पुलिस की कड़ी नजर है।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने की धनबाद, बोकारो, गिरीडीह-देवघर जिलों में चुनाव संबंधी तैयारियों की समीक्षा

चुनाव के दौरान एक भी घटना हुई तो अपराधियों के साथ ही पदाधिकारियों पर भी होगी कार्रवाई : एवी होमकर

निर्देश : वाहनों के प्रबंधन में ध्यान रखें कि आम लोगों को यातयात में कोई असुविधा ना हो

आजाद सिपाही संवाददाता

कहा : सभी हिस्ट्रीशीटर एवं माफियाओं के खिलाफ अभियान चलाकर पकड़ें

वरिष्ठ अधिकारियों के साथ धनबाद समाहरणालय में बैठक करते मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी।

धनबाद। लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में किसी तरह की शिथिलता नहीं बरतें। शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं भयमुक्त मतदान के लिए सजग रहें। अपराधी, असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों सहित निर्वाचन के दौरान मतदाताओं को प्रभावित करने के प्रयास किये जाने वालों की थाना स्तर पर सूची तैयार कर उनपर कड़ी निगरानी रखें और कार्रवाई सुनिश्चित करें। आगामी 15 अप्रैल तक पदाधिकारी अपने आवंटित कार्यों को पूरा कर प्रतिवेदन समर्पित करें। उक्त निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने दिया। वे शनिवार को धनबाद के समाहरणालय सभागार में धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिलों में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने जिला प्रशासन एवं पुलिस के पदाधिकारियों को शांतिपूर्ण, स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव संपन्न कराने के लिए लक्ष्य कर तत्पर रहने का निर्देश दिया। साथ ही सभी अधिकारियों को समन्वय के साथ निर्वाचन कार्य को गति देने की बात कही। के रवि कुमार एवं राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी एवी होमकर ने अवैध शराब, नशीले पदार्थों, हथियार, विस्फोटक सहित अन्य प्रतिबंधित वस्तुओं की आवाजाही पर अंकुश लगाने के लिए कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया। साथ ही मुफ्त की वस्तुओं की आमद/वितरण को रोकने के लिए सफल प्रयास करने, छापामारी अभियान को तेज करते हुए विभिन्न कांडों में संलिप्त आरोपितों एवं अवैध सामग्रियों की बरामदगी करते हुए संबंधितों पर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने क्रिटिकल एवं वल्नरेबल मतदान केंद्रों की सूची को फिर से रिवाइज करने एवं हर संभावित क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तैनाती करने का निर्देश दिया।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि चुनाव को देश के महापर्व के रूप में मनाना है। मतदान कार्य में लगे सुरक्षाकर्मियों, मतदानकर्मियों एवं मतदाताओं की सुरक्षा और सहूलियत को ध्यान में रखकर काम करें। कहा कि निर्वाचन के कार्यों में लगे वाहनों का प्रबंधन समय पर कर लें। वाहनों के प्रबंधन में यह ध्यान रखें कि आम लोगों को आवागमन में कोई परेशानी ना हो एवं मतदान के दिन कर्फ्यू जैसा माहौल नहीं रहे। उन्होंने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार झारखंड के सभी मतदान केंद्रों पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक मतदान होना है। सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से मुख्यालय एवं आयोग के स्तर से भी नजर रखी जाएगी। उन्होंने कहा कि पदाधिकारी केवल कार्ययोजना नहीं बताएं, धरातल पर चुनाव की तैयारियों में आयोग के आदेशों के अनुपालन का रिपोर्ट दें।

राज्य पुलिस नोडल पदाधिकारी ने सभी हिस्ट्रीशीटर एवं किंगपिन के खिलाफ अभियान चलाकर उन्हें पकड़ने का निर्देश दिया। कहा कि पोलिंग पार्टी, इवीएम, मतदाता, सुरक्षा बल सहित सभी की सुरक्षा हम सभी की पहली प्राथमिकता होगी। निर्वाचन कार्य को रूटीन कार्य में नहीं लें। एक भी घटनाएं हुई तो अपराधियों के साथ ही पदाधिकारियों की भी जिम्मेवारी तय होगी। उन्होंने भगोड़े एवं विभिन्न जगहों पर छिपे अपराधियों के विरुद्ध कुर्की-जब्ती की कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कहा कि सोशल मीडिया सेल को एक्टिव करें। आपत्तिजनक एवं फेक न्यूज पर आठ मिनट के अंदर कार्रवाई करें। समीक्षा बैठक में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार,सीआरपीएफ के आईजी राकेश अग्रवाल, अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी संदीप सिंह सहित उतरी छोटानागपुर प्रमंडल की आयुक्त, डीआईजी सीआरपीएफ, दुमका प्रक्षेत्र के आईजी सहित धनबाद, बोकारो, गिरिडीह एवं देवघर जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह- उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक, सीआरपीएफ के कमाण्डेन्ट सहित लोकसभा निर्वाचन से संबंधित सभी वरीय पदाधिकारीगण उपस्थित थे।

मोदी नहीं, बल्कि शिबू और हेमंत की सोच से झारखंड चलेगा : मथुरा

आजाद सिपाही संवाददाता

करगली/बेरमो। गिरिडीह लोकसभा के आइएनडीआइए के प्रत्यासी मथुरा प्रसाद महतो शनिवार को करगली गेट स्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) कार्यालय पहुंचे। यहां झामुमो फुसरो नगर कमेटी और झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन के ढोरी, बीएंडके और कथारा के कमेटी की ओर से पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव जयनारायण महतो ने किया। इस अवसर पर मथुरा महतो ने कहा कि मैं शुरू से ही झामुमो कार्यकर्ता रहा हूं। विधायक व मंत्री भी बना। इस बार पार्टी ने मुझ पर विश्वास कर लोकसभा के लिए टिकट दिया है। उन्होंने कहा कि झारखंड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच से नहीं, बल्कि शिबू सोरेन और हेमंत सोरेन की सोच पर चलेगी। दावा किया कि झारखंड में मोदी की कोई लहर नहीं है. इसी कारण लगभग हर उपचुनाव में एनडीए की हार हुई है। इस बार झारखंड की सभी 14 सीट आइएनडीआइए गठबंधन जीतेगी। जो भी दूसरे राज्य से यहां कमाने-खाने आए हैं, उनका झामुमो ने स्वागत किया है। पर हम लोग अपना हक-अधिकार के लिए हमेशा आवाज उठाते रहेंगे। आज स्थानीय लोग हाशिए पर है। विस्थापित लोगों की जमीन ले ली गयी पर मुआवजा और नौकरी नहीं दी गई। जयराम महतो की उम्मीदवारी पर मथुरा महतो ने कहा कि लोकतंत्र में कोई भी चुनाव लड़ सकता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि मौजूदा केंद्र सरकार का रवैया मजदूर, किसान, युवा, रोजगार विरोधी है। जिस राज्य में एनडीए सरकार नहीं है वहां की सरकार को केंद्र सरकार परेशान कर रही है। इसी कारण हमारे पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को सरकारी एजेंसियों की मदद से फंसाया गया। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की सरकार को भी परेशान किया जा रहा है। इस कारण यह लोकसभा चुनाव हम लोग सैद्धांतिक लड़ाई के तहत लड़ेंगे। मौके पर बोकारो जिला उपाध्यक्ष धुन्नु हांसदा, संयुक्त सचिव पानबाबु केवट, बनबीर मिश्रा, भोलु खान, दिपक महतो, अनिल रजवार, टेकनारायण महते, महताब खान, हर्ष कुमार, जितेंद्र नायक आदि थे।

महत्वपूर्ण न्यूज

चिरकुंडा नगर परिषद ने मानव श्रृंखला बनाकर किया मतदाताओं को जागरूक

एग्यारकुंड (आजाद सिपाही)। चिरकुंडा नगर परिषद के वार्ड संख्या 6 में मतदाता जागरूकता को लेकर शनिवार को मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। मौके पर कार्यपालक पदाधिकारी संदीप पासवान, सिटी मैनेजर मुकेश निरंजन व सहायक अभियंता अंकित पराशर मौजूद थे। कहा कि लोकसभा चुनाव में मतदाताओं में जागरूकता लाने को लेकर मानव श्रृंखला बनाकर जागरूक किया गया, ताकि वे लोग निर्भय होकर मतदान कर सकें। इस बार के लोकसभा चुनाव में प्रथम बार मताधिकार का प्रयोग करने वाले युवा मतदाता को सम्मानित किया गया। मानव श्रृंखला में शामिल लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाई गई। मौके पर कनिय अभियंता उत्तम कुमार, निवर्तमान पार्षद मो आरीफ, अशोक वर्मा, सुपरवाइजर अमर दास, अनिल साव, ओंकारनाथ श्रीवास्तव, चिन्मय बनर्जी, बैजू साव और अनुप कुमार आदि थे।

कंपनियों से चंदा लेकर लूट की छूट देने वाले गरीबों का भला नहीं कर सकते: राजेश यादव

गिरिडीह (आजाद सिपाही)। भाजपा ने कंपनियों से करोड़ों रुपया चंदा लेकर उन्हें लूटने की खुली छूट दे रखी है, जिसका खामियाजा देश की आम जनता, खासकर गरीबों को भुगतना पड़ा है। कंपनियों से चंदा लेने वाले कभी भी गरीबों का भला नहीं कर सकते। इसलिए लोगों को एकजुट होकर भाजपा को हराने की जरूरत है। मोदी सरकार देश के संविधान और लोकतंत्र के लिए भी खतरा बन चुकी है। उक्त बातें भाकपा माले के नेता राजेश यादव ने कही। वे शनिवार को सदर प्रखंड के कोवाड़ और धनयडीह में आयोजित जन संपर्क अभियान के दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित कर रहे थे। कहा कि, कोडरमा क्षेत्र में भी भाजपा को शिकस्त मिलेगी, क्योंकि बार-बार यहां से जीतने पर भी भाजपा ने विकास और जनता के दूसरे सवालों पर कुछ खास नहीं किया। कोडरमा क्षेत्र शिक्षा और रोजगार के क्षेत्र में खासा पिछड़ा रहा। इसलिए लोग इस बार जागरूक और संगठित हो गए हैं। माले नेता ने कहा कि, भाजपा कंपनियों से हजारों करोड़ चंदा लेकर चुनावी मैदान में उतरी है, ताकि जीतकर फिर से कंपनियों की सेवा कर सके। लेकिन, दूसरी तरफ माले अपने समर्थक सभी घरों से 20 रुपये का सहयोग लेकर चुनाव लड़ रही है। यह बड़ी बात है। मौके पर माले नेता मनोज कुमार यादव, पंकज वर्मा, दीपक वर्मा, राजेश वर्मा, अर्जुन वर्मा, चंदन कुमार, पांचू महतो, बिहारी महतो, भुनेश्वर राना, सुनील राना, जीतन राना, बसंत राना, लाखेश्वर राना, छोटेलाल यादव, शंकर राना, भोला महतो, धर्मेंद्र राना, दशरथ कुशवाहा, संगीता देवी, चंद्रिका देवी, मंजू देवी, किरण देवी, देवकी देवी, गुड़िया देवी, रीता देवी, सीता देवी, मंजू देवी आदि मौजूद थे।

उत्पाद विभाग ने अवैध शराब निर्माण स्थल पर की छापामारी, शराब जब्त

बोकारो/धनबाद (आजाद सिपाही)। बोकारो डीसी विजया जाधव के निर्देश पर बोकारो उत्पाद विभाग के सहायक आयुक्त के मार्गदर्शन एवं निरीक्षक उत्पाद के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने हरला थाना अंतर्गत दामोदर नदी किनारे वास्तेजी गांव में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापामारी की। इस दौरान 10,400 केजी जावा महुआ और 315 लीटर अवैध चुलाई शराब जब्त की गई। अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया। दूसरी ओर, धनबाद डीसी सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा के निर्देश पर उत्पाद विभाग की ओर से लोकसभा चुनाव के मद्देनजर जिले के अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। इस कड़ी में उत्पाद विभाग की टीम ने शनिवार को दामोदरपुर में एक घर में छापामारी कर 19 पेटी नकली विदेशी शराब बरामद की है। इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने बताया कि नीलकमल डे नामक व्यक्ति के घर में नकली शराब का कारोबार चल रहा रहा था। मौके से 19 पेटी, लगभग 171 लीटर शराब, बरामद की गई है।

चर्चित नीरज सिंह हत्याकांड के गवाह सागर सिंह को कड़ी सुरक्षा के बीच लाया गया धनबाद अदालत

आजाद सिपाही संवाददा

धनबाद। धनबाद के चर्चित पूर्व डिप्टी मेयर नीरज सिंह हत्याकांड में गवाही के लिए झारखंड के कोडरमा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच धनबाद अदालत में एडीजी 16 न्यायाधीश अखिलेश कुमार की अदालत में पेश किया गया। कड़ी सुरक्षा के बीच कोडरमा जेल से सागर सिंह को लाने के दौरान उसकी सेहत बिगड़ गई। जिसके बाद धनबाद मंडल कारा के डॉक्टरों ने जांच की। वहीं, पेश होने वाले आरोपी सागर सिंह के वकील साधन राय ने बताया कि सागर सिंह इस कांड में निर्दोष है, इसके लिए न्यायालय में पिटीशन दाखिल करवाया गया था, जिसको लेकर कोडरमा जेल से कड़ी सुरक्षा के बीच धनबाद अदालत में पेश किया गया। फिलहाल सागर की तबीयत खराब है और वह कुछ भी बोलने में असमर्थ है। वहीं उसके अधिवक्ता ने बताया कि बेहतर इलाज के लिए न्यायालय में आवेदन के माध्यम से प्रार्थना की गई है।

गरीबों का कल्याण, राष्ट्र पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक पुनरोद्धार को समर्पित हैं भाजपा के 44 वर्ष : बिरंची

आजाद सिपाही संवाददाता

बोकारो। विधायक बिरंची नारायण ने शनिवार को अपने आवासीय कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुए भाजपा का 44वां स्थापना दिवस मनाया। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं के साथ ही राज्यवासियों को भाजपा के स्थापना दिवस की शुभकामनायें देते हुए कहा कि वर्तमान में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। इसे इस मुकाम पर पहुंचाने में अपना जीवन समर्पित करने वाले असंख्य कार्यकर्ताओं का वंदन करता हूं। संगठन के प्रति अटूट समर्पण, कार्य के प्रति निष्ठा व राष्ट्रनिर्माण के संकल्प के साथ दिन-रात लगनशील कार्यकर्ताओं ने भाजपा को करोड़ों देशवासियों की आशा और आकांक्षा का सशक्त माध्यम बनाया है। आज प्रधानमंत्री नरेंद मोदी जी के नेतृत्व में पार्टी गरीब कल्याण, सांस्कृतिक विरासतों के पुनर्निर्माण व महिलाओं के सम्मान का पर्याय बनकर विकसित भारत के निर्माण में सहयोग दे रही है। राष्ट्र प्रथम धेय्य के साथ सेवा, गरीब कल्याण, राष्ट्रीय पुनर्निर्माण और सांस्कृतिक पुनरोद्धार को समर्पित हैं भाजपा के 44 वर्ष । इस मौके पर शशिभूषण ओझा मुकुल, दिलीप श्रीवास्तव, मुकेश राय, कमलेश राय, संजय त्यागी, पहलू महतो, मनोज सिंह, पन्नालाल कान्दु, विनय किशोर, इंद्र कुमार झा, माथुर मंडल, प्रह्लाद पांडेय, आरडी उपाध्याय, डॉ अशोक कुमार, एलडी चौधरी, प्रकाश प्रामाणिक, झंतु दे, बबिता देवी, पप्पू चौरसिया आदि मौजूद थे।

प्लांट में काम करने के दौरान हुई थी, रिम्स में चल रहा था इलाज

शिवम स्टील फैक्ट्री में कार्यरत फार्निस हेल्पर की मौत, हंगामा

आजाद सिपाही संवाददाता

गिरिडीह। जिला के उदनाबाद में संचालित शिवम स्टील टीएमटी फैक्ट्री में काम कर रहे फार्निस हेल्पर राजू वर्मा की मौत हो गई। इससे आक्रोशित ग्रामीणों और असंगठित मजदूर मोर्चा ने शनिवार को मृतक राजू वर्मा के शव के साथ गेट जाम कर हंगामा कर दिया। ग्रामीण और मोर्चा कार्यकर्ता इतने आक्रोशित थे की उन्होंने फैक्ट्री के अंदर वाहनों का आवागमण पूरी तरह बाधित कर दिया। जिस कारण आयरन और टीएमटी लोड कई ट्रक प्लांट के गेट के बाहर ही खड़े हो गए। ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए फैक्ट्री मालिक समेत अन्य कर्मियों को फैक्ट्री के बाहर से ही वापस लौटना पड़ा। उधर, गेट जाम कर रहे परिजनों व ग्रामीणों ने बताया कि 47 वर्षीय राजू वर्मा शिवम स्टील फैक्ट्री के फार्निश डिवीजन में करीब पांच साल से कार्यरत था। दो दिन पहले ही काम करने के दौरान चोट लगने से गंभीर रूप से घायल हो गया था। राजू को रांची के रिम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान शनिवार की सुबह उसने दम तोड़ दिया। ग्रामीणों ने कहा कि फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा अगर सही तरीके से इलाज कराया जाता तो राजू की जान बच सकती थी। वहीं, जानकारी मिलने पर मुफ्फसिल पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों और मोर्चा के कार्यकर्ताओं को समझाने का प्रयास किया। पहले तो ग्रामीण नहीं मानें पर काफी समझाने पर शांत हुए व जाम हटा लिया।

कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, खूंटी

प्रेस विज्ञप्ति

भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा दिनांक–16/03/2024 को आदर्श आचार संहिता लागु कर दी गयी है। लोकसभा आम चुनाव, 2024 के पारदर्शिता तथा आम नागरिकों द्वारा प्राप्त शिकायतों के निष्पादन हेतु विभाग द्वारा Complaint Monitoring Control Room and Call Centre का अधिष्ठापन किया गया है। आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के उपरान्त जिले के हेल्पलाइन नं०–065281950 एवं जिला नियंत्रण कक्ष न०–9262998530 को Connect कर दिया गया है।

आम नागरिकों को सूचित किया जाता है कि निर्वाचन से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत हेतु उपरोक्त नम्बर पर संपर्क कर अपना शिकायत दर्ज करा सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, खूँटी

PR 323608 Election(24-25)#D

कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम

ज्ञापांक...../ **आम सूचना** दिनांक.....

आम नागरिकों एवं सभी बोरबेल एजेंसियों को सूचित किया जाता है कि मेदिनीनगर नगर निगम क्षेत्रान्तर्गत बिना अनुमति के बोरिंग करना या कराना झारखण्ड नगरपालिका अधिनियम 2011 के उप धारा 209 (1) के तहत् गैर कानूनी एवं दण्डणिय है। कोई नागरिक अपने आवासीय क्षेत्र/परिसर में बोरिंग कराना चाहते हैं तो बोरिंग कराने के पूर्व नगर निगम से मो०–3000/– (रूपए) का चालान लेने के पश्चात् ही बोरिंग कराना सुनिश्चित करेंगे। यदि कोई नागरिक बिना निगम से अनुमति के बोरिंग कराते हुए पकड़े जाते हैं तो उन पर मो०–3000/– रूपए शुल्क एवं 3000/– रूपए जुर्माना राशि के साथ कुल–6000/– रूपए का चालान कार्यालय में जमा करना होगा। साथ ही सभी बोरवेल एजेंसी को भी सूचना दी जाती है नगर निगम क्षेत्र में बोरिंग करने के पूर्व मेदिनीनगर नगर निगम से प्रति वाहन मो०–40,000/– (चालिस हजार रूपए) का रजिस्ट्रेशन शुल्क देना सुनिश्चित करेंगे। यह शुल्क एक वर्ष के लिए मान्य होगा।

सभी बोरवेल एजेंसी दिनांक 10.04.2024 से 30.04.2024 तक अपने सभी वाहनों का रजिस्ट्रेशन मेदिनीनगर नगर निगम कार्यालय में करवाना सुनिश्चत करेंगे एवं पूर्व में निबंधित वाहन एजेंसी जिसकी अवधि समाप्त हो रही है वह भी अवधि समाप्ति के पूर्व पुनः रजिस्ट्रेशन करा लें। यदि कोई बोरवेल एजेंसी बिना रजिस्ट्रेशन के बोरिंग करते हुए पकड़े जाते हैं तो उनके वाहन को जब्त कर लिया जायेगा। वाहन का रजिस्ट्रेशन शुल्क 40,000/– रूपए एवं दण्ड शुल्क 40,000/– रूपए कुल–80,000/– (अस्सी हजार) रूपए निगम कार्यालय में जमा करने के पश्चात् ही वाहन को छोड़ा जायेगा।

ह0/–
नगर आयुक्त–सह–प्रशासक,
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 323611 (District)24-25*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल संख्या-1, राँची

अति अल्पकालीन निविदा/कोटेशन आमंत्रण सूचना–01/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पता : कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल सँख्या–1,राँची।
2. परिमाण विपत्र बिक्री करने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.04.2024 को 1.00 (एक) बजे अपराहन् तक।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 15.04.2024 को 3.00(तीन) बजे अपराहन् तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 15.04.2024 को 3.30(साढ़े तीन) बजे अपराहन।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, छोटानागपुर भवन अंचल–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची एवं कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल संख्या–1, राँची के प्रतिनियुक्त पदाधिकारी द्वारा नगर नियंत्रण कक्ष, राँची।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : नगर नियंत्रण कक्ष राँची।
7. निविदा खोलने का स्थान : अधोहस्ताक्षरी का कार्यालय।
8. कार्यों का विवरण :

क्र०	कार्य का नाम	प्राक्कलित राशि	अग्रधन की राशि	परिमाण विपत्र का मूल्य	कार्य समाप्ति की तिथि
1	Construction of 10 Nos Toilet, Commandant Room, Campus Cleaning and other works in Campus of Election Counting Hall at Pandra Bazar Samiti Ranchi for Occasion of 08 Ranchi Loksabha General Election 2024	2448200.00	49000.00	5000.00	One Month

नोट :–
1. यह कार्य आगामी लोक सभा चुनाव से संबंधित है।
2. निविदा की शर्तें www.jharkhand.gov.in, http://prdjharkhand.in एवं कार्यालय के सूचना पट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग
भवन प्रमण्ल संख्या–1, राँची

PR 323630 Building (24-25)_D

न्यूज रील्स

एनटीपीसी प्लांट में लगी आग, लाखों का सामान जलकर राख

भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)। अंगुल एनटीपीसी प्लांट में शनिवार को आग लग गयी। कोल ट्रांसफर प्लांट टीपी-16 और कन्वर बेल्ट में आग लग गयी। हालांकि पूरा प्लांट क्षेत्र धुएं से घिर गया, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है। आग को देखते हुए प्लांट की कुल 6 यूनिट में से 3 यूनिट को बंद कर दिया गया है। आग पर काबू पा लिया गया है। हालांकि आग लगने का कारण पता नहीं चल सका है, लेकिन बताया जा रहा है कि लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। गौरतलब है कि शनिवार सुबह करीब 8 बजे प्लांट की यूनिट-2 और यूनिट-3 के बीच कन्वेयर बेल्ट 15(ए) और 15(बी) और टीपी-16 में आग लग गयी। बाद में एनटीपीसी की अग्निशमन दल और जिला प्रशासन और आसपास के अन्य संयंत्रों से अग्निशमन दल पहुंचे और आग पर काबू पाया।

कार से जब्त हुए 55 लाख रुपये

भूवनेश्वर। सुवर्णपुर जिला बिनिका में गाड़ी चेकिंग के दौरान कॉलेज चौंक के पास एक इनोवा कार से 55 लाख 20 हजार रुपये जब्त किये गये। आम चुनाव से पहले, बिनिका पुलिस ने स्थानीय कॉलेज चौंक पर जांच के दौरान संदेह के आधार पर एक इनोवा गाड़ी को रोका। बताया गया है कि ड्राइवर के साथ 4 लोग गाड़ी में बैठे थे और आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले की ओर जा रहे थे। उस गाड़ी से 55 लाख 20 हजार रुपये मिले और बिनिका पुलिस ने पैसे जब्त कर बैंक में जमा करा दिये। अब इस घटना में पुलिस की ओर से और जांच की जा रही है।

भाजपा का 45वां स्थापना दिवस प्रदेश कार्यालय में मनाया गया

भाजपा ओड़िशा के लोगों को सुशासन देने के लिए पूरी तरह तैयार है : मनमोहन सामल

1984 के आम चुनाव में बीजेपी के केवल 2 सांसद चुने गये थे, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव में उसका लक्ष्य 400 से ज्यादा सीटें जीतने का है।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भारतीय जनता पार्टी, जिसका गठन 1980 में राष्ट्रवादी जनादेश के आधार पर हुआ था, आज अपना 45वां स्थापना दिवस मना रही है। अन्त्योदय को अपनी सार्वभौमिक, सर्वव्यापी और दृढ़ प्राथमिकता के माध्यम से खुद को दुनिया के सबसे बड़े राजनीतिक दल के रूप में स्थापित करने वाली भाजपा के 18 करोड़ से अधिक सदस्य हैं। 1984 के आम चुनाव में बीजेपी के केवल 2 सांसद चुने गये थे, लेकिन आगामी लोकसभा चुनाव में उसका लक्ष्य 400 से ज्यादा सीटें जीतने का है। अपने 44 साल के सफर में भाजपा ने हमेशा देश के समग्र विकास को प्राथमिकता दी है। भारतीय जनता पार्टी के दृष्टिकोण को स्थापित करने के लिए करोड़ों कार्यकर्ताओं ने लंबे समय तक अपना समय, त्याग, समर्पण और बलिदान दिया है, जो हम सभी को सदैव प्रेरित करता रहेगा। राष्ट्रवादी राजनीतिक दल भाजपा ने संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी, महासचिव पंडित दीनदयाल जी के नेतृत्व में शुरूआत की थी, एक विकसित भारत के निर्माण का संकल्प स्वर्गीय प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी और वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सक्षम नेतृत्व के कारण बाद में पूरा होने वाला है।

भाजपा के सभी कार्यकर्ता सेवा ही संगठन के मूल मंत्र के साथ अथक परिश्रम कर रहे हैं। भाजपा सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास का नारा देकर देश हित में अपना काम जारी रखती है। सशक्त भारत वर्ष और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के लिए हम सभी को सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है। ओड़िशा की जनता का बीजेपी और मोदी जी के नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। वर्तमान में ओड़िशा की जनता ने ओड़िशा में वैकल्पिक सरकार बनाने और सुशासन देने के लिए अनेक आशाओं और आकांक्षाओं के साथ भाजपा पर भरोसा किया है। इसके लिए बीजेपी पूरी तरह से तैयार है। भाजपा गरीबों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा राज्य के मूल्यवान खनिज संसाधनों, लंबे समुद्र तटों और पर्यटन स्थलों का विकास करके असंख्य महिलाओं, युवाओं, छात्रों और किसानों के सामूहिक विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है। सामल ने कहा कि विश्व दरबार पर ओड़िशा की प्रतिष्ठा और सम्मान को स्थापित करने के लिए ओड़िशा की भाषा, पहचान, संस्कृति, इतिहास, कला और परिदृश्य का उचित उपयोग किया जायेगा। आज राज्य कार्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष मनमोहन सामल, प्रदेश चुनाव पदाधिकारी विजयपाल सिंह तोमर, सहअध्यक्ष लता उसेंडी ने पार्टी ध्वज फहराया तथा पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी और महासंपादक पं दीनदयाल उपाध्याय के फटोचित्र पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव (संगठन) मानस महांति, प्रदेश मुख्य प्रवक्ता सज्जन शर्मा, पूर्व सांसद परशुराम माझी, वरिष्ठ नेता प्रो पूर्णचंद्र मल्लिक समेत पार्टी के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद थे।

खोरधा पीतापली में मो बस नाले में गिरने से 20 से ज्यादा यात्री घायल

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। भुवनेश्वर से पैसेंजर लेकर खोरधा जाते समय मो बस पीतापलि के पास खाई में गिर गया। बताया जा रहा है कि बस का गति अधिक था और दूसरे गाड़ी को ओवर टेक करते समय अचानक नाले में गिरने से 20 से अधिक यात्री घायल हो गए। तुरंत सभी घायल यात्रियों को स्थानीय लोगों ने बचाया और तुरंत खोरधा अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार मो बस भुवनेश्वर से खुर्दा जा रही थी। बस में 40 से ज्यादा यात्री सवार थे। लेकिन बस के संतुलन खोने के कारण नहर में गिरने से 20 लोग घायल हो गए। सभी को पहले खोरधा अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में घायलों में से 5 को भुवनेश्वर स्थानांतरित कर दिया गया है।

बीजेपी में शामिल हुए आठमलिक के बीजेडी विधायक रमेश साई

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। अंगुल आठमलिक विधायक बीजेडी छोड़कर भाजपा में शामिल हुए। आठमलिक विधायक रमेश साई गुरुवार को बीजू जनता दल (बीजेडी) छोड़ने के बाद शुक्रवार को भाजपा में शामिल हो गये। वह और उनके सैकड़ों समर्थक शुक्रवार को चेंडीपदा निर्वाचन क्षेत्र के कतडा में केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान की उपस्थिति में भाजपा में शामिल हुए। हालांकि, पार्टी ने इस साल नलिनी प्रधान को टिकट देकर उन पर भरोसा जताया। रमेश साई को बीजेडी से टिकट नहीं मिलने पर उन्होंने शुक्रवार को बीजेडी छोड़ दिया और शनिवार को बीजेपी में शामिल हो गये।

सम हॉस्पिटल फुलनखरा परिसर में सफल अत्याधुनिक सर्जरी

16 वर्षीय लड़के की नाक से एक वास्कुलार ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया।

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड सम हॉस्पिटल, फुलनखरा कैंपस की एक मेडिकल टीम ने अत्याधुनिक एंडोस्कोपिक एंडोनासल प्रक्रिया को प्रयोग करके 16 वर्षीय लड़के की नाक से एक वास्कुलार ट्यूमर को सफलतापूर्वक हटा दिया। सर्जरी का नेतृत्व करने वाले अस्पताल के ईएनटी विभाग के प्रमुख प्रोफेसर (डॉ.) खगेश्वर राउत ने कहा, यह वास्कुलार ट्यूमर लड़के की नाक में बना और उसकी खोपड़ी के आधार से जुड़ा हुआ था, जिसे जुवेनाइल नासोफेरींजल एंजियोफाइब्रोमा कहा जाता है। चूंकि मरीज बहुत छोटी थी, ऐसी संभावना थी कि ओपन सर्जरी से उसके चेहरे पर घाव हो जायेंगे और विकृत हो जायेंगे। उन्होंने कहा, इसलिए एंडोस्कोपिक एंडोनासल प्रक्रिया के माध्यम से न्यूनतम आक्रामक तकनीक द्वारा अत्याधुनिक उपकरणों का उपयोग करके सर्जरी की गयी। प्रोफेसर राउत ने कहा कि सर्जरी के बाद मरीज स्वस्थ था और अगले दिन से वह बिना किसी समस्या के अपना दैनिक काम करने में सक्षम रहा और उसका परिवार बहुत खुश है और सर्जरी करने वाली मेडिकल टीम को धन्यवाद दिया। सर्जिकल टीम में प्रोफेसर राउत के अलावा असिस्टेंट प्रोफेसर (डॉ) विवेकानंद आचार्य और सीनियर रेजिडेंट डॉ सुब्रत चंदन प्रधान और डॉ राकेश गिरी शामिल थे। आईएमएस और सम हॉस्पिटल फुलनखरा कैंपस के डीन प्रोफेसर (डॉ) अरक्षित स्वाइं और चिकित्सा अधीक्षक प्रोफेसर (डॉ) राजेश कुमार लेंका ने सर्जरी के लिए सभी सहायता प्रदान की।

आठ हजार से अधिक सिम कार्ड बरामद

गोपालगंज। बिहार के गोपालगंज के कुचायाकोट थानाक्षेत्र के बलथरी चेक पोस्ट से शुक्रवार को पश्चिम बंगाल नंबर की कार से आठ हजार से अधिक सिम कार्ड बरामद हुए थे। साथ ही 18 हजार आठ सौ नेपाली करेंसी भी मिली थी। अब इस मामले में एक नया मोड़ आ गया है। पुलिस की जांच में दिल्ली का कनेक्शन सामने आया है। जानकारी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गयी हैं। बिहार पुलिस की रिपोर्ट के बाद आर्थिक अपराध इकाई भी इसकी जांच कर सकती है। शुक्रवार को यूपी-बिहार के बलथरी चेक पोस्ट से गिरफ्तार किए गये तीन अंतरराष्ट्रीय साइबर अपराधियों ने पुलिस की पूछताछ में बड़ा खुलासा किया है।

आवश्यकता

रोजगार विज्ञापन: चुनाव प्रचार हेतु 4000 से 5000 संख्या में प्रचारक की आवश्यकता है। समाज सेवा करने के साथ-साथ रोजगार का अवसर भी है

संपर्क करें -

मनोज कुमार: 82981 57476, वरुण कुमार :8709161626
मोहशीन अंसारी:6203 921 912,

Shop No.: 7&8, 1st Floor Srishti Complex,
Near Firayalal Chowk, Ranchi, Jh.

ALPHA INSTITUTE OF COMPUTER EDUCATION

Franchise Benefit
FREE FRANCHISE
☑ All Computer Courses
☑ Vocational Courses
☑ Authorization Letter
☑ Authorization Certificate
☑ Web Login ID & Password
☑ Study Material Support
☑ PDF Certificate in 24 Hrs
☑ Hard Copy Certificate & Mark sheet
☑ Students Placement Support
☑ Marketing Support
☑ Online & Offline Certificate
☑ Yearly Career Guidance
☑ Seminar in your City
Certified with
For More Details Visit Now Just Call Us : 9835502908
Email - alphaeducational.center@gmail.com | www.alphaec08.com
Registered office : 262, Delta Bhawan, Adarsh Nagar, Khorha Toli, Kokar Ranchi - Mob. 9835502908
Cooperate office : Kokar Chowk, Kokar, Ranchi Mob.: 9631103045
Cooperate office : Noorsarai, Near Police Station Nalanda, Bihar - Mob.: 7488289546

S M Toy & School Furniture
Everything From A to Z For School, Playground, Playschool Park Playzone, Mails, Backyard, Recreation Zone, Society & Anganwadis
एक बार जरूर पधारे
Old Bank Colony, RMCH Road, Near Sadhu Maidan Shop
Add.: Industrial Area Kokar, Ranchi- 834001 (Jharkhand)
Mob. 7503729696, 9205624569

बोरिंग के लिए संपर्क करे
जल ही जीवन
993106883
9113754813
रांची के अंदर कहीं भी अच्छे रेट में
Contact for : Deep Boring, 405" 6" 8" Dia All Motor & Pump Fitting, Building Material

राम मंदिर निर्माण दूसरा चरणः सप्त मंडपम के लिए नींव खुदाई का काम पूरा, बनने हैं सात महापुरुषों के मंदिर

आजाद सिपाही संवाददाता

अयोध्या। राममंदिर निर्माण समिति की बैठक के दूसरे दिन निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। राममंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्र ने बताया कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के अनुसार ही चल रहे हैं। सप्त मंडपम निर्माण के लिए नींव खोदाई का काम पूरा हो चुका है। सप्तमंडपम में श्रीराम के समकालीन सात महापुरुषों महर्षि वशिष्ठ, महर्षि विश्वामित्र, महर्षि अगस्त्य, महर्षि वाल्मीकि, निषादराज, जटायु व शबरी के मंदिर बनाए जाने हैं। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024 के अंत तक राममंदिर के प्रथम व द्वितीय तल का निर्माण कार्य पूरा हो जायेगा। इसके बाद मंदिर ट्रस्ट को हैंडओवर कर दिया जायेगा। दिसंबर तक परकोटा का काम पूरा करने की चुनौती है। इंजीनियरों ने आश्वस्त किया है कि 750 मीटर लंबा परकोटा दिसंबर तक तैयार हो जायेगा। राममंदिर निर्माण में टाटा कंसल्टेंसी, एलएंडटी के बाद अब राजकीय निर्माण निगम भी शामिल हो गयी है। **गुणवत्ता से समझौता नहीं:** राममंदिर निर्माण की गति भले ही धीमी रहे, मगर तेजी की कीमत पर गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जायेगा। राममंदिर एक हजार साल तक सुरक्षित रहे, इसी के आधार पर काम चल रहा है। इंजीनियरों की टीम को यह बात भलीभांति बता दी गई है। बैठक में राममंदिर ट्रस्ट के महसचिव चंपत राय, ट्रस्टी डॉ. अनिल मिश्र मौजूद रहे। **रामनवमी के बाद दर्शन को आएं :** नृपेंद्र मिश्र ने कहा कि रामनवमी पर यथाशक्ति अपने-अपने स्थानों पर भी पूजा-अनुष्ठान करें।

ओड़िशा में एक सीट पर दो भाइयों में मुकाबलाःबड़े को कांग्रेस, छोटे को भाजपा से टिकट, यहीं से विधायक रहे पिता बोले-प्रचार नहीं करूंगा

आजाद सिपाही संवाददाता

भुवनेश्वर। घंटे पहले ओड़िशा की चिकिटी विधानसभा भाजपा उम्मीदवार मनोरंजन ज्ञान सामंतराय ने कहा- बड़े भाई के यहां से चुनाव लड़ने से फर्क नहीं पड़ेगा। ओड़िशा की चिकिटी विधानसभा भाजपा उम्मीदवार मनोरंजन ज्ञान सामंतराय ने कहा- बड़े भाई के यहां से चुनाव लड़ने से फर्क नहीं पड़ेगा। ओड़िशा के विधानसभा चुनाव के लिए गंजम जिले की चिकिटी सीट से दो भाई एक दूसरे के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। भाजपा ने यहां से मनोरंजन ज्ञान सामंतराय को टिकट दिया है। वहीं, कांग्रेस ने उनके बड़े भाई रविंद्रनाथ ज्ञान सामंतराय को मैदान में उतारा है।

ये दोनों ओड़िशा के पूर्व विधानसभा स्पीकर चिंतामणि ज्ञान सामंतराय के बेटे हैं। वे इस सीट से 3 बार विधायक रह चुके हैं। उन्होंने 2 बार निर्दलीय (1980 और 1995) और एक बार कांग्रेस की टिकट (1985) से चुनाव जीता है। उन्होंने कहा है कि वे इस बार चुनाव प्रचार नहीं करेंगे। वर्तमान में इस सीट से मंत्री ऊषा देवी विधायक हैं। वे 5 बार से यहां से जीतती आ रही हैं। इस बार खराब स्वास्थ्य की वजह से वे इस बार चुनाव नहीं लड़ रही हैं। पार्टी ने उनके बेटे चिन्मयानंद श्रीरूप देब को इस बार उम्मीदवार बनाया है।

बड़े भाई बोले- यह विचारधारा की लड़ाई

बड़े भाई और कांग्रेसी उम्मीदवार रवींद्रनाथ ने कहा- जब से मेरे पिता कांग्रेस में सक्रिय हैं, तब से ही मैं भी चिकिटी में सक्रिय हूं। यहां दो भाईयों के बीच का मुकाबला नहीं है। यह दो विचारधाराओं के बीच का मुकाबला है।

छोटे भाई बोले- बड़े भाई को उकसाया गया

छोटे भाई और भाजपा उम्मीदवार मनोरंजन ने कहा- मैं पिछले कई सालों से चिकिटी में सक्रिय हैं। इसलिए बीजेपी ने मुझे टिकट दिया है। अपने भाई को कांग्रेस से टिकट मिलने को लेकर उन्होंने कहा- कुछ लोगों ने परिवार में अशांति फैलाने के लिए मेरे बड़े भाई को उकसाया है। इसलिए वे कांग्रेस से चुनाव लड़ रहे हैं। हालांकि, इससे मुझे फर्क नहीं पड़ेगा

बेटों के लिए प्रचार नहीं करेंगे पिता

अपने बेटों के चुनाव लड़ने को लेकर 84 साल के चिंतामणि ज्ञान सामंतराय ने कहा- खराब स्वास्थ्य के कारण मैं प्रचार में भाग नहीं लूंगा। मैं हमेशा से कांग्रेसी रहा हूं। भाजपा की नीतियों का विरोध करता हूं। हालांकि, मेरे छोटे बेटे मनोरंजन द्यान सामंतराय का भाजपा की टिकट से चुनाव लड़ना उसका निजी फैसला है। एक लोकतांत्रिक देश होने के नाते हम अपना फैसला किसी पर थोप नहीं सकते हैं।

नबरंगपुर सीट पर बुआ-भतीजे आमने सामने

चिकिटी के अलावा दक्षिणी ओड़िशा का नबरंगपुर जिले में बुआ और भतीजे के बीच मुकाबला होना है। इस सीट से बीजेडी ने कौशल्या प्रधान को उम्मीदवार बनाया है। वहीं, उनके भतीजे दिलीप को कांग्रेस ने टिकट दिया है। इसे लेकर दिलीप ने कहा कि यह बुआ-भतीजे के बीच लड़ाई नहीं है। यह दो पार्टियों के बीच की लड़ाई है। वहीं, बीजेडी उम्मीदवार कौशल्या ने कहा चुनाव हम एक दूसरे के खिलाफ जरूर लड़ रहे हैं, लेकिन इससे हमारे पारिवारिक रिश्ते पर कोई असर नहीं पड़ेगा। ओड़िशा में लोकसभा की 21 और विधानसभा की 147 सीटें हैं। ओड़िशा में बीजू जनता दल की सरकार है। यहां भाजपा सीधे मुकाबले में है। नवीन पटनायक यहां साल 2000 से मुख्यमंत्री हैं।

कृष्णा ज्वेलर्स
Mob : 9973853279, 9031249105
समस्या है तो ! समाधान भी है !
आचार्य प्रणव मिश्रा
प्रसिद्ध ज्योतिष रत्न गोल्डमेडलिस्ट, M.M (ज्योतिर्विज्ञान) टॉपर 2012 एवं (P.h.D) रांची, वि. वि. रांची
गांधी चौक, सोनार गली, बीण वस्त्रालय के सामने अपर बाजार, रांची

RAJHANS ACADEMY
IIT-JEE | NEET | FOUNDATION
Creating Path Towards Success
BOOST your IIT-JEE/NEET/ Boards Preparation
ADMISSION OPEN
Upto 100% SCHOLARSHIP
ENGINEERING 11th 12th & 12th Pass | MEDICAL 11th 12th & 12th Pass | FOUNDATION 9th & 10th Pass
Call Us : 6287842201 / 02 / 03 / 04, 0651-4658773
302, 3rd Floor, Pranami Height, Circular Road (Lalpur), Ranchi-01
Email: rajhansacademy7@gmail.com | www.rajhansacademy.in

वर्मा प्रेस प्राo लिo राँची
VERMA PRESS
Verma's® Today®
शृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं—

Class - X		Class - IX	
• Hindi	₹ 140	• Hindi	₹ 140
• English	₹ 140	• English	₹ 140
• Mathematics	₹ 140	• Mathematics	₹ 140
• Science	₹ 140	• Science	₹ 140
• Social Science	₹ 140	• Social Science	₹ 140
• Sanskrit	₹ 120	• Sanskrit	₹ 120
• Hindi – B	₹ 140	• Hindi – B	₹ 80
• Hindi Vyakaran– II	₹ 120	• Hindi Vyakaran– II	₹ 120
• English Grammar– II	₹ 120	• English Grammar– II	₹ 120
• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100	• Sanskrit Vyakaran–II	₹ 100
• Hindi Practical	₹ 55	• Hindi Practical	₹ 55
• English Practical	₹ 55	• English Practical	₹ 55
• Maths. Practical	₹ 65	• Maths. Practical	₹ 55
• Science Practical	₹ 65	• Science Practical	₹ 70
• S. Science Practical	₹ 65	• S. Science Practical	₹ 65
• Sanskrit Practical	₹ 55	• Sanskrit Practical	₹ 55
• Maths. Practical (Combined)	₹ 90	• Maths. Practical (Combined)	₹ 75
• Science Practical (Combined)	₹ 90	• Science Practical (Combined)	₹ 75
English Medium		English Medium	
• Mathematics	₹ 200	• Mathematics	₹ 130
• Science	₹ 200	• Science	₹ 200
• Social Science	₹ 200	• Social Science	₹ 130
• Maths. Practical	₹ 80	• Maths. Practical	₹ 80
• Science Practical	₹ 80	• Science Practical	₹ 80
• S. Science Practical	₹ 80	• S. Science Practical	₹ 80

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान !

आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित।
संपादक : हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार, ***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**